You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-56 ❑ शनिवार, 23 मार्च 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



समय बहुत बलवान है और समय आएगा जब बीजेपी को भी जनता सबक सिखाएगी। जनता इंतजार कर रही है कि वोट डालने का मौका मिल जाए। मुख्यमंत्री को जेल भेजने से, न्यूज को कंट्रोल करने से इनकी जीत होने वाली नहीं है।

अखिलेश यादव

बिहार दिवस पर गृहमंत्री शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने राज्यवासियों को दीं शुभकामनाएं 11

केजरीवाल को राजनीतिक साजिश के तहत किया गिरफ्तार : आतिशी 12

# उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा कानून असंवैधानिक करार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए इस एक्ट धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया। कोर्ट ने यूपी सरकार को मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया।

हाईकोर्ट का यह फैसला दायर की गई उस रिट याचिका पर आया, जिसमें याचीकर्ता अंशुमान सिंह रठौर समेत कई लोगों ने याचिका दाखिल कर यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 और उनकी शक्तियों को चुनौती दी थी। एमिकस क्यूरी अकबर अहमद और अन्य अधिवक्ताओं ने भी कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा। इसके बाद जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाते हुए यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया। उल्लेखनीय है कि मदरसों की जांच के लिए यूपी ● शेष पेज 11 पर




**असंवैधानिक**

- ❑ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए इस एक्ट धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया
- ❑ जिसमें याचीकर्ता अंशुमान सिंह रठौर समेत कई लोगों ने याचिका दाखिल कर यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 और उनकी शक्तियों को चुनौती दी थी

## देश में अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति : आप

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को आम आदमी पार्टी आप के कार्यकर्ताओं ने यहां प्रदर्शन किया और कुछ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही पार्टी मुख्यालय पहुंचने की कोशिश की जिन्हें पुलिस ने जगह-जगह रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने जगह.जगह पार्टी के वरिष्ठ नेताओंए मंत्रियों विधायकों और पार्षदों के साथ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'आप के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने कहा आज देश में एक अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति पैदा हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सभी विपक्षी दलों को खत्म करने के लिए उनके नेताओं को या तो जेल में डाल रही है या फिर उनको डरा.धमका कर अपनी पार्टी में शामिल करा रही है। विपक्षी दलों के जो भी नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैंए उनको तो क्लीन चिट मिलते जा रही है। लेकिन जो भी नेता भाजपा की तानाशाही का विरोध कर रहे हैं उन पर अन्यायए अत्याचार हो रहा है और उनको गिरफ्तार ● शेष पेज 11 पर




## मुख्तार अंसारी को स्लो प्वाइजन देने के आरोप में, डॉक्टरों के पैनल ने किया चेकअप

एजेंसी

बांदा। पूर्वांचल का माफिया मुख्तार अंसारी बांदा जेल अधिकारियों पर लगातार कोई न कोई आरोप लगा रहा है। जिससे जेल के अधिकारी परेशान रहते हैं। इस बार उसने जेल अधिकारियों पर खाने में जहर देकर मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। कोर्ट में इस आरोप से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए जाने पर बांदा जेल में खलबली मची है। कोर्ट के निर्देश पर पहले गुरुवार और आज शुक्रवार को मुख्तार का चेकअप कराया गया है। ब्लड टेस्ट भी हुआ है। वहीं जेल अधीक्षक ने मुख्तार अंसारी के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। बहुचर्चित एंबुलेंस मामले में गुरुवार को बाराबंकी कोर्ट में मुख्तार अंसारी की पेशी थी। जिसमें मुख्तार अंसारी पेश नहीं हुए ,उनकी जगह उनके वकील की ओर से एक प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें कहा गया है कि जेल के अधिकारी उन्हें स्लो प्वाइजन देकर मारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें 16 मार्च को खाने में जहर दिया गया है। उन्हें खाना बनाने वाले रसोईया ने भी खाने का टेस्ट किया था, जिससे वह भी बीमार हो गया है। कोर्ट में दिए गए इस प्रार्थना पत्र के बाद कोर्ट ने मुख्तार अंसारी का इलाज कराने और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को जेल प्रशासन ने जिला अस्पताल के दो डॉक्टरों के पैनल से मुख्तार ● शेष पेज 11 पर



**क्राइम**

- ❑ कोर्ट के निर्देश पर पहले गुरुवार और आज शुक्रवार को मुख्तार का चेकअप कराया गया है।
- ❑ ब्लड टेस्ट भी हुआ है। वहीं जेल अधीक्षक ने मुख्तार अंसारी के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया

## कोर्ट ने आरोपित जावेद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

एजेंसी

बदायूं,। दो सगे भाइयों की हत्याकांड के आरोपित जावेद को पुलिस ने शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। हत्या के आरोप में जावेद को भीड़ ने बरेली जिले के बारादरी थाना क्षेत्र के सेटेलाइट बस स्टैंड के पास से गुरुवार को पकड़ा था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर उसे बदायूं जनपद पहुंची, जहां कई घंटे पूछताछ की। जावेद के वायरल वीडियो में अलग-अलग तरह के बयान सामने आए हैं। वायरल वीडियो में जावेद बोल रहा था कि वह घटना में शामिल नहीं था। लोगों के फोन करने के बाद वह घटना स्थल पहुंचा था। फोन की रिकार्डिंग भी उसके पास है। जावेद की भाषा बदली नजर आई। पुलिस की पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसका भाई साजिद मानसिक बीमार था। उसकी अक्सर ● शेष पेज 11 पर



## पल्लवी पटेल के बाद डॉ. संजय चौहान ने अखिलेश यादव से किया किनारा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को अभी तक अपना नेता बता रहे जनवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान ने उनसे किनारा कर लिया है। लोकसभा चुनाव में अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल के बाद डॉ. संजय चौहान ने अपने उम्मीदवारों को उतारने की घोषणा कर दी है। डॉ. संजय चौहान चर्चा में बनी हुई घोसी लोकसभा सीट पर ताल ठोकेंगे। इसके साथ ही पूर्वांचल की 10 और लोकसभा सीटों पर जनवादी पार्टी के उम्मीदवार खड़ा करेंगे। इसमें वाराणसी की सीट भी है। जनवादी पार्टी के किनारा करने पर समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा चुनाव में समाजवादी ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### विधानसभा का सत्र रद्द अगली बैठक 27 मार्च को होगी

नयी दिल्ली । पानी और सीवरेज से जुड़े मुद्दों पर शुक्रवार को होने वाली दिल्ली विधानसभा की बैठक को रद्द कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी एक बुलेटिन में कहा गया कि सदन की अगली बैठक 27 मार्च को होगी। इसमें कहा गया ल्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि माननीय अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि आज यानी 22 मार्च 2024 को होने वाली सदन की बैठक रद्द की जाती है। बुलेटिन में आगे कहा गयाए ल्राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम 17 सदन का स्थगन और पुनः बुलाने की प्रक्रियाद्ध के उप.नियम एक के अनुसरण मेंए माननीय अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि सदन की अगली बैठक 27 मार्च को सुबह 11रू00 बजे होगी। उल्लेखनीय है कि ईडी द्वारा दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात गिरफ्तार किए जाने के बाद यह बैठक रद्द की गई है।

### कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में तमिलनाडु की 4 सीटों पर लड़ने का फैसला

नई दिल्ली। तमिलनाडु की लोकसभा सीटों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई। आईएनडीआई गठबंधन में कांग्रेस कोटे की 9 सीटों में से 4 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो गए हैं। शेष 5 सीटों पर उम्मीदवारों पर फैसला 27 मार्च को सीईसी की अगली बैठक में लिया जाएगा। तमिलनाडु में कांग्रेस तिरुवल्लूर, कृष्णागिरि, करूर, कुड्डालोर, मायलादुथुराई, शिवगंगा, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली और कन्या कुमारी में लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पुडुचेरी में एक सीट पर भी चुनाव लड़ेगी।

### ममता ने की केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने इस कदम को भाजपा की हताशा करार देते हुए आरोप लगाया कि जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री से डर कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट मध्यप्रदेश लोकायुक्त नियुक्ति प्रक्रिया की जांच करेगा राज्य सरकार को नोटिस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति में विपक्ष के नेता और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के तरीके और प्रक्रिया की जांच करने का फैसला करते हुए शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी कर इस मामले में दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मध्यप्रदेश में विपक्षी दल कांग्रेस के नेता उमंग सिंघार की एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए हम मामले की जांच करेंगे।

पीठ ने अपने आदेश में मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित मुख्य दस्तावेजों को उसके समक्ष दो सप्ताह के भीतर पेश करे। याचिकाकर्ता ने याचिका में आरोप लगाया है कि इस महीने लोकायुक्त के रूप में न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह की नियुक्ति में कोई उचित परामर्श नहीं किया गया क्योंकि उनके चयन समिति के सामने केवल एक ही नाम रखा गया था। श्री सिंघार ने अपनी याचिका में कहा है कि विपक्ष के नेता होने के नाते वह लोकायुक्त की चयन समिति के सदस्यों में से एक हैं। उनसे कोई राय नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त ● शेष पेज 11 पर



- ❑ पीठ ने अपने आदेश में मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित मुख्य दस्तावेजों को उसके समक्ष दो सप्ताह के भीतर पेश करे।

## बैंक खाते सील करने के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर चुनावी बॉन्ड्स के जरिये उगाही कर अपना खजाना भरने का अरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते सील कर मुख्य विपक्षी दल को चुनाव के समय आर्थिक रूप से पंगु बनाने का काम किया है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडेय ने बताया कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पांच रायसीना रोड से शास्त्री भवन की तरफ जुलूस बनाकर और नारे लगाते हुए निकले लेकिन पुलिस ने राजेंद्र प्रसाद रोड पर भारी बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के इलेक्टोरल बॉन्ड निरस्त करने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आगबबूला है। श्री मोदी ने पहले विपक्षी नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ईडी आयकर विभाग आईटी तथा केंद्रीय जांच ब्यूरो ;सीबीआईद्ध के जरिये धमकाया और कइयों को गिरफ्तार भी करवा दिया तथा कई अन्य राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ भी की है। श्री श्रीनिवास ने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

## अरविंद केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी हिरासत में

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने केजरीवाल को दस दिनों के लिए हिरासत में भेजने की मांग की थी। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल शराब नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। ईडी को केजरीवाल के घर पर छापेमारी में कई अहम दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेज से पता चला है कि केजरीवाल ईडी अधिकारियों की जासूसी कर रहे थे। राजू ने कहा कि विजय नायर केजरीवाल के पास दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत को दिए गए घर में रह रहे थे। नायर ने साउथ ग्रुप और आम आदमी पार्टी के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई। अरविंद केजरीवाल ने साउथ ग्रुप से रिश्वत मांगी थी। इस बात की पुष्टि बयानों से होती है। केजरीवाल ने के. कविता से भी मुलाकात की थी। राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी की प्रमुख गतिविधियों ● शेष पेज 11 पर




### कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ेगा : भाजपा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि उन्हें कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ेगा। अगर आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्ट हैं तो उन्हें जेल जाना ही होगा। कानून से ऊपर कोई ● शेष पेज 11 पर

### पति की गिरफ्तारी पर पत्नी ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- सत्ता के अहंकार में मोदी ने कराया गिरफ्तार

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। पक्ष और विपक्षा दोनों के बीच जुबानी जंग जारी है। इस बीच अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ● शेष पेज 11 पर

### अपने कर्मों की वजह से केजरीवाल की हुई गिरफ्तारी : अन्ना हजारे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार की सुबह तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अन्ना हजारे इन दिनों अहमद नगर (महाराष्ट्र) में हैं। उन्होंने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने ● शेष पेज 11 पर

## मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

थिम्पू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को यहां भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मानए दि ऑर्डर ऑफ दि ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित किया गया।

भूटान की राजधानी थिम्पू के तेंद्रेलथांग में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने श्री मोदी को अपने देश के इस सर्वोच्च अलंकरण से सुशोभित किया जो जीवनकाल की उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जाता है। श्री मोदी पहले विदेशी नेता हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया है। अलंकरण के उद्धरण में कहा गया है कि यह पुरस्कार श्री मोदी की व्यक्तिगत उपलब्धियोंए नेतृत्व और भारत और भूटान के बीच मित्रता के बंधन को मजबूत करने में उनके योगदान को मान्यता देता है। यह उनके नेतृत्व में भारत के वैश्विक शक्ति के रूप में उदय का भी सम्मान करता हैए और भारत के साथ भूटान के विशेष बंधन का उत्सव मनाता है। उद्धरण में आगे कहा गया है कि श्री मोदी के नेतृत्व ने भारत को परिवर्तन के पथ पर अग्रसर किया हैए और भारत की नैतिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव बढ़ा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि यह अलंकरण भारत के 1.4 अरब लोगों को दिया गया सम्मान है और दोनों देशों के बीच विशेष एवं अद्वितीय संबंधों का प्रमाण है। भूटान नरेश ने दिसंबर 2021 में थिम्पू के ताशीछोडज़ोंग में आयोजित भूटान के 114वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान श्री मोदी को यह पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की थी। यह पुरस्कार भारत-भूटान मित्रता और उनके जन केंद्रित नेतृत्व को मजबूत करने में श्री मोदी के योगदान को मान्यता देता है। श्री मोदी भूटान की एक दिन की यात्रा पर आज सुबह पारो पहुंचे जहां से वह सड़क मार्ग से थिम्पू आये। पारो से थिम्पू तक की यात्रा के दौरान लोगों ने उनका स्वागत किया। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे उनके सम्मान में यहां दोपहर का भोज आयोजित किया। श्री मोदी ने अपने असाधारण सार्वजनिक स्वागत के लिए श्री तोब्गे को धन्यवाद दिया।

दोनों नेताओं ने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्ज़ा कृषि युवा आदान-प्रदान पर्यावरण और वानिकी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई। उनकी मौजूदगी में ऊर्ज़ा ● शेष पेज 11 पर



### मोदी ने भूटान नरेश के प्रति आभार जताया

थिम्पू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करके भूटान में उनके असाधारण सार्वजनिक स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। श्री मोदी के भूटान की एक दिन की यात्रा पर पहुंचने पर पारो से थिम्पू तक की यात्रा के दौरान लोगों ने उनका बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री और भूटान नरेश ने भारत.भूटान के बीच घनिष्ठ और अद्वितीय मित्रता पर गहरा संतोष व्यक्त किया जो परस्पर गहरे विश्वास एवं परिपक्व समझ पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच मित्रता और ● शेष पेज 11 पर

## सपा विधायक अभय सिंह को वाई श्रेणी सुरक्षा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । अयोध्या की गोसाईगंज सीट से सपा विधायक अभय सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। जिसके बाद अब उनकी सुरक्षा में सीआरपीएफ कमांडो तैनात किए जाएंगे। बता दें कि अभय सिंह ने हालिया राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को वोट दिया था। अचानक उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने को लेकर सियासी गलियारों में तमाम कयास लग रहे हैं। अभय सिंह ने क्रॉस वोटिंग करने के बाद रामलला के दर्शन किए थे। रामलला के दर्शन के दौरान विधायक अभय सिंह भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े थे। सोशल मीडिया में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उन्होंने कहा था कि वह पहले ही राम मंदिर दर्शन करने आना चाहते थे लेकिन समाजवादी पार्टी की तरफ से उन्हें रोका गया था।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरुआत 28 मार्च को करेंगे। इस दिन जयंत चौधरी अमरोहा और बिजनौर में अलग-अलग दो चुनावी सभाएं करेंगे। जयंत चौधरी 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के सामने स्थित मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसी दिन वह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हिंदू इंटर कॉलेज मैदान चांदपुर में एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान के समर्थन में जनसभा करेंगे। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सभाओं के माध्यम से जयंत चौधरी एनडीए के ● शेष पेज 11 पर



- ❑ राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में की थी क्रॉस वोटिंग

# केजरीवाल के समर्थन में खड़े हैं भ्रष्टाचार के आरोपी नेता : मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ईडी द्वारा गिरफ़्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के समर्थन में वही नेता खड़े हैं जो भ्रष्टाचार के आरोपित हैं या ज़मानत पर हैं। अथवा कोई बड़ा घोटाला किए हैं, जिसके उजागर होने पर यही हश्र उनका भी होगा, इसी डर के कारण एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया कि 'चोर-चोर मौसेरे भाई'। चोरी और सीनाज़ोरी अरविंद केजरीवाल ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजनीति में भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाया। भ्रष्टाचार का दानव भारत को विकसित नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के अंत की शुरुआत की, जिसका समर्थन संपूर्ण भारत कर रहा है। भ्रष्टाचार रूपी असुर का अंत करने वाला 2024 लोक सभा चुनाव है।

कंग्रेस नेताओं द्वारा जांच एजेंसियों पर आरोप लगाने पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि चुनाव में पराजय की स्क्रिप्ट मात्र है। इनके सभी बड़े नेता चुनाव लड़ने से मना कर रहे, बाक़ी पार्टी छोड़ रहे हैं। इंडी नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने से वोट मिलना तो दूर ज़मानत भी नहीं बचेगी। इतिहास में दर्ज है कि कांग्रेस जब सत्ता में होती है, तब देश को आपातकाल झेलना पड़ सकता है और जब वह सत्ता से बाहर होती है, तब तो उसके हिसाब से देश में लोकतंत्र ही नहीं होता। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें जीतेगा ये जनता की अदालत है। इसका फैसला आने वाला है। खिलाएं कमल बार-बार। फिर एकबार मोदी सरकार।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन का प्रयास, पुलिस ने रोका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को परिवर्तन चौक पर एकत्रित हो कर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों से संख्या में कम रहे पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू ही की, तभी उन्हें हिरासत में ले लिया गया। प्रदर्शन करने आये कार्यकर्ताओं के विरुद्ध पुलिसकर्मियों की सक्रियता देखते हुए कुछ कार्यकर्ता मौके से भाग निकले।

परिवर्तन चौक पर एकत्रित होकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के पक्ष में प्रदर्शन करने की घोषणा आम आदमी पार्टी के लखनऊ के पदाधिकारियों ने की थी। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही शहर के तीन थाना क्षेत्रों के पुलिसकर्मियों की परिवर्तन चौक के चारों ओर तैनाती कर दी गयी। जैसे ही एक बजे के करीब कार्यकर्ता परिवर्तन चौक पहुंचे और कुछ करने की स्थिति में आते उसके पहले ही पुलिसकर्मी उनकी ओर बढ़ चले।

हिरासत में लिये जाने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को व्रज वाहन में भरकर इको गार्डन की ओर भेज दिया गया। वहीं, प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की भी कवायद तेज हो गई। प्रदर्शनकारियों पर शहर में धारा 144 लागू होने के कारण उसके उल्लंघन का भी मामला जुड़ रहा है।

# मेघालय में अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराए गए लखनऊ के अखिलेश, परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी मेकैनिक एवं सुपरवाइजर अखिलेश सिंह चौहान को सकुशल मुक्त करा लिया गया है। इसके बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है।

लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं। अपराधियों ने उनका अपहरण कर 50 लाख की फिरौती मांगी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की और अखिलेश को मुक्त कराने का आग्रह किया। योगी की तत्परता के बाद हरकत में आई मेघालय पुलिस ने दक्षिण गारो हिल्स (बाघमारा) जिले के जंगल से अखिलेश को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अपहरणकर्ता अखिलेश को छोड़ने के बदले पुल निर्माण कंपनी से 50 लाख रुपये वसूलना चाहते थे।

# प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन छात्रों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु जागरुक किया जाए : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आमजन को जलपात्रों की साप्ताहिक सफाई करने के लिए प्रेरित किया जाये, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए-अविनाश



मैनपुरी 22 मार्च, 2024- जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक के दौरान कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव की दिशा में कार्य करें, विगत कुछ वर्षों में जनपद में डेंगू के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुयी है, गत वर्षों में जिन क्षेत्रों, ग्रामों, वार्डों में डेंगू के मरीज मिले हैं, उन क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरती जाये। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि अभियान के दौरान वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को संचारी रोग से बचाव हेतु बरती जाने वाले सावधानियों के बारे में जागरूक किया जाए, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में कहीं भी जल-भराव की स्थिति न हो, विद्यालय परिसर, विद्यालय के बाहर की नालियों की प्रतिदिन सफाई हो, उसमें एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए, विद्यालय परिसर से जल निकासी के बेहतर प्रबंध किए जाएं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, विद्यालय परिसर में स्थापित पानी की टंकियों की सफाई करायी जाए, विद्यालय परिसर में मच्छर रोधी पौधे लगवाये जाए। श्री सिंह ने कहा कि सतर्कता से वेक्टर जनित बीमारियों से बचा जा सकता है, डेंगू से घबराएं नहीं बल्कि जल पात्रों की साप्ताहिक सफाई करें, डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पैदा होता है और दिन में कटता है, इसलिए घर के जल पात्रों में पानी जमा न होने दें, पानी के बर्तन को ढककर रखें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरदानी का प्रयोग करें, फ्रिज की ट्रे, कूलर, पानी की टंकी, गमलों की साप्ताहिक रूप से सफाई की जाये तो इस वेक्टर जनित बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है, पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्र के पशुपालकों को पशु बाड़ों की सफाई करने के लिए जागरूक करें, पशु बाड़े यथा संभव आबादी से दूर बनाये जायें। उन्होने प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि बी.एच.एन.डी. सत्र प्रत्येक दशा में निर्धारित दिवस को आयोजित हों, कोई भी लक्षित बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत टीकाकरण कर उसे प्रतिरक्षित किया जाये, दस्तक अभियान के दौरान आशा, ए.एन.एम. घर-घर जाकर जानकारी करे, बुखार से पीड़ित, क्षय रोग के लक्षण, कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करें। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि तत्काल कार्ययोजना बनाकर कार्ययोजना के तहत कार्य करें, तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाने हेतु जागरूक करें, वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल-भराव को रोकने, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जाये।

## कलेक्ट्रेट में पूछताछ केन्द्र के खुलने का वक्त पूछते लोग

लखनऊ। लखनऊ में कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष संख्या एक को पूछताछ केन्द्र बनाया गया है। जहां से जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के कक्ष क्रमांक और उपलब्धता की जानकारी मिल सके। पूछताछ केन्द्र बने होने के बावजूद कलेक्ट्रेट पहुंचने वाले लोगों को इस सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा। अक्सर ही पूछताछ केन्द्र के बंद होने के कारण लोग यही पूछते हैं कि पूछताछ केन्द्र खुलने का क्या समय निर्धारित है।इ पूछताछ केन्द्र के लिए दो कर्मचारियों की तैनाती है। जिनके नाम और नम्बर बाहर की ओर दीवार पर लिखे हुए है। दोनों ही कर्मचारी पूछताछ केन्द्र का ताला समय से नहीं खोलते और न ही समय से बैठे ही मिलते हैं। जिससे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को किसी जानकारी के लिए भटकना पड़ता है। वहीं दोनों कर्मचारियों को फोन किये जाने के बाद भी वे सही उत्तर नहीं देते। सुबह 10 बजे से सायंकाल पांच बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में अपने निजी कार्यों से हजारों की संख्या में लोग आते है। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट पहुंचें एलडीए कर्मचारी विजय ने कहा कि उन्हें एसडीएम कब बैठते है, ये जानना था।

# पीडीए किसी की जेब का एजेंडा नहीं है बल्कि एक मिशन है : पल्लवी पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सपा के सामने मीरजापुर सीट से अपना उम्मीदवार उतारने पर अड़ी अपना दल कमेरावादी




लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के अपना दल (कमेरावादी) से 2024 में गठबंधन न होने की बयान को लेकर दोनों ही दलों के नेताओं के बयानों का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपना दल (कमेरावादी) की नेता व सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता की।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में सपा के मीरजापुर सीट पर उम्मीदवार घोषित किए जाने के बावजूद उनकी पार्टी मीरजापुर के अलावा फूलपुर और कौशाम्बी सुरक्षित सीट से अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारेगी।

अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन धर्म पूरा न करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) किसी की जेब का एजेंडा नहीं है, पीडीए एक मिशन है और इस मिशन के साथ अपना दल (कमेरावादी) 2024 के चुनाव मैदान में मजबूती से उतरेगी।

पल्लवी पटेल ने आगे कहा कि हमारी पार्टी की ओर से गठबंधन का हर संभव रास्ता अपनाया गया है। इसको लेकर ही अपना दल (कमेरावादी) की ओर से तीन सीटों पर प्रस्ताव रखा था। प्रस्तावित सीटों पर चुनाव लड़ने की जानकारी समाजवादी और कांग्रेस पार्टी को बताई थी। अब कांग्रेस तय करें कि पिछड़ों के नेता के साथ हैं या नहीं।

एक सवाल का जवाब देते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि मैं अपना दल गठबंधन की विधायक हूं। समाजवादी पार्टी के सिंबल पर लड़ी जरूर थी लेकिन मैं कहीं से भी सपा विधायक नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मेरी सदस्यता छीनने के अधिकार सपा के पास है, वह फैसला लें।

# कॉस्मेटिक दुकानदार की धारदार हथियार से काटकर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के थानाक्षेत्र मैं स्थित नहर की पटरी पर उस समय सनसनी फैल गई जिस समय धारदार हथियार से कटा हुआ युवक का शव नहर की पटरी पर पड़ा हुआ मिला। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पंचायत नामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव में लगी चोटो के निशानो को देखते हुए युवक की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की बारीकी थी जांच पड़ताल कर रही है। मामला औंछा थाना के गाँव नगला वंशी के समीप नहर की पटरी के पास से जुडा है।जानकारी के अनुसार सर्वेश पुत्र विजय सिंह शाक्य उम्र 35 बर्ष गाँव सैदपुर थाना जसराना का निवासी है। जो कि औंछा थाना क्षेत्र के गाँव मोहकमपुर में अपनी कॉस्मेटिक की दुकान संचालित करता था। रोजाना वह अपनी दुकान बंद करके अपने घर चला जाता था लेकिन बीती रात वह दुकान से घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई और उन्होंने उसकी बहुत खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। आज सुबह उसका शव उसके शरीर पर लगी कई कटी हुई गंभीर चोटों से लगा हुआ नगला वंशी के पास नहर की पटरी के पास पड़ा हुआ मिला। जिसे देखते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पंचायत नामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मची हुई है वही परिवार में आकस्मिक हुई नवयुवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## अभियोजन गवाह से बचाव पक्ष ने जिरह का मांगा अवसर

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता । बलवंत हत्याकांड मामले की सुनवाई माननीय अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है।गुरुवार को मामले में छह आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने अभियोजन गवाह से जिरह के लिए पूर्व में अवसर समाप्त हो जानें पर पुनः अवसर की मांग करते हुए अदालत में प्रार्थनापत्र दिया वहीं वादी पक्ष से विवेचना में क्लीनचिट पाए दो आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मांग करते हुए प्रार्थनापत्र दिया गया।अब अदालत ने मामले में प्रार्थनापत्र पर आपत्ति व सुनवाई के लिए 28 मार्च की तिथि नियत की है। शिवली के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया था, जिस पर तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की सुनवाई माननीय अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जीतेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि मामले में पिछली तिथि पर छह आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष के अभियोजन गवाह गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह से जिरह न करने पर अदालत ने उनका जिरह का अवसर समाप्त कर दिया था।गुरुवार को चार आरोपियों राजेश कुमार ,अनूप कुमार, दुर्वेश कुमार व ज्ञान प्रकाश ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में प्रार्थनापत्र देकर गवाह से जिरह के लिए अवसर दिए जाने की मांग की है।वहीं वादी पक्ष की ओर से विवेचना में क्लीनचिट पाए तत्कालीन रनिया थानाप्रभारी शिव प्रकाश सिंह व सिपाही महेश गुप्ता को अदालत तलब कर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग करते हुए प्रार्थनापत्र दिया गया है।इसपर अदालत ने दोनों पक्षों के प्रार्थनापत्र पर आपत्ति व सुनवाई के लिए 28 मार्च की तिथि नियत की है।

## लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न

(कानपुर देहात ) कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिठमरा मंडल के बजरंग गेस्ट हाउस में आयोजित लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष अवधेश कमल की अध्यक्षता में संपन्न हुई भाजपा की चुनाव संचालन समिति की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीत बनाते हुए कार्यकर्ताओं को अपना बूथ मजबूत करने का संकल्प दिलाया गया 41 लोकसभा इटावा से हर हाल में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर रामशंकर कठेरिया को जिताने का संकल्प लिया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अवधेश कमल, पंकज शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवनारायण बाजपेई, राकेश शर्मा ,कपिल शुक्ला , युवा मोर्चा अध्यक्ष राज अग्निहोत्री ,जागेंद्र सिंह, निखिल सिंह, सत्येंद्र सविता ,पंकज चौहान, प्रेम नारायण मिश्रा, रमेश वर्मा रामकुमार कुशवाहा, सुनील ,कुलदीप कमल ,अखिलेश सिंह सत्येंद्र पाठक, अभिषेक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे

## प्रथम सेमीफाइनल मैच मे जनपद कानपुर देहात ने झांसी को हराकर हासिल की जीत

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता। कानपुर जोन की 26वीं अन्तर जनपदीय जोनल पुलिस बालीबॉल, बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, योगा, टेबिल टेनिस एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता वर्ष–2024 का आयोजन जनपद कानपुर देहात में दिनांकः 20.03.2024 से 22.03.2024 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्राउण्ड कानपुर देहात में कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जोन के समस्त जनपदों कमिश्नरेट कानपुर नगर, जनपद कानपुर देहात, इटावा, कन्नौज, औरैया, फतेहगढ़, झॉसी, जालौन एवं ललितपुर कुल–09 टीमों ने प्रतिभाग किया गया है। आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन दिनांक 21.03.2024 को उपरोक्त प्रतियोगिताओं के मैचों मेपुरूष वर्ग मैच–हैण्डबाल प्रतियोगिता पुरूष वर्ग मैच मेप्रथम सेमीफाइनल मैच जनपद झॉसी व जनपद कानपुर देहात के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर देहात 14–06 से विजयी रहा, द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद कानपुर नगर व जनपद फतेहगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर नगर 16–04 से विजयी रहा.... फाइनल मैच जनपद कानपुर नगर व जनपद कानपुर देहात के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर नगर 15–12 से विजयी रहा तथा चल वैजन्ती शील्ड अपने नाम की। टेबिल टेनिस प्रतियोगिता पुरूष वर्ग मैच/परिणामप्रथम सेमीफाइनल मैच जनपद झॉसी व जनपद कानपुर नगर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर नगर 02–01 से विजयी रहा, द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद कानपुर देहात व जनपद इटावा के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर देहात 02–01 से विजयी रहा, फाइनल मैच जनपद कानपुर नगर व जनपद कानपुर देहात के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर नगर 02–01 से विजयी रहा तथा चल वैजन्ती शील्ड अपने नाम की, सेपक टकरा प्रतियोगिता पुरूष वर्ग मैच मेरा मेप्रथम सेमीफाइनल मैच जनपद कन्नौज व जनपद कानपुर नगर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद कानपुर नगर 02–01 से विजयी रहा द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद कानपुर देहात व जनपद झॉसी के मध्य खेला गया।

# सिठमरा में मीना मंच के बच्चे बोले जल है तो कल है भविष्य के लिए जल बचाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रूरा (कानपुर देहात)। शांति के लिए जल का लाभ विषय पर आयोजित जल संरक्षण संदेश में शामिल बच्चों से प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि गंगोत्री हिमनद पच्चीस से तीस मीटर प्रति वर्ष सिकुड़ रहा है जिससे समुद्र तटीय देश डूबेंगे, डूबते हुए देशों के लोग दूसरे देशों में घुसेंगे जिससे युद्ध का खतरा बढ़ेगा उक्त बातें प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कही इस अवसर पर नेपाल से गांधी पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि हर व्यक्ति अगर बीस लीटर पानी प्रतिदिन प्रयोग करता है तो एक सौ तीस करोड़ की जनसंख्या वाले देश में पानी की सर्व सुलभता के लिए शुद्ध जल बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जल संरक्षण एक्ट 1974 की धारा 41 से जल प्रदूषण फैलाना दण्डनीय अपराध है। शिक्षक गुंजन पाण्डेय ने कहा कि दैनिक जल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण मात्रा में पानी बचाया जा सकता है। पानी बचत की शुरुआत घर से करनी पड़ेगी जैसे शेविंग /ब्रश करते वक्त नल को खुला ना छोड़ें छोड़ें। आ रो प्यूरीफायर से निकलने वाला वेस्ट पानी का संग्रह करें ,उसे बर्तन या कपड़ा धोने में इस्तेमाल करें। अनुदेशक प्रियंका यादव ने कहा कि ए सी से निकलने वाले पानी को स्टोर करें और उसे गार्डनिंग में इस्तेमाल करें। घर की छत में बनी पानी की टंकी को ओवरफ्लोर ना होने दें। इस तरह छोटे-छोटे उपाय अपना कर हम पानी को बचा सकते हैं। बच्चों में खुशहाली,प्रान्शी, शिवानी,तान्या, पारुल,शिखा, दीक्षा, संध्या, आकांक्षा आदि उपस्थित थे

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मैनपुरी । डॉ0 भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी प्राचार्य डॉ0 एस पी सिंह के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर ग्राम झिझाई में चल रहे विशेष शिविर का शानदार समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 एस पी प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राम पाल सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि प्रो़फ़ेसर गण द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। एनएसएस लक्ष्य गीत ''उठे समाज के लिए उठे उठे'' द्वारा शुरुआत होने पर स्वयंसेवकों द्वारा भाषण, नाटक, नृत्य ,कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा विस्तार से विगत 7 दिन से कराए जा रहे कार्यक्रमों की प्रस्तुतिकरण की गई। सात दिवसीय विशेष शिविर की व्याख्या कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयप्रकाश यादव ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ0 एस पी सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज एवं राष्ट्र की सेवा परम लक्ष्य होना चाहिए। संकट के समय समाज की सेवा हेतु तत्पर रहें एवं अपने कर्तव्य, अनुशासन में रहकर समाज कार्य हेतु आगे बढ़े। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राम पाल सिंह ने कहा कि एनएसएस शिविर के दौरान जो कुछ सीखा जाता है वह जीवन पर्यंत काम आता है इसका अपने जीवन में अनुसरण करते हुए दूसरों के काम में योगदान दें। असिस्टेंट प्रो़फ़ेसर जगजीवन राम ने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य शिक्षा, संस्कार एवं समाज व राष्ट्र की सेवा हेतु एक बड़ा मंच है। इसमें जो कुछ देखा व सीखा जाता है वह जीवन पर्यंत काम आता है। सात दिवसीय विशेष शिविर समापन कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि एनएसएस का सिद्धांत वाक्य ''में नहीं आप''। इसी में सब समाहित है जो कुछ विशेष शिविर के दौरान सिखा गया है वह जीवन पर्यंत काम आता है। अनुशासन में रहकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा के प्रति तत्पर रहें। संकट के समय अपने कर्तव्य एवं मूल्यों का समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण एनएसएस का मूल उद्देश्य है।कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक आर्यन देव एवं नब्या यादव ने किया।

# आगामी चुनाव के मद्देनज़र चुनाव आयोग के पदाधिकारियों ने पार्टियों के साथ की अहम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सम्बंध में आज ज़िला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार के द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन की तैयारियों और जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन करने में सम्बंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभी हम जब भी आप लोगो के साथ बैठक करते थे तो वोटिंग लिस्ट या बूथो को लेकर समीक्षा की जाती थी। परंतु आज की बैठक आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु की जा रही है, क्योकि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता को लागू किया जा चुका है। आचार संहिता लागू होने के बाद यह हमारी पहली बैठक है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि नामांकन की प्रक्रिया 26 अप्रैल से लेकर 03 मई तक चलेगा। उसके बाद का पीरियड मिलेगा चुनाव प्रचार के लिए और उसके बाद 20 मई को मतदान है। 20 मई के मतदान के बाद 04 जून को कॉउंटिंग है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसके अनुसार हम पूरे जनपद की कैलेन्डर आफ एक्टिविटी भी बना रहे है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि इस दौरान जहाँ भी हमे आप के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी आप लोगो से सम्पर्क किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया की सभी लोग आदर्श आचार संहिता से संबंधित जानकारी अभी से कर ले। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में जो भी दिशा निर्देश जारी किए है उनकी बुकलेट प्रिंट कर के भाली भांति अध्ययन करना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया की अचार संहिता को लेकर यदि कोई संशय/भ्रम है तो इसके लिए निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करते हुए समस्या का समाधान कराए। उन्होंने बताया की निर्वाचन से संबंधित अनुमतियां प्राप्त करने के लिए सुविधा पोर्टल और आदर्श आचार संहिता के उलंघन से संबंधित शिकायते दर्ज कराने के लिए सी विजिल पोर्टल के बारे में भी विस्तार से बताया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की अब मतदाता सूची का सतत पुनरीक्षण चल रहा है। जिन लोगो के नाम अभी भी मतदाता सूची के नही जुड़े है वह ऑनलाइन माध्यम से फार्म 6 के द्वारा आवेदन कर सकते है। आगामी 1 अप्रैल 2024 को एक स्लीमेंट्री वोटर जारी की जाएगी जिसमे अभी की अवधि के आवेदन होंगे। इस अवधि के दौरान केवल फार्म 6 के द्वारा नाम जोड़ने और फार्म 8 के द्वारा शिफ्टिंग के ही आवेदन किए जाएंगे। संशोधन और नाम विलोपन के लिए आवेदन नही किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 14 नए बूथ मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में बनाए गए है। सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई के उनके द्वारा भी लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि वह VIP, VVIP मतदाता जैसे जज, मेयर, सांसद, विधायक, IAS, IFS, आईपीएस, घण्टू एवं सभी निगमो के लोगो, अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य, पार्षद एवं गणमान्य व्यक्तियों के नाम वोटर लिस्ट में जांच कर ले अगर कोई गलती हो या नाम मतदाता सूची में न हो तो तुरन्त अवगत कराएं। साथ ही अपने क्षेत्रों ऐसे लोगो को भी चिन्हित करें जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में नही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया गया कि वोटर लिस्ट पर पूर्ण ध्यान दे। सही वोटर लिस्ट पारदर्शी चुनाव के लिए बहुत की आवश्यक है। जिसके पश्चात ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए अनुरोध किया गया और आचार संहिता के अंतर्गत आने वाले निर्देशो से अवगत कराया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, सहायक ज़िला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, सी0टी0ओ0, सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, समस्त क्टग व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर समारोह का हुआ समापन

बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर समारोह का समापन महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना में सम्पन्न हुआ।समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य समन्वयक प्रो0अमरेन्द्र कुमार,लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0(डॉ) शहला नुसरत किदवई ने किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेन्द्र यादव ने विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की।विशेष शिविर की थीम थी ''वोट जरूर डालेंगे हम।स्वयं सेवकों ने ग्राम असनहां में सर्वे,नुक्कड नाटक, मतदाता जागककता रैली से लोगों को जागरूक किया।'सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक,ज्योती यादव को चुना गया।स्वयं सेवकों का उत्साह बढाने के लिए प्राध्यापकगण,कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक ज्योती यादव एवम संजना रावत ने किया।

## परवरिश स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ खेली फूलों की होली

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निराला नगर स्थित परवरिश स्कूल में शुक्रवार को होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य महन्त देव्या गिरि, स्वामी कौशिक चैतन्य तथा आशीष सिंह चौहान बॉलीवुड एक्टर मौजूद रहे। जिन्होने स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ बड़े धूमधाम से फूलो की होली खेली। वहीं स्कूल की संचालिका डॉ कुसुम कमल ने सभी को इस पावन पर्व को मनाए जाने का कारण और उद्देश्य बताया।

## फर्जी कागजात तैयार कर जमींन बेचने वाले दो जालसाजों को मोहनलालगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

### बीस-बीस हजार के इनामिया थे दोनो आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।मोहनलालगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी फर्जी कागजात तैयार कर जालसाजी करने वाले दो जालसाजो को पुलिस ने शुक्रवार को किया गिरफ्तार है।पकडे गये आरोपियो पर पुलिस ने बीस बीस हजार के इनाम की घोषणा की थी। वहीं पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के रिंग रोड तेलीबाग के मिथिलेश पाठक ने नवंबर 23 को भिण्ड मध्य प्रदेश के अतुल सिंह राजावत व मेहारपुर आजमगढ के नवीन सिंह पर कूटरचित दस्तावेजो को तैयार कर उनकी जमीन बेचने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मोहनलालगंज थाने मे मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपीयो की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन दोनो आरोपी फरार हो गए थे। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने अनुज को शुसान्त गोल्फ सिटी से गिरफ्तार के इनके पास से लाईसेंसी राईफल बरामद की जबकि दुसरे आरोपी नवीन को सुबह गोसाईगंज के अमेठी कस्बे से लाईसेंसी रिवाल्वर समेत गिरफ्तार कर लिया। किए गए गिरफ्तार दोनो आरोपियो को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया है। आरोपी अनुज पर लखनऊ के विभिन्न थानो मे धोखाधडी व धमकाने के सात मामले दर्ज है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

## बीकेटी में नए क्रिकेट ग्राउंड का फीता काटकर हुआ उद्घाटन



बीकेटी,कैनविज टाइम्स संवाददाता । बख्शी का तालाब स्थित किसान पथ इंदौराबाग में क्रिकेट एकेडमी ऑफ पठान्स का नए क्रिकेट ग्राउण्ड का उदघाटन किया गया।कार्यक्रम के मौके पर बख्शी का तालाब नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत व एकेडमी की निदेशक निधि रस्तोगी,सेंटर हेड शास्वत प्रसाद ने फीता काटकर खेल मैदान का शुभारंभ किया।इस मौक़े पर सेंटर हेड शास्वत प्रसाद ने कहा कि बख्शी का तालाब जैसे कस्बे में एक अच्छी एकेडमी देखकर काफ़ी उत्साहित हूं,बीकेटी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है,बस उन खेल प्रतिभाओं को एक अच्छा मार्गदर्शन व मौका मिलने की जरूरत है,इस अकादमी से भविष्य में निश्चित तौर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ी पहुचेंगे। जिसके बाद एकेडमी के खिलाड़ियों के द्वारा एक मैच भी खेला गया।जिसका अतिथियों ने लुफ्त उठाया।

## त्यौहारो के मद्देनजर इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने निकाला फ्लैग मार्च



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के पश्चिमी जोन में आगामी लोकसभा चुनाव , होली और रमजान को देखते हुए पश्चिमी जोन पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। पैदल मार्च से लोगो के बीच पुलिस की मौजूदगी का संदेश दिया गया।और संदिग्ध लोगों परिस्थितियों पर भी पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर है। इसी को लेकर थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में डीसीपी पश्चिमी जोन डॉ दुर्गेश कुमार , एडीसीपी पश्चिमी जोन विश्वजीत श्रीवास्तव , एसीपी चौक राज कुमार सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के साथ सभी चौकी प्रभारियों और भारी सीआरपीएफ बल के साथ संवेदनशील इलाके में निकाला फ्लैग मार्च। गस्त के दौरान पोलिंग बूथ का भी इंस्पेक्टर ने भारी पुलिस बल के साथ किया निरीक्षण।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने संवेदनशील स्थान और मतदेय स्थल पर भी निकाला फ्लैग मार्च।

इसके साथ इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने भी यह बताया कि सभी अधिकारियों के आदेशों पर ठाकुरगंज पुलिस पूरी तरह क्षेत्र में चौकन्ना है हमारा काम क्षेत्र के लोगो को उनकी सुरक्षा का अहसास दिलाना है। और अपराधियों के दिल मे पुलिस का डर पैदा करना , अपराध पर काबू पाने के लिए संवेदनशील क्षेत्र में हमारी पुलिस मुस्तैद है। सीआरपीएफ बल के थाना ठाकुरगंज पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार होली,आसन्न लोकसभा चुनाव,19वी/21वीं रमजान जुलूस, मिश्रित आवादी व संवेदनशील स्थानों/मतदेय स्थलों/जुलूस के मार्गो जैसे बालागंज ,जल निगम रोड,कैम्पवेल रोड़ , हरिनगर, गऊघाट रोड आदि स्थानों पर निकाला गया फ्लैग मार्च।

## क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में खेल दिवस पर विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



सरोजनीनगर। क्षेत्र केशांति नगर स्थित क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में स्पोर्ट डे मनाया गया। खेल दिवस का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन इंजीनियर योगेंद्र सचान ने फीता काटकर किया।योगेंद्र सचान ने सभी फैकल्टी और स्टाफ मेंबरों को संबोधित कर बताया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की ओर भी रुचि रखनी चाहिए। खेल से बच्चों में मानसिक और शारीरिक विकास संभव होता है। खेलों के3 प्रति रुझान रखने वाले बहुत से युवा अपना भविष्य भी बना रहे हैं। पीटीआई पंकज सिंह के नेतृत्व में खेलों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी हुए छात्र-छात्राओं में आफताब खान अनंत ओम शर्मा, अहम अवस्थी और प्राइमरी छात्र वर्ग में अजेश, प्राजंल, मयंक व छात्रा वर्ग में सौम्या निषाद, तुषार्या, अनंत्या विजयी विजई रहे। कॉलेज के चेयर मैन योगेंद्र सचान ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इंजीनियर योगिन सजाने के लिए प्रतियोगिता के लिए बच्चों को तैयार करने वाले शिक्षकों को भी बधाई देकर सम्मानित किया।

## सड़क हादसे में घायल दिखे पीड़ितो को देखकर रुके मंत्री संजय निषाद, अपनी गाड़ी में बैठाकर सीएचसी में कराया भर्ती



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद संतकबीर नगर के भ्रमण के दौरान रात्रि 7:15 बजे खलीलाबाद से मेहदावल के लिए जा रहे थे कि इस दौरान उन्हें मेहदावल चौराहे से पूर्व एक एक्सीडेन्ट सड़क हादसे में एक युवक और एक बुजुर्ग रास्ते में गंभीर रूप से घायल मिले। जिस पर मंत्री संजय निषाद ने स्वयं रुककर घायलों का हाल चाल जाना और उन्होंने अपनी ही गाड़ी से मेहदावल सीएचसी में लेकर गये और भर्ती करवाया। भर्ती कराने के बाद उन्होने मेधावल सीएससी इंचार्ज को समुचित बेहतर उपचार के लिए निर्देशित किया। वहीं उन्होंने जिलाधिकारी संत कबीर नगर को मामले से अवगत करवाया और पीड़ितों के बेहतर उपचार के लिए निर्देशित भी किया है।

## सेण्ट वारिस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सेण्ट वारिस एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित सेण्ट वारिस पब्लिक स्कूल, एकता नगर, राबरेलीरोड, लखनऊ में विद्यालय का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। दीप जलाकर नगर के समाजसेवी रघुबर दयाल शुक्ला ने कार्यकरम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना, सरस्वती वन्दना के साथ हुआ जिसमें प्रियांशी, अहम, अंकिता, सोनी, प्रतिज्ञा आदि बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद स्वागत गीत रिया और नैना द्वारा प्रस्तुत किया गया। सोलो डांस अद्विका, रोली - पोली, छोटा बच्चा जान के, टैडी बियर - टैडी बियर कविताओं पर नन्हें - मुन्नो ने सभी का मनमोह लिया। शिक्षा के प्रति बच्चो को प्रेरित करने वाला गीत स्कूल चलें हम में आर्यन, आरोही, आयुष आदि ने प्रस्तुति दी। इट्स टाइम टू डिस्को गीत पर पृथ्वी, आस्था, गौरवी, अवन्तिका आदि छात्रों नेशानदार प्रस्तुति दी। हास्य नाटक में सौरभ, हिमांशु, सपना और भावना आदि छात्रों ने एवं योग का प्रेरित करने वाला नृत्य में नितेश, प्रफुल्ल और आकाश आदि छात्रों ने प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया के गुण - दोष दर्शाने वाला नाटक में आभा, नैना, लॉरेंस, प्रिंस और आदर्श छात्रों ने खुब तालियां बटोरीं। बेटियों को शिक्षित एवं सुरक्षित रखने का संदेश देते हुए बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ नाटक में वर्तिका और ऑचल का प्रदर्शन बहुत सराहनीय रहा।

## मन्दिर का गेट बंद होने से भक्त नहीं कर पा रहे पूजा अर्चना, आक्रोश

रहीमाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामजानकी मन्दिर के पुजारी के भाग जानें से परेशान दर्शनार्थियों ने मन्दिर का ताला खुलवाए जानें की थाने पर तहरीर दी है। रहीमाबाद गहदों मार्ग पर प्राचीन रामजानकी मन्दिर है। जिसपर पुजारी रामप्रसाद दास पूजा अर्चना करते है। पुजारी कई दिनों से आसपास के दुकानदारों को गालियां देकर प्रताड़ित करते हुए मन्दिर के मेन गेट पर डाला डाल दिया। जिससे पूजा अर्चना करने वाले दर्शनार्थी बिना पूजा किये ही वापस लौट जाते है। दर्शनार्थियों का आरोप है कि पुजारी ताला बंद कर कहीं चले गये है। जब उनसे फोन पर संपर्क किया जाता है तो वह नहीं आने की बात कहते है। मेन गेट पर ताला बंद होने से दर्शनार्थी पूजा अर्चना नहीं कर पा रहे है।

## मैनपुरिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में मनाया गया वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एएलवाई मैनपुरिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस हर्ष नगर बुद्धेश्वर लखनऊ का वार्षिकोत्सव का आयोजन डीबीएल लॉन आदर्श विहार में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का सुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक हरि प्रकाश यादव,प्रधानाचार्य पिंकी शुक्ला,शिव प्रसाद पांडेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।कार्यक्रम के मुख्यातिथि सेवानिवृत डिप्टी एसपी श्यामा कांत त्रिपाठी द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया,तथा उनके उज्जवल भविष्य की सुभकामना भी दी। गत वर्ष मैट्रिक परीक्षा में अपना परिचाम लहराने वाली मुस्कान यादव(92.4%)को प्रथम वा द्वितीय पुरस्कारआंचल यादव(92%)तथा तृतीय पुरस्कार अंशिका वर्मा(91.1%) को देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा विद्यालय के अन्य छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया।

## सैमसंग ने भारत में लांच किया गैलेक्सी A55 व A35 मोबाइल सीरिज

### 30 मिनट तक ताजे पानी में रहेगा सुरक्षित, गिरने से भी नही रहेगा डिस्प्ले टूटने का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। सैमसंग ने जबरदस्त इनोवेशन वाले गैलेक्सी A55 5G और गैलेक्सी A35 5G को लॉन्च करने की घोषणा की है। नई ए सीरीज के डिवाइस में कई प्रमुख फीचर्स दिए गए हैं, जिसमें गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन, एआई संवर्धित कैमरा फीचर्स और टैंपर-प्रतिरोधी सुरक्षा समाधान, सैमसंग नॉक्स वॉल्ट समेत कई अन्य नए फीचर्स शामिल हैं। डायरेक्टर अक्षय गुप्ता ने कहा कि गैलेक्सी ए सीरीज पिछले दो वर्षो से भारत में सबसे अधिक बिकने वाली स्मार्टफोन सीरीज रही है, जो भारत के एमजेड उपभोक्ताओं के बीच इसकी जबरदस्त लोकप्रियता का प्रतीक है। गैलेक्सी A55 5G और A35 5G का लॉन्च प्रमुख इनोवेशन को सभी के लिए सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गैलेक्सी A55 5G में 12G B रैम की पेशकश के साथ ये सभी सभी फीचर्स डिवाइस को इस प्राइस सेगमेंट में गेम चेंजर बनाते हैं।

बेहतरीन डिजाइन और टिकाउपन

पहली बार, गैलेक्सी A55 5 क्क को मेटल फ्रेम में और गैलेक्सी A35 5G को प्रीमियम ग्लास बैक के साथ पेश किया गया है। ये फोन तीन ट्रेंडी रंगों - ऑसम लिलैक, ऑसम आइस ब्लू और ऑसम नेवी में उपलब्ध हैं। इन्हें IP67 रेटिंग दी गई है, जिसका मतलब है कि ये 1 मीटर ताजे पानी में 30 मिनट तक रह सकते हैं। साथ ही ये धूल और रेत प्रतिरोधी भी हैं।

## आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: एसीपी

### आगामी होली व ईद को लेकर थाना परिसर में सम्पन्न हुई पीस कमेटी की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। आगामी त्योहार होली और ईद उल फित्र पर्व को पूर्व की भांति सकुशल संपन्न कराने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त वीरेंद्र विक्रम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सभी धर्म गुरुओं,ग्राम प्रधान,सभासद सहित संभ्रांत लोगो से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील की गई। शुक्रवार को मलिहाबाद थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त वीरेन्द्र विक्रम ने कहा कि आगामी त्योहार होली व ईद उल फित्र के पर्व को सभी लोग आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। मलिहाबाद का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी आम की मिठास के लिये प्रसिध्द है। यहां की गंगा जमुनी तहजीब हमेशा कायम रही है। इसी को कायम रखते हुए इस बार भी सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। आप सभी लोग अपने घर व आसपास के नवयुवकों पर ध्यान दे कि वो वाहनों को नियमानुसार चलाये। अक्सर नवयुवक त्योहारों में बिना हेलमेट मोटरसाइकिल की रेस लगा लेते है जिससे दुर्घटना हो सकती है। इस दौरान जान जाने का भी ख़तरा बढ़ जाता है। इसलिए अपने बच्चो पर ध्यान दे। पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है अगर किसी गाँव व कस्बे में किसी को कोई समस्या हो तो पुलिस को सूचित करें ताकि तत्काल आपकी समस्या का समाधान किया जा सके।वही प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने क्षेत्र के आये संभ्रांत लोगों से अपील कि कहीं भी कोई अप्रिय घटना न घटित हो। साथ ही अगर कहीं भी कोई उपद्रव करता है ।

## होली पर्व पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत थाना जीआरपी हुईं सतर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ ।होली के त्यौहार को द्रष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ द्वारा रेलवे स्टेशन चारबाग़ का निरीक्षण भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जाएजा लिया जाएगा साथ ही संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए आपको बता दें कि दिनांक 22.03.2024 को आगामी होली पर्व पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन चारबाग़ पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास पांडे, जीआरपी आरपीएफ, ए0एस0 चैक टीम, बीडीएस टीम व डॉग स्क्वाड टीम के साथ भ्रमण करके सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान यात्रियों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया और बेहतर सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे स्टेशन परिसर के निगरानी सीसीटीवी कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण व निरीक्षण करके सुरक्षा का जायजा लेकर संबंधित को सुरक्षा के संबंध में निर्देशित किया। यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर अनुभाग लखनऊ के समस्त रेलवे स्टेशन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ नियनत्रण के दृष्टिगत विस्तृत पुलिस प्रबन्ध कराया गया, पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। खेल ही वो मध्यम है जिससे डिप्रेशन जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। खेल ही हैं जहां हार को सहज भाव से और जीत को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार किया जाता है। खेलों में अपनी मेहनत के दम पर भविष्य संवारा जा सकता है। उपायुक्त पंक्तियां पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी जी ने जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक कॉलेज महमूदाबाद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य यह बात कही। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता से आने वाली पीढ़ी को खेलो में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनमें देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी पैदा होगा। पूरी आयोजन समिति बधाई की पात्र है। आज के युग में हर कोई किसी न किसी कारण से परेशान में रहता है जिसके कारण लोग डिप्रेशन का भी शिकार होते जा रहे है। केवल खेल ही वो माध्यम है जिससे डिप्रेशन जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है।

संस्था स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित, खेलों में मेहनत से संवारा जा सकता है !

इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल ही हैं जहां हार को सहज भाव से और जीत को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार किया जाता है। खेलों में अपनी मेहनत के दम पर भविष्य संवारा जा सकता है साथ ही उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता से आने वाली पीढ़ी को खेलो में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनमें देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी पैदा होगा। आज के युग में हर कोई किसी न किसी कारण से परेशान में रहता है ! केवल खेल ही वो माध्यम है जिससे डिप्रेशन जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। खेलों में हार को भी सहजता के साथ स्वीकार किया जाता है और जीत बड़ी विनम्रता के साथ ग्रहण की जाती है। इसलिए जीवन में हमेशा खेलों को शामिल रखें। इस मौके पर सीता ग्रुप के चेयरमैन रमेश बाजपेई जी ने कहा कि महमूदाबाद के युवाओं ने पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे होंगे खराब, की कहावत को झुठलाया है। पूरे उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी हमेशा से ही अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे हैं। हाल ही में सम्पन्न हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भी हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सरकार भी खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर करोड़ों रुपए की राशि पुरस्कार के तौर पर दी जाती है। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए भी राशि देने का प्रावधान किया गया है। खेलों से शरीर भी स्वस्थ रहता है और अब सरकार की ओर से पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को रोजगार भी दिया जाता है।

प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्र शिवम वर्मा गोला फ़ेक द्वितीय स्थान व नीरज 1600 मीटर दौड़ द्वितीय स्थान को मेडल और स्मृति चिन्ह देते हुए प्रधानाचार्य व संस्था के अध्यापकगण ने सभी को बंधाई दी ।

## ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी, सीता ग्रुप के चेयरमैन रमेश बाजपेई, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी, संस्था के अध्यापक वेद श्रीवास्तव, महमून आलम , वसी अब्बास, असीस सिंह, ज्योति वर्मा छात्र पंक्ति से आदर्श अवस्थी , शिवा मिश्र , आदर्श लोधी, रवि मौर्य, नीरज यादव , सहित खिलाड़ी व संस्था का स्टॉप मौजूद रहा।

# जिला जज व डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रमोद सिंह यादव मौजूद रहे।

जिला जज, डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। जिला जज ने बंदियों से पूछा कि कोई ऐसा तो नहीं है जिसकी लंबे समय से पेशी ना रही हो रही हो। इस पर बंदियों ने उत्तर दिया कि सभी की पेशी हो रही है। इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरक, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ शिवपूजन व डॉ दीपांकर ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भोजराज सिंह, रीता राजभर, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत, डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सरोजिनी वाटिका में संदेश वॉल की गयी स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जन सामान्य की शत प्रतिशत भागीदारी, पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सरोजिनी वाटिका में संदेश वॉल स्थापित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, आदि अधिकारियों, कर्मचारियों, नए मतदाता एवं मीडिया कर्मियों ने भी संदेश वाल फ्लैक्स पर संदेश अंकित कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा हेल्प डेस्क की व्यवस्था तथा ई0वी0एम0 के प्रति जागरुकता से संबंधित कांउटर भी लगाया गया। जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेल्पडेस्क पर पहुंचकर जानकारी ली। इसके पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहां पर उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज व अन्य बच्चों से जिलाधिकारी ने वार्ता करते हुये बच्चों से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिये किये जा रहे उपायो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वोट डालने हेतु सभी को प्रेरित करें ताकि जनपद में शतप्रतिशत मतदान हो। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने परिवारजनों एवं आस-पास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। मतदान बढ़ाने हेतु प्रत्येक नागरिक जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं उन्हें आकर मतदान करना होगा तभी एक मजबूत लोकतंत्र बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा भी निरन्तर मतदान बढ़ाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। सभी लोग बूथ पर जाये और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## थाने में तैनात दरोगा 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

वाराणसी। लोहता थाने में तैनात एसएसआई आशीष कुमार पटेल और उसके निजी सहयोगी मासूम अली को 40 हजार रुपये रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निवारण संगठन की वाराणसी इकाई ने शुक्रवार शाम रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने दोनों के खिलाफ राजातालाब थाने में मुकदमा दर्ज कराने के बाद जेल भेज दिया।

लोहता थाने में चांदपुर (मंडुवाडीह) निवासी सुधीर कुमार द्विवेदी ने बीते 14 मार्च को चेतगंज जियापुर निवासी बुनकर अनीस अहमद के पुत्र कासिफ, कारखाने के कर्मचारी शाहरुख सहित अज्ञात के खिलाफ धमकी, मारपीट और लूट का तहरीर दिया था। इस मामले की विवेचना एसएसआई आशीष कुमार पटेल कर रहे थे। विवेचना के बीच आरोप है कि लूट के केस में धारा कम करने के लिए दरोगा ने अनीस से 75 हजार रुपये मांगे थे। दरोगा रुपये न देने पर अनीस के छोटे बेटे को भी इस मामले में फंसाने की धमकी दे रहा था।

## डीएम ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश



लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।लोकसभा चुनाव को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी व निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने की दृष्टिगत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दिशा-निर्देश संबंधित कार्मिकों को दिए।डीएम ने (एफएसटी) उड़न दस्ता टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिकायत व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उन्होंने विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों व कार्मिकों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाई गई है, वे सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद, एसडीएम विनोद गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## साइबर अपराध के बारे में स्कूली छात्राओं को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। साइबर अपराध से बचने हेतु साइबर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा डा. पुष्पेन्द्र सिंह स्मारक महाविद्यालय घाटमपुर मुंशीगंज की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को जागरुक किया गया। साइबर थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सब लोग फोन काल एसएमएस या अन्य किसी माध्यम से ओटीपी या यूपीआई, एटीएम पिन किसी को न बताये। उन्होंने कहा कि केवाईसी के लिये एसएमएस पर ध्यान न दे और न ही दिये गये मोबाइल नम्बर पर काल करें। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि एसएमएस या व्हाट्स एप पर आये किसी भी लिंक या अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक में पंजीकृत मोबाइल नम्बर,आधार कार्ड नम्बर आदि दर्ज न करें और छोटी रकम का झांसा देकर आपकी निजी जानकारी चुरा लेना उसका मकसद होता है। उन्होंने कहा कि एटीएम मशीन के कैश निकासी और जमा करते समय किसी की सहायता न ले साथ ही अपने कार्ड के पीछे वाली सफ़ेद पट्टी पर अपना नाम अवश्य लिखे ताकि कार्ड बदले जाने पर तुरन्त पहचान कर सकें और बिना गार्ड वाले एटीएम मशीन को इस्तेमाल करने से बचे पिन को हाथ से छुपाकर रखें।एटीएम कार्ड का पिन हमेशा समय-समय पर बदलते करते रहे। उन्होंने कहा कि फोन, ईमेल, एसएमएस, व्हाट्स एप या न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त नौकरी, लाटरी, पालिसी बोनस, सस्ता लोन आदि पर भरोसा न करें, साथ ही बताये गये पेटीएम या अन्य किसी वालेट में या किसी बैंक खाते में रुपयों का स्थानान्तरण या कैश जमा न करें। उन्होंने कहा कि ओएलएक्स या अन्य जगह पर खरीदारी या समान बेचते समय रिक्वेस्ट मनी लिंक का इस्तेमाल न करें और रुपये प्राप्त करने हेतु किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करना होता है।

# भीरा पुलिस गैंगेस्टर एक्ट में 03 को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन पर संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भीरा पुलिस द्वारा शुक्रवार को 03 वाँछित अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया।

भीरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 130/2024 धारा 2(ख)17/3 उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0 1986 के तहत युनूस अली पुत्र स्व0 हसमत अली, इसरार अली पुत्र स्व0 हसमत अली व इरशाद अली उर्फ इन्शाद अली पुत्र स्व0 हसमत अली निवासीगण ग्राम मुडिया हेमसिंह थाना भीरा जनपद खीरी को अलगदू अलग स्थानों से 03 देशी तमंचा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगणों के विरुद्ध गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना भीरा पर क्रमशः- 1. मु0अ0सं0 132/2024 धारा 3/25 आम्र्स एक्ट, 2. मु0अ0सं0 133/2024 धारा 3/25 आम्र्स एक्ट, 3. मु0अ0सं0 134/2024 धारा 3/25 आम्र्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 चेतन तोमर,. उ0नि0 मो0 जुबेर अहमद, मोहित कुमार, आ0 प्रदीप चीमा व आ0 प्रभात कुमार थाना भीरा जनपद खीरी मौजूद रहे।

# आजम खान से मिलने सीतापुर जेल पहुंचे अखिलेश रामपुर लोकसभा सीट को लेकर हो सकती है चर्चा

**आजम खान जेल से ही बढ़ाएंगे भाजपा मुश्किल**

**मुस्लिमों में तुर्क, हिंदुओं में अनुसूचित जाति का होगा प्रत्याशी**

**अखिलेश यादव ने जेल में मुलाकात कर दिए कई बड़े संकेत**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सीतापुर जेल में बंद सपा नेता आजम खान से मुलाकात की। अखिलेश करीब डेढ़ घंटे तक जेल में अंदर रहे। मुलाकात के बाद जेल से बाहर निकलकर उन्होंने मीडिया से बात की। अखिलेश ने कहा कि आजम खान के साथ अन्याय हो रहा है। उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। आजम के परिवार को सरकार परेशान कर रही है। भाजपा झूठे मुकदमों का रिकॉर्ड बना रही है।

इस मुलाकात के बाद अखिलेश यादव रामपुर लोकसभा सीट से टिकट की घोषणा भी कर सकते हैं। आपको बता दें कि जबसे दूसरी बार आजम खां यहां निरुद्ध किये गए हैं तबसे लेकर अभी तक अखिलेश यादव की जेल में यह पहली मुलाकात है।

सीतापुर में अखिलेश यादव और आजम खां की मुलाकात के बाद जो खबरें आ रही हैं, उसके मुताबिक सिर्फ रामपुर ही नहीं, बल्कि मुरादाबाद लोकसभा सीट को लेकर भी चर्चा हुई है। इस संबंध में भी आजम खान ने अपना सुझाव दे दिया है। सूत्र बताते हैं कि देर रात या फिर शनिवार को प्रत्याशी के नाम का ऐलान हो सकता है।

इस मुलाकात के सियासी मायने बेहद अहम हैं। अखिलेश यादव के साथ धौरहरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी आनंद भदौरिया, राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता, हरगोविंद वर्मा, अनिल वर्मा, राजा ठाकुर व अन्य नेता जेल के अंदर गए हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर बनी गौरीफंटा व बनगवां मंडी बानी तस्करों की कमाई का जरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अगर पहले चेता होता प्रशासन तो न होती बनगवां मंडी**

पलियाकलां-खीरी। भारत-नेपाल सीमा तमाम सुरक्षा एजेंसियों की मिलीभगत से भारतीय सामान की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। जिसमें तस्करों के लिए सबसे ज्यादा मुफीद व सुरक्षित स्थान बनगवां मंडी व गौरीफंटा मंडी है। गौरीफंटा सहित अन्य तमाम नेपाली सीमा से सटे ग्रामों से तस्करी हो रही है। जिसमें एसएसबी, कस्टम सहित पुलिस को भी हिस्सेदारी मिलती है। इसके अलावा थारू ग्राम बनगवां में गवर्मेन्ट ग्रांट एक्ट के तहत खेती के लिए मिली जमीन पर तहसील प्रशासन और पुलिस की सांठगांठ से कुछ लोगों ने अवैध रूप से दुकानों का निर्माण करा लिया है व कुछ अभी भी करा रहे हैं।

भारत-नेपाल सीमा तस्करों के लिए दिन प्रतिदिन गौरीफंटा व बनगवां मंडी मुफीद बनती जा रही है। तस्करों द्वारा जहां एसएसबी, पुलिस, कस्टम व अन्य तमाम सुरक्षा एजेंसियों की मिलीभगत से नशीली दवाओं, मिट्टी तेल, खाद, चीनी व गैस सिलेन्डर का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा हैं। वहीं बार्डर पर से अन्य तमाम भारतीय सामान की तस्करी भी तेजी से हो रही है। इसके अलावा थारू ग्राम बनगवां में गर्वमेंट ग्रांट एक्ट के तहत मिली जमीन पर मंडी में फिर से कुछ दुकानदारों ने निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इससे पूर्व लगभग सैकड़ों दुकानों का जबरन निर्माण कराकर मार्केट काम्पलेक्स के रूप में विकसित कर लिया गया है।

भारत-नेपाल सीमा गौरीफंटा में हो रहे तस्करी के इस धंधे में नशीली दवाएं, इंजेक्शन, खाद, चीनी, मिट्टी तेल व कपड़ा आदि की तस्करी तेजी से हो रही है। खुफिया विभाग ने अवैध निर्माण की रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है। बताते चलें भारत-नेपाल सीमा पर दुधवा नेशनल पार्क के जंगल के किनारे आबाद आदिवासी जनजाति थारू क्षेत्र के किसानों को सरकार ने गवर्मेन्ट ग्रांट एक्ट के तहत कृषि कार्य करके जीविका चलाने के लिए जमीन पट्टा पर दी गई थी। खेती वाली जमीन की खरीद बिक्री पर प्रतिबंध और व्यवसायिक प्रयोग पर रोक है, यहां तक जमीन मालिक किसान अपनी जमीन को दान में भी नहीं दे सकता है और न ही उसकी वसीयत कर सकता है। इस कड़े प्रतिबंध के बाद भी थारू क्षेत्र में धड़ल्ले से थारूओं की कृषि भूमि पर व्यवसायिक कार्य के लिए अवैध निर्माण कार्य गैर थारूओं द्वारा कराए जा रहे हैं।

भारत-नेपाल सीमा से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर थारू ग्राम बनगवां में अवैध रूप से खेती वाली जमीन पर लगभग सैकड़ों दुकानों का अवैध निर्माण धड़ल्ले से तहसील प्रशासन और पुलिस की सांठगांठ से करा लिया है। वही गौरीफंटा मंडी को खाली करने के आखिरी नोटिस के बाद भी प्रशासन मंडी को खाली नही कर पाया है। इसके बाद एक बार फिर कुछ लोगों ने तहसील प्रशासन व गौरीफंटा कोतवाली पुलिस से सांठगांठ करके फिर से बनगवां में दुकानों को रातों रात बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं।

उधर एसएसबी और खुफिया विभाग का मानना है कि सीमा पर मार्केट काम्पलेक्स के रूप में बनने वाली इस नई मंडी से सीमा पर तस्करी और अवैध घुसपैठ को बढ़ावा मिलेगा साथ ही वन अपराधों में भी वृद्धि होगी। जिससे सीमा की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। सूत्रों ने बताया कि पच्चीस हजार से लेकर एक लाख रूपए पेशगी देकर इन दुकानों को गैरकानूनी ढंग से बेचा जा रहा है। दुकानों का जबरन निर्माण कराने का विरोध करते हुए कुछ लोगों ने एसडीएम से दुकानों का निर्माण कार्य बंद कराए जाने की मांग की है। इसकी जानकारी पर अवैध निर्माण कराने वाले लोगों ने मोटी रकम से प्रशासन के मुंह बंद कर दिया। सीमा पर जहां अवैध रूप से आबाद हो रही मंडी से तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं सीमा की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। खुफिया विभाग के सूत्रों ने बताया कि सीमा पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य की पूरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को बराबर भेजी जा रही है।

## गौरीफंटा पुलिस ने 03 को एनडीपीएस एक्ट में किया गिरफ्तार

पलियाकलां-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत भारत नेपाल बार्डर पर अवैध मादक पदार्थो आदि की तस्करी एवं अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को थाना गौरीफंटा पुलिस व एसएसबी टीम द्वारा गौरीफण्टा चैक पोस्ट बनगवां बाजार में संयुक्त रूप से चैकिंग के दौरान तीन लोगों को हिरासत में लिया गया।

जिसमें सुशिल श्रेष्ठ पुत्र रामकुमार श्रेष्ठ निवासी अतरिया नगरपालिया 01 थाना मालाखेती जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र, सनी गुप्ता पुत्र भगवानदास गुप्ता निवासी मो0 रंगरेजान द्वितीय कस्बा व थाना पलिया जिला खीरी व सचिन गुप्ता उर्फ डिम्पल गुप्ता पुत्र भगवानदास गुप्ता निवासी मो0 रंगरेजान द्वितीय कस्बा व थाना पलिया जिला खीरी को अवैध ब्राउन शुगर की नेपाल राष्ट्र में तस्करी करते समय गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 10/24 धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट बनाम अभियुक्त सुशील श्रेष्ठ उपरोक्त तथा मु0अ0सं0 11/24 धारा 8/21/22/23 एनडीपीएस बनाम अभियुक्त सनी गुप्ता व सचिन गुप्ता उर्फ डिम्पल गुप्ता उपरोक्त पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त उपरोक्त का मा0 न्यायालय भेजा गया।

# आयोग की गाइडलाइन के अनुसार हो प्रिंटिंग कार्य: डीएम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिला निर्वाचन सहिअधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों संग बैठक हुई। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पंपलेट, पोस्टर आदि की प्रिंटिंग के लिए निर्धारित प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। कहा कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अधीन है, इसलिए प्रिंटिंग प्रेस संचालक किसी भी प्रकार के प्रचार सामग्री की प्रिंटिंग के दौरान आयोग की गाइडलाइन का गंभीरता पूर्वक पालन करें। यदि गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया और नियम विरुद्ध तरीके से पंपलेट पोस्टर आदि का प्रकाशन किया गया तो कठोरतम कार्यवाही होगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन अवधि के दौरान ऐसे पंपलेट और पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं हो सकेगा, जिस पर इसके मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो, इसके साथ-साथ प्रकाशक की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए प्रकाशक द्वारा हस्ताक्षरित और दो व्यक्तियों द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र भी देना होगा। उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 श्कश का सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी एवं प्रिंटिंग प्रेस स्वामी मौजूद रहे। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित इन प्रावधानों का मुख्य उद्देश्य यह है कि धर्म, वंश, जाति अथवा समुदाय के विरुद्ध ऐसी अपील जो अवैध, आपराधिक एवं आपत्तिजनक हो तो ऐसा करने वाले लोगों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। बैठक में एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, बड़ी संख्या में प्रिंटिंग प्रेस स्वामी मौजूद रहे।

## किराना व्यापारी के यहां हुई डकैती का पुलिस ने किया खुलासा

पूरनपुर। जिले की बहुचर्चित डकैती कंाड का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जिससे टीम बाल बाल बच गई है। पुलिस ने जवाबी फायर में दोनों बदमाशों को गोली लगी है।अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों के पास से नगदी,तमंचे के अलावा घटना में प्रयोग की गई काले रंग की ब्रेजा कार को भी बरामद किया है।घटना में शामिल तीन आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर ता.महाराजपुर निवासी सुनील कुमार गुप्ता का घर बंडा हाइवे पर स्थित है। सुनील गुप्ता के घर के नीचे ही किराने की दुकान है। 30 जनवरी को देर रात व्यापारी व उसके परिवार को नकाब पोश बदमाशों ने व्यापारी व उसके परिवार को चाकू का शास्त्रों के बल पर बंधक बनाकर 15 लाख रुपये की नकदी सहित लाखों के आभूषण लूट लिए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के करीव दो महीने बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी। इस दौरान तत्कालीन एसपी अतुल शर्मा का स्थानांतरण हो गया। नवागत एसपी अविनाश पांडे ने जिले का चार्ज लेने से पहले से ही व्यापारी के घर पहुंच कर घटना की जानकारी जुटा थी।

# बच्चों पर मत थोपे अपनी सोच : एडीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## रियल पैराडाइज एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह




कुशीनगर । पडरौना नगर के रियल पैराडाइज एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को धूमधाम मनाया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया । नौनिहालों ने सभी विधाओं को बडी ही खुबसूरती प्रस्तुत किया जिसमें शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार, मतदाता जागरूकता, बच्चों के प्रति माता-पिता और गुरुजनो का दायित्व, माता-पिता के प्रति पुत्र का नैतिक धर्म, राष्ट्रभक्ति आदि विषयो पर प्रस्तुत किये गये नाट्यमंचन को खूब सराहा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने विद्यालय के सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावकों को चिन्तित होना स्वाभाविक है लेकिन बच्चों पर उनकी इच्छा के विपरीत अपनी इच्छा थोपकर यह सोचे कि आपका बच्चा सफल होगा इसकी कोई गारंटी नही है। उन्होंने अपने कालेज के दिनो रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों को अपनी सोच के मुताबिक ढालने की कोशिश न करें। ये समझने की कोशिश करें कि बच्चे क्या बनना चाहते हैं। जरूरी नहीं कि जो आप चाहें या आपने किया हो वही आपके बच्चे करें। उन्हें अपने हिसाब से सोचने दें। संभव है कि वह ऐसा कुछ कर जाए, जो आपने कभी सोचा भी न हों। अपने बच्चे पर खुद को थोपना छोड़ दें और उसका बॉस बनने की बजाय उससे गहरी दोस्ती करें। अपने को उससे ऊपर रखकर उस पर शासन न चलाएं। बल्कि खुद को उससे नीचे रखें ताकि वह आपसे आसानी से बात कर सके।उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना व विद्यालय परिवार को शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षा व संस्कार न सिर्फ चरित्र निर्माण करते है बल्कि राष्ट्र को शिखर पर पहुंचाते है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और बच्चे इस देश के भविष्य। शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का दौर है एवं इस दौर में अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है।उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही। उदित नारायण स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मणि त्रिपाठी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी पडरौना सुरेन्द्र बहादुर सिंह , हनुमान इण्टरमीडिएट कालेज के प्रबंधक मनोज शर्मा शास्वत, हनुमान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, उदित नारायण स्नाकोत्तर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रवक्ता डॉ सीबी सिंह, वीणा वादिनी कन्या इण्टर कालेज के प्रबंधक भुवनेश्वर त्रिपाठी, नेहरू इंटर कालेज के प्रबंधक विजय दत्त शुक्ल, सतीश श्रीवास्तव, समर फिल्ड स्कूल के प्रबंधक वाई के शुक्ल, पडरौना सिटी मान्टेसरी के प्रधानाचार्य नवल किशोर, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा कवि अनुप मिश्रा ने किया। अंत मे विद्यालय के प्रबंधक डॉं. नीरन पाण्डेय व प्रधानाचार्या डॉं. सुनीता पाण्डेय ने सभी आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे बच्चो के माता-पिता को विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, पत्रकार, समाजसेवी व कक्षा मे प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं भी सम्मानित किया गया।वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता, शिक्षा का महत्व, माता-पिता के प्रति पुत्र का नैतिक धर्म, शिक्षा का अधिकार, राष्ट्रभक्ति आदि विषयों पर प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। वही आधुनिकता के दौर में माता-पिता को वृद्धा आश्रम भेजेने वालो को स्कूली बच्चों ने नाट्यमंचन के माध्यम से नसीहत दिया। बच्चों की इस प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया।

# भगवान सभी जीवों से प्रेम करता है : स्मिता दीदी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। यूँ तो परमात्मा इस ब्रह्मांड के सभी जीवों से प्रेम करता है। लेकिन जिस तरह किसी भी माता पिता को वह पुत्र सबसे प्रिय होता है जो समीप रह कर सेवा करता है। इसी तरह परमात्मा को भी वह भक्त सबसे प्रिय होता है, जिसके दिल मे भगवान की भक्ति बनी रहती है। ये बातें श्रीधाम से पधारी साध्वी स्मिता दीदी ने कही। शुक्रवार को तमकुहीराज कस्बा के शिव मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिन राम विवाह प्रसंग में कहीं। उन्होंने कहा कि बेटी की विदाई के समय सबसे अधिक माता पिता को दुःख होता है। माँ तो अपने दुख को प्रकट कर भी लेती है तो पिता प्रकट भी नहीं कर पाता। ठीक वही स्थिति राजा जनक की थी। बेटी की विदाई उन्हें सहन नहीं हो रही थी। उनका करुण क्रंदन देख पूरा जनकपुर द्रवित था। इधर अयोध्या में हर्षोल्लास का माहौल था। रीति रिवाज से बहुओं का स्वागत हुआ। कुछ दिन बाद राजा के मन में राम के राज्याभिषेक का विचार आया। सभी दरबारियों के सलाह पर तिथि निश्चित की गई।

## विश्व जल दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




फतेहपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधन इकाई और आई0एस0ए0 संस्था मानव सेवा संस्थान द्वारा विकास खण्ड ऐरायां की ग्राम पंचायत मांझखोर के पंचायत भवन में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राज मुनि यादव द्वारा शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, जल संचयन, आदि विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। सी0 बी0 टी0 स्वाति अवस्थी द्वारा दूषित जल से होने वाली जल जनित बीमारियों तथा उसने बचने के उपाय बता कर लोगों को जागरूक किया गया। आई0 एस0 ए0 कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चन्देल द्वारा वर्षा जल संचयन, जलाशयों की साफ सफाई, घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन आदि की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जी0 आई0 एस0 प्रवीण कौशिक, आई0 एस0 ए0 मानव सेवा संस्थान से साकेत सिंह, मनीष , विवेक पाठक, जल सखी, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य तथा सैकड़ा की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ट्रेक्टर-टाली की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।तमकुहीराज थाना क्षेत्र के समउर - तमकुहीराज मार्ग पर सरेया बुजुर्ग गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रेक्टर टाली की चपेट में आने से साइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 5बजे तमकुहीराज थाना क्षेत्र के तमकुही कस्बा निवासी सिराजुद्दीन 61बर्ष समउर बाजार से अपने घर साइकिल से जा रहे थे।बताया जाता है कि अभी वह समउर-तमकुहीराज मार्ग पर स्थित सरेया बुजुर्ग(शिवसरेया)गांव के समीप पहुचे थे कि पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ट्रेक्टर-टाली की चपेट में आ गये। दुर्घटना में बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई ।मौके पर जुटे लोगो ने घायल को सीएचसी तमकुहीराज भेजवाया इस दौरान बुजुर्ग ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया।हालांकि परिजन सरकारी अस्पताल पहुचे जहा डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुची पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रेक्टर-टाली को अपने कब्जे में ले लिया जबकि चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।इस संबंध में एसएचओ तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्घटना में शामिल वाहन पुलिस के कब्जे में है।शव पीएम के लिये भेजवाया जा रहा है।

## डीएम ने की लोकसभा चुनाव में वाहनों की उपलब्धता सम्बन्धी बैठक

चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए वाहनों की उपलब्धता के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों में शासकीय वाहन व अनुबंधित वाहन है वह तत्काल निर्वाचन कार्यालय को सूचना उपलब्ध करा दें ताकि निर्वाचन कार्य प्रभावित न हो। अगर कोई विभाग अपने विभागीय वाहनों की सूचना नहीं देगा तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके जिम्मेदार सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि आरबीएसके टीम की जो गाड़ियां हैं, उनको तत्काल निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें। यात्री कर अधिकारी से कहा कि प्राइवेट हल्के वाहनों को भी अधिग्रहित करने की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। यात्री कर अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि आप लोगों के विभाग में जो वाहन है और आपकी ड्यूटी निर्वाचन में लगी है तो भी वाहन उपलब्धता की सूचना परिवहन विभाग को अवश्य उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने अपर उप जिलाधिकारी से कहा कि एफएसटी में लगे सभी अधिकारियों को वाहन अवश्य उपलब्ध कराया जाए।

## 25 को जिले में बंद रहेंगी शराब व भांग की दुकानें

चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि जनपद में होली के त्योहार पर कानून व्यवस्था एवं शान्ति बनाए रखने के लिए 25 मार्च को जनपद में स्थित समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा थोक अनुज्ञापन सीएल-2, एफएल-२, एफएल-2बी तथा भांग गोदाम की दुकानें व मदिरा भेजने व वितरण करने वाले अनुज्ञापनों को मदिरा की बिक्री करने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। साथ ही मऊ थाना क्षेत्र के 9 ग्रामों अहिरी, सुरौधा, मऊ, शिवपुर, मण्डौर, मवईकला, बरवार, परदवां व ताडी में बैजला परम्परा के अनुसार होली का त्योहार होली खेलने के अगले दिन 26 मार्च को मनाया जाता है। थाना मऊ के अन्तर्गत स्थित 9 ग्रामों के 5 किमी की परिधि में मऊ कस्बे की 5 आबकारी दुकानें देशी शराब दुकान मऊ, विदेशी मदिरा दुकान मऊ-1 व मऊ-2 (बाजार रोड), बियर दुकान मऊ-1 व मऊ-2 (बाजार रोड) आच्छादित है।

# महिला की खेत मे मिली लाश रेप के बाद हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र एक गांव के बाहर तालाब के पास खेत से एक महिला का अर्धनग्न शव शुक्रवार को मिला। शव के पास से शराब की बोतल और साफ्ट ड्रिंक के कुछ रैपर मिले हैं। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। महिला का उसके पति से विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से वह अपने मायके में रहती थी। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह पोखरे के किनारे महिला का अर्धनग्न शव मिला है। पुलिस इस घटना को दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला मान रही है। गांव के लोग सुबह जब पोखरे की तरफ गए तो वहां महिला का शव देखकर शोर मचाया। थोड़ी ही देर में वहां गांव वालों की भीड़ जुट गई। पुलिस की माने तो महिला की हत्या बृहस्पतिवार की रात में हुई है और हत्या के पहले दुष्कर्म की आशंका भी जताई जा रही है। गांव वालों की माने तो महिला की शादी तुर्कपट्टी थाना के एक गांव में हुई थी। लेकिन पति से विवाद हो जाने की वजह से करीब 12 साल से महिला मायके में रहती थी। उसका मायका थाना क्षेत्र के एक गांव में है। पुलिस के अनुसार महिला के तीन बेटे हैं और उनमें से एक की हत्या करीब तीन साल पहले हो गई थी। पुलिस के अनुसार महिला के शव के पास शराब की बोतलें और सॉफ्ट ड्रिंक के कुछ रैपर मिले हैं। पुलिस मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम की मदद भी ले रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव के पोखरे के किनारे में महिला का क्षत विक्षत शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# अवैध हार्पिक बनाने वाले फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। फर्जी तरीके से नकली हार्पिक बनाने वाले अवैध फैक्ट्री का पुलिस ने शुक्रवार को भंडाफोड़ कर दिया। इस अवैध कार्य में संलिप्त जहां तीन लोगों को गिरफ्तार किया वही, भारी मात्रा में फर्जीवाड़ा कर ब्रांड प्रोडक्टो की डुप्लीकेशी कर उनकी जगह हुबहु नकली प्रोडक्ट बरामद किया है। अपराध व

### भारी मात्रा में उपकरण बरामद, तीन थाने की पुलिस ने मिलकर की कार्यवाई

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना विशुनपुरा, थाना तुर्कपट्टी व साइबर थाने की संयुक्त टीम द्वारा गोडरिया नहर पुलिया के पास से अर्न्तजनपदीय फर्जी हार्पिक की फैक्ट्री चलाने वाले गैंग के अपराधियों/ठग जो फर्जी हार्पिक बनाकर व दुकानों में जाकर उनसे संपर्क कर कम रेट में फर्जी माल को बेचते थे। फर्जी हार्पिक बेचने वाली गैंग के सरगना रविचन्द गुप्ता अपने दो अन्य शातिर साथियों के साथ नकद दो लाख रुपए व एक 04 पहिया वाहन सफ़ेद टाटा मैजिक लोडर तथा अपराध से संबंधित कुल लगभग 20 लाख रूपए के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

### अपराध करने का तरीका

यह गैंग फर्जी हार्पिक व डालफिन को कूटरचित दस्तावेजों की सहायता से एक विशाल फर्जी फैक्ट्री गुपचुप तरीके से चलाते थे जिसमें उसके कुल चार सदस्य शामिल है जो मिलकर इस फर्जीवाड़ा फैक्ट्री को चला रहे है तथा लाखों रूपये अवैध धन अर्जित कर रहे है तथा फर्जी सामान बनाने वाली फैक्ट्री में मुख्यतः ग्रॉसरी होम प्रोडक्ट के अन्तर्गत हाउस होल्ड तथा सेव क्लीनिंग सेनेटरी प्रोडक्टो को जैसे हार्पिक कम्पनी के क्लीनिंग प्रोडक्टो को नकली तरीके से कूटरचना कर तथा मैटेरियल तैयार कर उनको भारी उपकरणों की सहायता से तैयार करते थे तथा इसका कच्चा माल अवैध तरीके से चोरी छिपे कानपुर से लाते है तथा भिन्न-भिन्न कम्पनियों के क्लीनिंग प्रोडक्टों के कुटरचित मोनोग्राम आगरा से चोरी छिपे मंगवाते है तथा हूबहू बोतले भी दिल्ली से मंगवाकर उनका एसेम्बल कर काफी कम दाम पर अपने साथियों की सहायता से एक मैजिक ढाला मे लोड कर परिवहन कर अलग-अलग क्षेत्रो में घूम घूम कर बेचते थे तथा काफी मोटा रूपया कमाते थे।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। आम आदमी ने पार्टी के मुखिया व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आप के जिलाध्यक्ष राजीव यादव कार्यकर्ताओं के साथ खिरनीबाग स्थित रामलीला मैदान पहुंचे जहां उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा इस तरह की असंवैधानिक गिरफ्तारी का आम आदमी पार्टी पूर्ण रूप से विरोध करती है। उन्होंने अभी तो सिर्फ हल्ला बोल किया है आगे जरूरत पड़ी तो जेल भरो आंदोलन भी शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल शिक्षा, स्वास्थ्य के माडल की पूरे विश्व में सरहना हो रही है। ऐसे में तो चाहिए केंद्र सरकार शिक्षा मॉडल के जनक नई राजनीति के पुरोधा, हमारे नेता को तो केंद्र सरकार के द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए था। लेकिन राजनीतिक ईर्ष्या के चलते भारतीय जनता पार्टी द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार कर प्रचार प्रसार से रोकने के लिए एक नई साजिश रची गई है जो भारतीय जनता पार्टी 400 सीट का सपना देख रही है वह इस बार लोकसभा चुनाव में सत्ता विहीन हो जाएगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राजीव कुमार यादव, जिला महासचिव जे.बी सिंह, संतराम सिंह चौहान, बीरेंद्र प्रताप, पूर्व बिधायक सुखविंदर सिंह चौहान कटरा, अब्दुल्ला सकलेन, अनीता देवी, अमित कुमार वर्मा, अनुराग रस्तोगी, किशन सक्सेना, सुभाष सिंह, संजीव कुमार, ईशा श्रीवास्तव, वाशिफ खान, ज्ञानेंद्र कुमार, ध्यानपाल यादव, रजनीश कुमार, सदाकत अली, शहाबुद्दीन, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

# पंचायत के बिछे खंजड़ को तुड़वाकर बनाई रोड़ी,रोड़ी के पैसे का होगा बंदरबांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खुटार शाहजहांपुर। विकासखंड खुटार में कमीशन खोरी के चलते जिम्मेदार इंटरलॉक सड़कों के स्टीमेट मौके पर जाए बिना ही बना रहे हैं ताकि इंटरलॉक बिछाने से पहले बिछाई जाने वाली रोड़ी के पैसे का बंदरवाट हो सके। ग्राम पंचायतों द्वारा सड़क पर पूर्व में लगाए गए खंजड़ के ऊपर इंटरलाक बिछवाने के लिए जारी स्टीमेट में रोड़ी का प्रावधान किया जाता है लेकिन खंजड़ को उखड़वाकर उसी को तुड़वाकर रोड़ी बना ली जाती है और तो और बची हुई पुरानी खंजड ईंट नवीन सड़क की एजिंग में लगवा दी जाती है।जिम्मेदारों की सुस्ती के चलते रोड़ी का पैसा बचाकर ठेकेदार और कर्मचारी मौज काट रहे हैं। शिकायत पर खानापूर्ति के लिए मापंकन के समय रोड़ी का कुछ पैसा काट दिया जाता है। खुटार विकास खंड की ग्राम पंचायत रुजहा कलां में क्षेत्र पंचायत की तरफ से नत्थू लाल के मकान से विजय के मकान तक इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है जिसमे भी सड़क पर पूर्व में लगे खंजड़ को उखाड़ कर ही रोड़ी बनाई गई है तथा बची खंजड ईंट को एजिंग में भी लगाया गया है। लोगों के मुताबिक यह गोलमाल विकास खंड में हर जगह किया जा रहा है शिकायत होने पर मापंकन में कुछ रोड़ी का पैसा काट कर खानापूर्ति कर दी जाती है। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का कहना है कि जिम्मेदार को मौके पर जाकर स्टीमेट बनाते समय पूर्व में लगे खंजड़ का आंकलन तौयार करना चाहिए तथा जिस ठेकेदार पर कटौती कटी हो उसे भविष्य में ठेका नहीं देना चाहिए।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट : महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सीएमसीएलडीपी सभागार में दो दिवसीय बौद्धिक संपदा संपदा अधिकार विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में इंजीनियर पियूष गर्ग पेटेंट कार्यालय कलकत्ता, दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन एवं कोषाध्यक्ष बसंत पंडित उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने की। कार्यशाला अध्यक्ष प्रो आईपी त्रिपाठी अधिष्ठाता विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय एवं कार्यशाला संयोजक प्रो घनश्याम गुप्ता विभागाध्यक्ष ऊर्जा एवं पर्यावरण रहें। विषय विशेषज्ञ डॉ सुमित कुमार उदघाटन सत्र में रहे। सत्र संचालन डॉ वंदना पाठक ने किया। वैज्ञानिक और प्रबंधन बिरादरी को संवेदनशील बनाने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों पर केंद्रित इस राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विश्व जल दिवस पर भी विद्वानों ने अपने-अपने विचार रखें। दीनदयाल सोच संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव और ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल के सदस्य अभय महाजन ने कहा कि विश्व जल दिवस पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुति में कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में जल का महत्व पूरे वर्ष रहता है। हमें जल ही जीवन के नारे को आत्मसात करते हुए जल संरक्षण के लिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य देशों में जल दिवस वर्ष में केवल एक दिन मनाया जाता है, जबकि भारत में संपूर्ण वर्ष जल दिवस रहता है। बौद्धिक संपदा अधिकार के संदर्भ में महाजन ने कहा कि हमारा देश बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में काफी सशक्त है। आवश्यकता है पेटेंट कार्यक्रम के प्रति विशेष जन जागरूकता की। बसंत पंडित ने बौद्धिक संपदा अधिकार और जल के महत्व पर प्रकाश डाला। इजी पियूष गर्ग पेटेंट कार्यालय कलकत्ता ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय से अपने आत्मीय संबंधों का स्मरण करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय में विविध प्रकार की बौद्धिक संपदा हैं, जिसे पेटेंट करा कर राष्ट्रीय विकास में योगदान किया जा सकता है। इजी पियूष गर्ग ने पेटेंट के नियम और प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय जल संरक्षण की दिशा में अपना सशक्त योगदान कर रहा है। मंदाकिनी नदी की सफाई एवं स्वच्छता के लिए पर्यावरण के शिक्षक एवं विद्यार्थी मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यावरण के शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में जल संरक्षण के सार्थक उपायों को प्रदर्शित करने वाले मॉडल स्थापित करें। इस मौके पर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने ग्राम दर्शन पार्क में सोकपिट बनाने के लिए स्वयं गड्ढे की खुदाई किया और कहा कि जल की बर्बादी को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। राष्ट्रीय कार्यशाला अध्यक्ष प्रो आईपी त्रिपाठी ने कार्यशाला के महत्व, औचित्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## अवैध शराब के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 5 आरोपियों के कब्जे से 129 लीटर कच्ची शराब, 300 किलों लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गये। रैपुरा थाना के उप निरीक्षक अब्दुल खलील व उनकी टीम द्वारा रामऔतार निवासी सिपाहीलाल का पुरवा को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार राजापुर थाने के उप निरीक्षक कृष्णदेव मिश्रा व उनकी टीम द्वारा गुड्डू निवासी रगौली को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा आबकारी निरीक्षक रविशंकर गुप्ता तथा रैपुरा पुलिस टीम द्वारा रामलाल वर्मा निवासी सिपाहीलाल का पुरवा को 35 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मऊ थाना के उप निरीक्षक रामकृत्य यादव तथा उनकी टीम द्वारा दानी निवासी गढवा को 14 लीटर कच्ची शराब, 50 किलो लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया।

# जिलाधिकारी ने किया डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चित्रकूट की दोनों विधानसभाओं में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विगत निर्वाचनों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास आधिकारी अमृत पाल कौर ने शहर के पुरानी बाजार रामलीला मैदान से प्रत्येक घरों के बाहर मतदाता जागरूकता सम्बन्धी स्टीकर लगाकर तथा शकुंतला देवी, रोहिणी गर्ग, जयदेवी बुजुर्ग मतदाताओं को माला पहना कर मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करते हुए हरी झंडी दिखाकर किया गया। साथ ही डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने वाली टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो घर घर जाकर लोगों से सम्पर्क करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करेगें। साथ ही प्रत्येक घर के बाहर जागरूकता सम्बन्धी स्टीकर चस्पा करेगें। कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के लिए 11 टीमें बनाई गई हैं, जिनकी अगुवाई के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं, जो प्रत्येक दिन एक-एक बूथ से सम्बन्धित घरों में जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। जिलाधिकारी ने उपस्थित मतदाताओं से अपील की कि इस लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 के पर्व में आप लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करें।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, अधिशासी अधिकारी कर्वी लाल जी यादव, स्वीप सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अलर्ट, कटरा में अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । लोकसभा चुनाव और त्योहारों को देखते हुए गोण्डा पुलिस सतर्क है पुलिस अधिकारियों ने सड़कों पर उतर कर कमान संभाल लिया पुलिस को सीआईएसएफ की कंपनी का भी साथ मिल रहा है।लोकसभा चुनाव और पर्वों के करीब आते ही गोण्डा प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है शुक्रवार को सड़कों पर पुलिस (सीआईएसएफ ) अर्धसैनिक बलों के साथ उतरी पुलिस और अर्ध सैनिक बलों ने पैदल मार्च किया पुलिस केंद्रीय बलों की टीम के साथ रूट मार्च करती हुई नजर आई ।

आगामी लोकसभा चुनाव,होली और रमजान को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया है।लाउडस्पीकर के माध्यम से अराजक तत्वों को चेतावनी दी गयी बता दें कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुस्तैद रहे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### कटरा पुलिस ने चलाया फ्लैग मार्च

गाड़ियों की सघन चेकिंग भी चल रही है.लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी सेंट्रल फोर्स और पुलिस के कंधों पर होती है.सीआईएसएफ के जवानों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया पुलिस अधिकारी भी जवानों के साथ कदमताल करते नजर आए अचानक से अधिक संख्या में पुलिस बल को देखकर लोग चकित रह गए अधिकारियों ने लोगों की जिज्ञासा को दूर किया उन्होंने बातचीत के क्रम में सुरक्षा का भरोसा दिया पुलिस अधिकारियों ने रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है।

### अर्धसैनिक बलों ने भी किया कदमताल

सीआईएसएफ के एक जवान ने बताया कि पुलिस का काम आम लोगों को सुरक्षा का एहसास कराना है. अपराधियों के दिल में पुलिस का डर पैदा होने से अपराध पर काबू पाया जा सकता है इसलिए पुलिस और सीआईएसएफ को संयुक्त रूप से सड़क पर उतारा गया है.फ्लैग मार्च के दौरान अफवाहों से दूर रहने की नसीहत दी गयी आह्वान किया गया कि संदिग्ध मामला संज्ञान में आने की सूचना तुरंत पुलिस को दें उपद्रवियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त चौकियां स्थापित करने पर भी काम कर रही है. की गई हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला हुई संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। कृषक उत्पादक संगठनों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला कृषि विज्ञान केंद्र में नाबार्ड के सहयोग से संपन्न हुई।जिसमें मुख्य अतिथि उपनिदेशक कृषि टी पी शाही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषक उत्पादक संगठनों के शुद्धण बनाने व किसानों की आय को बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से डीडीएम नाबार्ड कैलाश जोशी द्वारा नाबार्ड की योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग से एफपीओ नोडल अधिकारी शिशिर वर्मा, कंसलटेंट बृजेश मिश्रा, एल0डी0एम0 इंडियन बैंक जे एन श्रीवास्तव, विनोद कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार ने मुख्य रूप से अपने विषय की योजनाओं के बारे में बताया। सीतापुर की एफपीओ ओजोन फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी से विकास सिंह ने अपने यहां चल रही कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन मुमकिन फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर गंगोत्री किसान उत्पादक संगठन से राम कुमार द्वारा बांस के बने प्रोडक्ट के बारे में लोगों को बताया गया व सभी को दिया गया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा बनायी गयी स्वीप कार्य योजना पर अधिकारियों के बीच चर्चा की।उन्होंने स्वीप कैलेंडर के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जिले में एक अप्रैल से 15 मई तक विभिन्न रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक कर पोलिंग बूथ तक पहुंचाया का प्रयास किया जायेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत तीस मार्च को जनपद स्तर पर स्वीप वॉक्थान के जरिए की जाएगी।इस पैदल दौड़ में हजारों की संख्या में लोगों के द्वारा दौड़ लगाकर जनपद वासियों का मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा।वही एक अप्रैल से 15 मई तक निरंतर अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में ईएलसी की कार्यशाला, मतदाता जागरूकता चौपाल,चुनावी पाठशाला,चौकीदार की दस्तक,हस्ताक्षर अभियान,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व युवक मंगल दल द्वारा घर घर जाकर मतदाता जागरूकता, दूध और बेकरी के उत्पादों पर मतदान संदेश को प्रकाशन आदि कई अभियान चलाये जायेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस,पंचायती राज दिवस, श्रमिक दिवस व अन्य विशिष्ट दिवसों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि सभी विभाग इसमें अपना पूर्ण सहयोग करें।लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत 50% से कम रहा है वहां पर विशेष अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया जाए।स्वीप कैलेंडर के तहत सभी गतिविधियां समाप्त हो जाने के बाद स्वीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्वीप कैलेंडर के दौरान की गई गतिविधियों को आमजन के बीच प्रदर्शित किया जाएगा।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी,मुख्य राजस्व अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। आम आदमी पार्टी के मुखिया व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित टीन सेड में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओ ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए ईडी और सीबीआई के छापे पर सवाल खड़ा किया।उन्होंने लोगों से तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फ़ेंकने का आह्वान किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी लगातार दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से हार रहे हैं और आम आदमी पार्टी के बढ़ते कद से परेशान होकर आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए वह ईडी और सीबीआई के पीछे खड़े होकर वार कर रहे हैं। जिसे शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जैसे बड़े-बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई है,उस मामले में ईडी और सीबीआई ने 1546 बार छापे डाले हैं, लेकिन एक चवन्नी तक नहीं मिली है जो स्पष्ट बताता है कि यह घोटाला फर्जी है मनगढ़ंत है। आम आदमी पार्टी को समाप्त करने के लिए मोदी सरकार के द्वारा रची हुई एक साजिश है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे आगामी चुनाव में तानाशाह मोदी के विरोध में भारी से भारी मतदान करें। ताकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जड़ से उखाड़ा जा सके। तभी देश में अमन चैन और कानून का राज आयेगा। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नकदी ढोने वाले वाहनों के लिए आयोग ने जारी किये दिशा निर्देश

बहराइचकैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाए रखने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश दिये गये हैं कि सभी बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि वाह्य स्त्रोत एजेन्सियों/कंपनियों से प्राप्त नकदी ले जाने वाली गाड़ियॉ किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी नहीं ले जाएंगी। इस कार्य के लिए सम्बन्धित वाह्य स्त्रोत एजेन्सी/कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र/दस्तावेज़ इत्यादि होने चाहिए जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गयी नकदी, जिसे वे एटीएम मशीनों में भरेंगे और अन्य शाखाओं, बैंकों या करेंसी पेटी में रखने के लिए ले जाएंगें, का उल्लेख होगा। इस सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिया गया है कि वाह्य स्त्रोत एजेन्सियों/कंपनियों के कार्मिक जो नकदी ले जाने वाली गाड़ी के साथ जायेंगे, सम्बन्धित एजेन्सी द्वारा जारी पहचान पत्र भी अनिवार्य रूप से अपने साथ रखेंगे।यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि यह प्रक्रिया इस कारण से निर्दिष्ट की गयी है कि निर्वाचन की अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी-कर्मचारी वाह्य स्त्रोत एजेन्सी/कंपनी से प्राप्त नकदी ले जाने वाली गाड़ी को निरीक्षण के लिए रोकते हैं एजेन्सी/कंपनी दस्तावेज़ों तथा मुद्रा के प्रत्यक्ष निरीक्षण द्वारा यह स्पष्ट कर सकने की स्थिति में होनी चाहिए कि उन्होंने यह नकदी बैंकों के एटीएम को नकदी से भरने या बैंकों की कुछ अन्य शाखाओं या मुद्रा पेटी में नकदी पहुॅचाने के लिए बैंक के अनुदेशों पर नकदी ले जा रहे हैं। आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया मानक प्रचालन नियमों तथा नकदी ले जाने के लिए बैंकों की कार्यविधि का अंश होगी। श्री सिंह ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायें।

## 29 व 31 मार्च को जनपद के समस्त उप निबंधक कार्यालय खोले जाएंगे : सहायक महानिरीक्षक निबंधन

रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक महानिरीक्षक निबंधन रायबरेली एस.बी. सिंह ने जनपद के समस्त उप निबंधक से कहा है कि महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश द्वारा विगत दिवस 21 मार्च 2024 को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत की आय सुनिश्चित की जाये। वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति अवधि में मात्र एक सप्ताह का समय अवशेष है। होली के अवकाश के पश्चात समस्त अवकाश दिवसों में निबन्धन कार्य हेतु कार्यालय खोले जाने एवं सार्वजनिक अवकाश के तिथि में निबन्धन का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भाँति सम्पादित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।सहायक महानिरीक्षक निबंधन एस.बी. सिंह ने महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उप निबंधक को निर्देश दिए है कि 29 मार्च 2024 दिन शुक्रवार (गुड फाइडे अवकाश) एवं 31 मार्च 2024 दिन रविवार को सार्वजनिक अवकाश के दिनों में जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय खोले जायेगें तथा सामान्य कार्य दिवसों की भाँति इन अवधि में भी निबन्धन का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया प्रेरित



रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। आचार संहिता लगने के बाद जगह-जगह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विकास खंड लालगंज के ग्राम पंचायत सचिवालय आलमपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेकर इस महापर्व को सफल बनाने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

## 465 जरूरतमन्दों को बांटा मुफ्त भोजन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वाधान में निःशुल्क रसोई का संचालन वर्षो से किया जा रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजो, तीमारदारों, यात्रियों तथा जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य सम्पन्न हुआ है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में जरूरतमन्दों की निःशुल्क और निःस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य अनवरत जारी है। संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा गरमा गरम भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल शामिल किया गया था। स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय/जिला महिला अस्पताल के मरीजो और उनकी देखरेख कर रहे तीमारदारों परिजनों को सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर विजय निगम ने मुफ़्त खाने की थाली देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि दूर दराज से इलाज कराने आये पेशेंट और उनके तीमारदारों के लिए शुद्ध गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत ही सराहनीय कार्य है। गरीबो असहायों के लिए फायदेमंद है।उधर रेलवे स्टेशन मुख्य गेट के सामने आरपीएफ इंचार्ज मनोज वर्मा ने निःशुल्क भोजन की थाली जरूरतमन्दों को वितरित किया।

# अखंड ज्योति, अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया के उद्घोष से गूंज उठा मंदिर परिसर

**मंदिर परिसर में खाटू श्याम प्रभु का पच्चीस किलो का काटा गया केक**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। दो दिवसीय फागुन मेला एवं श्री श्याम महोत्सव पर्व पर गुरुवार को श्री श्याम प्रभु एवं दादी राणी सती मंदिर परिसर में श्री श्याम मंगल पाठ का आयोजन किया गया। अखंड ज्योति अपार माया श्याम देव की प्रबल छाया के उद्घोष से पाठ वाचक श्याम प्रेमी दीपक जायसवाल द्वारा श्री श्याम मंगल पाठ की कथा सुनाते हुए बर्बरीक व अहिल्यावती के प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बर्बरीक के युद्ध मैदान में अपनी माता से जाने की हठ करते हुए सुनाया.. हंस करके बोले बर्बरीक माता के कान में मैया तू मुझको भेज दे रण के मैदान में हारे का दूंगा साथ देता हूं मैं वचन मैया को क्यों न गर्व हो ऐसी संतान पर की मनमोहक प्रस्तुति की तो सारा परिसर खाटू श्याम के जयकारों से गूंज उठा श्री श्याम मंगल पाठ के बाद मंदिर परिसर में श्याम प्रेमी दिल्ली की निधि सर्राफ ने अलवर से खाटू श्याम प्रभु का पच्चीस किलो का केक मंगवाकर मंदिर परिसर में केक काटा गया तथा मंदिर में फूल, इत्र और केसर की श्याम प्रेमियों द्वारा होली खेली गई जो आकर्षण का केंद्र रही । इस मौके पर जयपुरिया स्कूल प्रबंध समिति व मंदिर समिति ने संयुक्त रूप से सामाजिक, धार्मिक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए लोगों को सम्मानित किया । जिसमें मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल संरक्षक मंडल के अजीत भीमराजका निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सत्य प्रकाश गुप्ता, जयपुरिया स्कूल के प्रबंधक आनंद कुमार पोद्दार, प्रतीक अग्रवाल व मंदिर समिति के संरक्षक मंडल के राजेश भीमराजका, नरेश चंद्र हमीरवासिया, अजय टेकडीवाल, दिनेश शाह, राजेंद्र मनीरामका, सुरेश गोयल आदि रहे।

# सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न

**हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को किया गया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। स्थानीय सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव मिलन पैलेस में संपन्न हुआ। इस अवसर पर, आनंद किशोर पांडे वरिष्ठ संपादक खेल जगत, अजय कुमार शर्मा डी0जी0सी0 राजस्व, आनंद तिवारी प्रबंधक आर्यावर्त बैंक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक विजय गौड़ ने सभी विशिष्ट अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 2023-24 विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

वर्ष 2022-23 की हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र आशुतोष दुबे को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा तीन व चार से संयुक्त रूप से सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली गौरीप्रिया सिंह, 92.81% कक्षा 5 व कक्षा 6 से कौस्तुभ मणि शुक्ला, 98.20% तथा कक्षा 7 व कक्षा 8 से अर्पित, 98.34% को टैबलेट स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से प्रथम स्थान पाने वाले प्रत्यूष वर्मा कक्षा-यूकेजी, मोहम्मद अली कक्षा एक, अलवीरा खान कक्षा दो, फारूक आजम कक्षातीन, रुद्राशीष पटेल कक्षा चार, अर्पित वर्मा कक्षा 5, अनुराग रंजन कक्षा 6, वर्णिका शुक्ला कक्षा 7, अंश श्रीवास्तव कक्षा 8 को साइकिल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक कक्षा से सर्वोच्च 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को भी उपहार स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सभी विशिष्ट अतिथियों ने प्रशंसा की एवं पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती असमी अतीक, प्रधानाचार्य शिक्षा श्रीमती रीना कश्यप, विद्यालय समन्वयक श्रीमती ऋतु गौड़, विद्यालय कार्यालय प्रभारी अंशू गौड़ ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सराफा लूट कांड के 18 दिन बाद गोण्डा पुलिस के हाथ रहे खाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र नगर में बीच बाजार सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट के 18 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ रहे खाली जिसको लेकर व्यापारी व लोगों में आक्रोश जिले में आपराधिक घटनाएं चरम पर हैं लगातार लूट,चोरी,छिनैती व हत्या जैसी घटनाओं से गोण्डा थर्राया हुआ है।कर्नलगंज कस्बा में बीते चार मार्च को असलेहे के नोक पर बदमाशों ने सर्राफा व्यवसाय से लाखों की लूट की लूट का खुलासा करने में नाकाम रहने पर कर्नलगंज कोतवाली के कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ को निलंबित कर दिया गया था। वही अब इस लूट कंाड का खुलासा नवागत कोतवाल निर्भय सिंह के लिए चुनौती बन गया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सराफा के लूट कंाड के खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया था। लेकिन टीमों ने अभी तक बदमाशों का पता नहीं लगा सकी है।वही जानकारी के अनुसार मामले में तत्कालीन कोतवाल के निलंबन और जिम्मेदार कस्बा इंचार्ज पर मेहरबानी से भी सवाल उठ रहे हैं।जिससे कि गोण्डा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होने लगा है।

इधर घटनाओं को लेकर गोण्डा पुलिस व उच्चाधिकारियों का एक ही रटारटाया जवाब है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा वही गोण्डा पुलिस सुस्त पड़ी है तो अपराधी मस्त होकर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।ऐसे में जिस तरह से आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है।गोण्डा पुलिस पर सवाल उठना लाजिमी है बता दें कि जिले में अपराध पांव पसारता जा रहा है आए दिन अपराधी बिना किसी खौफ के आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जबकि सीएम योगी का सख्त आदेश हैं कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी बावजूद जिम्मेदार सीएम के आदेश को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं।

### 18 तक पुलिस के हाथ रहे खाली

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर पुलिस कैसे अपराधियों पर नकेल कसेगी नवागत कोतवाल निर्भय सिंह के लिए चर्चित लूट कांड गंभीर अपराध बेखौफ चोरों द्वारा घरों में घुसकर चोरी,बाइक चोरी, छिनेती सहित कर्नलगंज कोतवाली में विभिन्न स्थानों पर रेलवे की आड़ में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध मिट्टी खनन व परिवहन पर अंकुश लगाना चुनौती साबित हो रहा है। पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए इस तरह की योजना बनाई कि मानव अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेंकेगी लेकिन खाकी की सारी तैयारी हवा हवाई साबित हो रही है।वही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए बदमाशों को खोज निकालने और घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए चेतावनी भी दी जा चुकी है और इस मामले के खुलासे को एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें लगाई गई है फिर भी इसके बावजूद अब तक घटना के 18 दिन बीतने के बाद भी गोंडा पुलिस के हाथ खाली हैं।सीसीटीवी फुटेज खगांलने के बाद भी किसी निष्कर्ष पर गोंडा पुलिस नहीं पहुंच सकी है।

# यूपी युवा व्यापारमंडल के कौशल गुप्ता अध्यक्ष तारिक रजा बने महामंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल के निर्देश और युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा की अनुशंसा पर अमरिया तहसील अध्यक्ष कौशल गुप्ता एवं महामंत्री तारिक़ रज़ा द्वारा ग्राम निसरा व बारात बोझ की कार्यकारिणी गठन हेतु अध्यक्ष के रूप में प्रख्यात किराना व्यापारी पंडित जी के सुपुत्र संजय पांडेय एवं महामंत्री पद हेतु चावल व हार्डवेयर सेनेटरी युवा व्यापारी सलीम अंसारी को मनोनीत किया गया है। दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी गण को बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपनी पूरी कार्यकारिणी की घोषणा एक सप्ताह में करने हेतु कहा गया है। दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी गण ने दायित्व दिये जाने पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए पूर्ण निष्ठा एवं कर्मठता के साथ संगठन का कार्य करने एवं व्यापारी हितों के प्रति सर्वदा समर्पित रहने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है। इनके मनोनयन पर प्रदेश युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल अग्रवाल,मुख्य इकाई जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल, जिला संरक्षक प्रकाशवीर सिंह, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल,जिला उपाध्यक्ष तुषार अग्रवाल,प्रेम गोयल,देवेंद्र सिंह, अखिलेश गुप्ता,जिला कोषाध्यक्ष संजय पाण्डेय,महिला व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव,महिला जिलाध्यक्ष कंचन सक्सेना,महिला जिला महामंत्री शोभिनी सिंह,युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा,युवा महामंत्री राजन श्रीवास्तव,लघु उद्योग जिलाध्यक्ष नन्द किशोर कश्यप,युवा जिला कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल,अमरिया तहसील अध्यक्ष कौशल गुप्ता, तहसील महामंत्री तारिक़ रज़ा, बीसलपुर तहसील संयोजक अमित अग्रवाल,सह संयोजक नदीम अंसारी,पीलीभीत तहसील संयोजक तनवीर हुसैन,कलीनगर तहसील संयोजक मलकीत सिंह,जिला आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी गुलशन स्वर्णकार, जिला संगठन मंत्री अनुज खंडेलवाल,अमरिया अध्यक्ष असगर अली,महामंत्री मदन लाल गुप्ता,कोषाध्यक्ष इमरान कादरी,युवा अध्यक्ष हिंमांशु गुप्ता,पीलीभीत नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक,मझोला अध्यक्ष अजय गोयल,महामंत्री सलीम इदरीसी,कोषाध्यक्ष रमन भाटिया समेत समस्त व्यापार मंडल परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है दोनों नए पदाधिकारी व्यापारियों के हितों का संरक्षण करने का कार्य करेंगे।

# उत्तराखंड सीएम धामी से प्रदेश युवा व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने की भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।खटीमा सीमांत क्षेत्र में विकास की अनेक नई योजनाएं लाने एवं पीलीभीत-खटीमा,बरेली-सितारगंज-टनकपुर होते हुए चीन सीमा तक मार्ग समेत कई फोर लेन व सिक्स लेन मार्ग स्वीकृत कराने,कई नई ट्रेनें शुरू करवाने समेत सैकड़ों बड़ी परियोजनाएं स्वीकृत करवाकर इस क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति की गति तेज करवाने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उनको पगड़ी पहनाकर उनका अभिनन्दन किया।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीएम धामी की विकासपरक सोच और अनथक परिश्रम के चलते उत्तराखंड विकास के नित्य नए सौपान स्पर्श कर रहा है। निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।जिसका लाभ सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के सीमांत क्षेत्र को भी मिल रहा है।प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने सीएम से वार्ता कर निम्न समस्याओं की ओर भी उनका ध्यान आकृष्ट किया और कई सुझाव दिए और इन सबसे सम्बन्धित ज्ञापन उनको सौंपा जिस पर सीएम श्री धामी ने ठोस कार्यवाही की बात कही है।मझोला से सितारगंज मार्ग का हॉटमिक्स निर्माण सीएम धामी ने खटीमा विधायक रहते हुए करवाया था।जिसमें ग्राम भरा पचपेड़ा में अब उत्तर प्रदेश सरकार का इंडस्ट्रियल हब लग रहा है।और इस कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मझोला से बिरहेनी इस मार्ग का फोर लेन निर्माण कराया जा रहा है।सीएम से निवेदन किया गया कि बिरहेनी के आगे पड़ने वाले बिजटी से सितारगंज तक का मार्ग उत्तराखंड की सीमा में पड़ता है यदि इस शेष मार्ग को भी उत्तराखंड सरकार द्वारा फोर लेन बनवा दिया जाए तो मझोला सितारगंज पूरा मार्ग फोर लेन हो जाएगा और दिल्ली व देहरादून से इस क्षेत्र का सम्पर्क और आसान हो जाएगा तथा इस पूरे क्षेत्र को अत्यधिक लाभ मिलेगा। सीएम धामी के अथक प्रयासों से टनकपुर से देहरादून समेत विभिन्न ट्रैन चल रही हैं जिनमे से अधिकांश ट्रेनों का स्टॉपेज मझोला में नहीं है जिस कारण इस ट्रेनों का लाभ इस क्षेत्र के लोगों को बहुत कम मिल पा रहा है। मझोला रेलवे स्टेशन से उत्तराखंड के भी पोलिगंज, बनगवां,मझोला गांव,दाह, ढाकी,बग्गा54, सरपुडा,17 मील,भगचुरी,पिटरिया समेत दर्जनों गांव जुड़े हुए हैं। यदि टनकपुर से चलने वाली इन सभी ट्रेनों का एक छोटा स्टॉपेज मझोला भी रखवा दिया जाए तो पूरे क्षेत्र के लोगों को इन सभी ट्रेनों का भरपूर लाभ मिल सकेगा।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पीलीभीत से खटीमा मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में 4 लेन स्वीकृत करा दिया गया है।जिससे उस क्षेत्र का बहुत लाभ एवं विकास होने जा रहा है।सीएम धामी से प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने आग्रह किया है।कि सम्बन्धित निर्माण एजेंसियो को निर्देशित कर इसका निर्माण अति शीघ्र शुरू करवा दें। चूंकि इस समय मझोला- खटीमा मुख्य मार्ग काफी टूट चुका है। और इससे लोगों को बड़ी असुविधा होती है।इस कारण इसका निर्माण जितना शीघ्र शुरू ही जाए उतना ही श्रेयस्कर रहेगा।सीएम धामी को उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने सुझाव दिया यदि एक ट्रेन टनकपुर से अमृतसर शुरू करा दी जाए तो सभी क्षेत्रवासियों को बहुत लाभ होगा।इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने सीएम को बांसुरी और टाइगर रिजर्व की एक प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की एयर उन्हें पुष्प भेंट कर और पगड़ी पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने साथ गए युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष पीलीभीत शैली शर्मा और जिला कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल का भी परिचय सीएम धामी से कराया।

# माहौल खराब करना चाहते हैं बरसों पुरानी होली की जगह बदल कर नई परंपरा डालने वाले लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।प्रशासन के लाख सख्त होने के बाद भी हर साल होली को इधर उधर खिसका कर नई परंपरा डालने की खुराफात करने वाले अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं।जिससे लोगों की खुराफात पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई है।ऐसा ही एक मामला पूरनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़हा का प्रकाश में आया है ,जहां पुलिस , प्रधान ब गांव के लोगों द्वारा पुरानी जगह पर वर्षों से रखी जा रही होली के आधार पर समझौता करा देने के बाद भी उक्त गांव के उपद्रवी किस्म के लोग पुलिस का समझौता मानने को तैयार नहीं हैं और वोह दूसरे की खाली जगह में होली बढ़ा कर रखने की कोशिश में लगे हुए है जिससे गांव का माहोल खराब होने की आशंका बनी हुई है।ग्राम गुलड़हा निवासी पीड़ित टीकाराम पुत्र होरीलाल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस व पुलिस को दिए गए पत्र के बाद पुनः एस डी एम को दिए गए पत्र में कहा कि गांव में वर्षों से जिस जगह पर होली रखी जा रही है उसे गांव के ही सत्यप्रकाश , रामौतार ,अरविंद कुमार ,रामनरेश , श्यामू , धनंजय , पवन कुमार ,आकाश , अशोक, राजेंद्र , प्रदीप कुमार , अनिल ,आदि उक्त पुरानी होली को पुरानी जगह से हटाकर उसकी जगह में रखने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं ।यह लोग पूर्व में पुलिस ,प्रधान व गांव के लोगों द्वारा कराए गए समझौते को भी नहीं मान रहे हैं ।ऊपर से पीड़ित को ही शिकायत करने पर धमकी दे रहे हैं जिससे पीड़ित किसी अनहोनी घटना की आशंका को लेकर दहशत में है।सीनियर सिटीजन पीड़ित टीकाराम ने प्रशासनिक अधिकारियों से उक्त होली को नई जगह पर रखने की नई परंपरा डालने से रोके जाने की मांग की है।

# परिवार नियोजन एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों के परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत को सभागार कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया। उनके द्वारा उपस्थित सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उत्साह वर्धन करते हुये भविष्य में अपने कार्य एवं दायित्वों का ईमानदारी एवं मेहनत से निर्वाहन करने के लिये प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हरिदत्त नेमी द्वारा प्रतिभागियों को मेहनत एवं लगन से कार्य करने के लिये प्रेरित किया एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राजेश कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 छत्रपाल सिंह,महिला रोग विशेषज्ञ डॉ0 केके भट्ट,डॉ0 रतिका,डॉ0 नाजनीन आरा, आयुष एलएमओ,फार्मासिस्ट, स्टॉफ नर्स,एएनएम,आशा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# साइबर अपराध के बारे में स्कूली छात्राओं को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। साइबर अपराध से बचने हेतु साइबर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा डा. पुष्पेन्द्र सिंह स्मारक महाविद्यालय घाटमपुर मुंशीगंज की छात्राओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को जागरुक किया गया। साइबर थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सब लोग फोन काल एसएमएस या अन्य किसी माध्यम से ओटीपी या यूपीआई, एटीएम पिन किसी को न बताये। उन्होंने कहा कि केवाईसी के लिये एसएमएस पर ध्यान न दे और न ही दिये गये मोबाइल नम्बर पर काल करें। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि एसएमएस या व्हाट्स एप पर आये किसी भी लिंक या अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक में पंजीकृत मोबाइल नम्बर,आधार कार्ड नम्बर आदि दर्ज न करें और छोटी रकम का झांसा देकर आपकी निजी जानकारी चुरा लेना उसका मकसद होता है। उन्होंने कहा कि एटीएम मशीन के कैश निकासी और जमा करते समय किसी की सहायता न ले साथ ही अपने कार्ड के पीछे वाली सफ़ेद पट्टी पर अपना नाम अवश्य लिखे ताकि कार्ड बदले जाने पर तुरन्त पहचान कर सकें और बिना गार्ड वाले एटीएम मशीन को इस्तेमाल करने से बचे पिन को हाथ से छुपाकर रखें।एटीएम कार्ड का पिन हमेशा समय-समय पर बदलते करते रहे। उन्होंने कहा कि फोन, ईमेल, एसएमएस, व्हाट्स एप या न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त नौकरी, लाटरी, पालिसी बोनस, सस्ता लोन आदि पर भरोसा न करें, साथ ही बताये गये पेटीएम या अन्य किसी वालेट में या किसी बैंक खाते में रुपयों का स्थानान्तरण या कैश जमा न करें।

## समाजवादी पार्टी ने नियुक्त किए पदाधिकारी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला व विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन कर उन्हें मनोनयन पत्र दिए किए गए इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने अपने मनोनीत सभी पदाधिकारी को अपने दायित्ववो का निर्वहन करने के निर्देश दिए एवं आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीता कर लोकसभा में भेजने का काम करे।साथ ही मतदान कराने के अपील की उन्होंने कहा यह लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है।नही तो देश में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, मनोनीत जिला अकबर अंसारी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य, आरिफ अली कादरी, आशीष सिंह चौहान, इरशाद अहमद,रेहान अली कादरी सहित कई लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम संचालन समाजवादी पार्टी जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट ने की है।

## परिषदीय विद्यालय में हुआ वृक्षारोपण

पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत गढ़ा कला में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हुकुम सिंह ने पर्यावरण को हरा भरा और स्वच्छ बनाने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को लगाकर ग्राम वासियों को यह संदेश दिया है। कि अपने आसपास वातावरण को हरा भरा करना है। तो वृक्षारोपण करें। विद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र और छात्राओं को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी है।साथ ही विद्यालय में कार्य करने वाली रसोइयों को साड़ी वितरण की है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ बच्चे और ग्रामवासी मौजूद रहे।

## विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के बारे में किया गया जागरूक

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।माताफ़ेर पब्लिक इंटर कालेज के प्रांगण में सीटेड द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल के संरक्षण के साथ ही उपयोगिता के बारे में जागरुक किया गया।विश्व जल दिवस पर लोगों को मीठे पानी के महत्व और टिकाऊ जल प्रबंधन तकनीकों की आवश्यकता की याद दिलाई गई। जल जीवन मिशन के ब्लाक कोआर्डिनेटर शिव कैलाश शुक्ला ने कहा कि जल संसाधनों को संरक्षित और संरक्षित करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि पानी की कमी एक वैश्विक चिंता बन गई है। उन्होंने कहा कि पानी रोजमर्रा की गतिविधियों के लिये आवश्यक है, इसलिए इसका उचित उपयोग मीठे पानी के भंडारों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि औसतन एक व्यक्ति एक दिन में पैंतालिस लीटर तक पानी गलती से बर्बाद कर देता है इसलिये दैनिक जल उपयोग अभ्यास में कुछ बदलाव करने से भविष्य में उपयोग के लिये महत्वपूर्ण मात्रा में पानी बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के लिये सलाह दी गई जिसमें लीक और नलों के प्रवाह को ठीक करें,ब्रश करते वक्त पानी बंद रखें और शेविंग के दौरान नल से पानी बहते न रहने दें,घरेलू स्तर पर सोख्ता गड्ढा बनाएं इसके साथ ही सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा दें। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश शुक्ला,आलोक तिवारी, संदीप ओझा सहित सैंकड़ों बच्चे उपस्थिति रहे।

## अमेठी में टेंट हाउस में लगी भीषण आग: लाखों

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी में देर रात अज्ञात कारणों से टेंट हाउस की दुकान में भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जामो पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के सामने लोग गुस्से में नजर आए।आग से करीब दो लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के भादर रोड पर कस्बे में स्थित मिश्रा टेंट हाउस का है, जहां देर रात करीब 10 बजे अज्ञात कारणों से टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई। धुआं उठा देखा आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी, जिसके बाद आनन–फानन में मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने जामो पुलिस को फोन करके घटना की जानकारी दी।जानकारी मिलते ही जामो एसएचओ विवेक सिंह दलबल के साथ मौके पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी थी, लेकिन घटना के दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गुस्से का इजहार किया। पड़ोसियों ने आग लगने की दी जानकारी वहीं, दुकान मालिक करुणा शंकर मिश्र ने कहा कि वो अपने घर मौजूद थे तभी पड़ोसियों ने आग लगने की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही वो मौके पर पहुंचे तो आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से वैकल्पिक व्यवस्था के जरिये आग पर काबू पाया गया। आग से करीब दो लाख रुपए का सामना जलकर राख हो गया है।

# अमेठी में कोच को रेलवे कर्मचारियों ने दिया धक्का, वाराणसी से लखनऊ जा रही स्पेशल

## सुरक्षा टावर वैगन आउटर पर हो गई थी खराब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। अमेठी में गुरुवार देर शाम वाराणसी से लखनऊ जा रही स्पेशल सुरक्षा टावर वैगन मोटर खराब होने की वजह से स्टेशन के आउटर पर खड़ी हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने वैगन को धक्का देकर स्टेशन तक पहुंचाया।रेलवे कर्मचारियों द्वारा धक्का देकर स्टेशन तक पहुंचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वैगन वाराणसी से ट्रैक सुरक्षा की जांच करते हुए लखनऊ जा रहा था।रेलवे कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई दरअसल ये पूरा मामला लखनऊ वाराणसी रेल खंड स्थित निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास का है। जहां कल देर शाम लखनऊ सुल्तानपुर वाराणसी रेल ट्रैक पर निहालगढ़ रेलवे स्टेशन आउटर पर स्पेशल सुरक्षा टावर वैगन मोटर खराबी के चलते खड़ी हो गई।निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पहले सुल्तानपुर की तरफ कोच डीपीसी 12007 दृष्टि में तकनीकी कमी आ गई। कोच में तकनीकी कमी के बाद रेलवे कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। दूसरा इंजन लखनऊ से आने के बाद इसे रवाना किया गया

बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे रेलवे के कर्मचारियों ने किसी तरह धक्का देकर कोच को स्टेशन पहुंचाया। स्टेशन पहुंचने के बाद कोच को भेजने के लिए दूसरे इंजन की डिमांड की गई है।फिलहाल इस मामले में अभी तक किसी अधिकारी का बयान नहीं आया है। बताया जा रहा है कि ये वैगन वाराणसी से लखनऊ की तरफ ट्रैक सुरक्षा की जांच करते हुए जा रही थी। घटना के तीन घंटे बाद दूसरा इंजन लखनऊ से आने के बाद इसे रवाना किया गया।

# डीएम ने गौ आश्रय स्थल मंगरौरा और गेहूं क्रय केंद्र व सीएचसी का किया आकस्मिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शुकुल बाजार अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को विकास खण्ड जगदीशपुर अंतर्गत गौआश्रय स्थल मंगरौरा, जाफरगंज मंडी में गेहूं क्रय केंद्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।डीएम ने गौ आश्रय स्थल मंगरौरा का निरीक्षण कर गोवंशो को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गायों को हरा चारा, भूसा व पशु आहार दिए जाने के संबंध में केयरटेकर से जानकारी ली, एवं निर्धारित मात्रा में गायों को चारा, भूसा व पशु आहार देने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने नियमित रूप से गायों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश पशु चिकित्सा अधिकारी को दिया। हरे चारे के रूप में वर्तमान में बरसीम का प्रयोग किया जा रहा है जिलाधिकारी ने और हरे चारे की बुआई करने के निर्देश दिये गौशाला के चारों ओर खाई पर जाली लगवाने को कहा तथा गर्मी के दृष्टिगत गोवंशो हेतु पर्याप्त छांव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल एक सौ इकतालीस गोवंश मौजूद थे।जिलाधिकारी ने गोवंशो के खाने पीने पर विशेष ध्यान देते हुये उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जाफरगंज मंडी में स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण कर गेहूं खरीद के संबंध में की गई तैयारियों का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद की स्थिति के संबंध में जानकारी ली जिस पर एएमओ संतोष कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक प्रारंभ होगी, जिलाधिकारी ने क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने क्रय केंद्र पर कांटा, छान्ना, नमी मापक यंत्र, बोरे आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित एमओआईसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# अमेठी की चुनावी रणभूमि में दो बार हो चुकी है गांधी से गांधी की टक्कर

## दिलचस्प रहा है परिणाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। सीट पर अब से पहले दो बार गांधी से गांधी की सीधी टक्कर हो चुकी है। चार दशक पीछे जाए तो 1984 का लोक सभा चुनाव ऐसा था। जिसमें गांधी परिवार का आपसी टकराव देश में सामने आया था। काफी चर्चित रहे 1984 के चुनाव में राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे।

अमेठी से राहुल गांधी लोकसभा चुनाव लड़ने आएंगे या नहीं। इसको लेकर अमेठी के साथ पूरे देश में चर्चा तेज है। अमेठी सीट पर अब से पहले दो बार गांधी से गांधी की सीधी टक्कर हो चुकी है। चार दशक पीछे जाए तो 1984 का लोक सभा चुनाव ऐसा था। जिसमें गांधी परिवार का आपसी टकराव देश में सामने आया था। काफी चर्चित रहे 1984 के चुनाव में गांधी परिवार के दो सदस्य राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। 1989 में असली व नकली गांधी को मुद्दा बनाकर जनता दल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मुकाबले महात्मा गांधी के पौत्र राज मोहन गांधी को मैदान में उतारा था।करीब चार दशक पहले 31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बन चुके थे। राजीव गांधी उस समय अमेठी से सांसद थे।

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 26 दिसंबर 1984 को आम चुनावों की तिथि निर्धारित हो गई थी। राजीव गांधी फिर से अमेठी से चुनावी मैदान में थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद गांधी परिवार में चल रही अंदर खाने की लड़ाई बाहर आ गई और मेनका गांधी ने उस समय प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से 'संजय विचार मंच' से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। गांधी परिवार के ही दो सदस्य एक दूसरे के सामने थे। एक तरफ प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे तो दूसरी तरफ साइकिल निशान के साथ उनके भाई संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी। लोगों की जनभावनाएं दोनों तरफ थी। पुराने लोगों का कहना है कि अमेठी की जनता बड़ी दुविधा में थी। एक तरफ इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जनता की सहानुभूति राजीव गांधी के साथ थी।

वहीं दूसरी ओर अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव।मेनका गांधी की सभाओं में भीड़ तो उमड़ती थी, लेकिन ये भीड़ वोट में तब्दील नहीं हो सकी। इंदिरा गांधी की हत्या से उमड़ी सहानुभूति की लहर में अमेठी की जनता ने राजीव गांधी को चुना। मेनका गांधी की जमानत नहीं बच पाई। उस समय राजीव गांधी व मेनका गांधी सहित 31 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। कुल 4,46,289 वोट पड़े थे। जिसमें से 3,65,041 वोट राजीव गांधी और मात्र 50,163 वोट ही मेनका गांधी को मिले थे। इस चुनाव में पहली बार अमेठी में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप भी कांग्रेस पर लगे थे। अमेठी संसदीय क्षेत्र के सबसे चर्चित चुनावों में एक 1989 आम चुनाव भी था। बोफोर्स का मुद्दा गरम था। जनता दल व भाजपा संयुक्त रूप से कांग्रेस के मुकाबले चुनावी रण में उतरी थी।

राजा नहीं फकीर है का नारा पूरे देश में बुलंद था।ऐसे में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने अमेठी में राजीव गांधी के मुकाबले राज मोहन गांधी को मैदान में उतारकर असली बनाम नकली गांधी को हवा देते हुए राजीव गांधी को हैट्रिक लगाने से रोकने की पुरजोर कोशिश की पर जनता राजीव गांधी के साथ तन कर खड़ी रही और उन्हें 2,71,407 मत मिले। जबकि तमाम कोशिश के बाद भी जनता दल के राज मोहन गांधी को 69,269 मतों से ही संतोष करना पड़ा। बसपा संस्थापक कांशीराम को इस चुनाव में मात्र 25,400 मत ही मिले थे। देश की राजनीति में इन दो मौकों को छोड़ दिया जाए तो फिर कहीं और कभी भी गांधी से गांधी की सीधी चुनावी लड़ाई नहीं हुई। इतना ही नहीं मेनका गांधी व राज मोहन गांधी चुनाव हारने के बाद कभी भी लौटकर अमेठी नहीं आए। वरुण गांधी भी अब तक अमेठी से दूरी बनाए हुए हैं। यह बात अलग है कि इस बार राहुल गांधी के साथ ही उनके नाम की चर्चा अमेठी में खूब है।

# हाइवे पर घायल दो युवक ठेले से पहुंचे अस्पताल, एक गम्भीर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। लखनऊ-बलिया नेशनल हाइवे पर बीती रात मोतिगरपुर कस्बे में बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे में घायल हुए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस को फोनकर बुलाया। घंटे भर का समय बीत गया और एंबुलेंस नहीं आई तो ठेले से दोनों घायलों को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। हादसे में घायल एक युवक की हालत बेहद नाजुक है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ-बलिया हाइवे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने मोतिगरपुर कस्बे की कादीपुर रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ब्रेकर बनाया जा रहा है। इसके लिए सड़क खुदी हुई है और इस पर कोई संकेतक नहीं लगा है। इसी कारण बीती रात पल्सर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर हाईवे पर गिर गए। दोनों काफी चोटे आई हैं। 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर सिपाहियों ने ठेले से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया है। घायलों की पहचान दिवाकर निषाद (30) पुत्र मुसई निषाद और अरुण निषाद (30) पुत्र आनंद निषाद निवासीगण ग्राम नानेमऊ थाना मोतिगरपुर के रूप में हुई है। इसमें अरुण की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है दोनों युवक मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के महमूदपुर जंगल से रिश्तेदारी से लौट रहे थे।

# जिला पंचायत सदस्य तमंचा के साथ गिरफ्तार



सुलतानपुर। करौंदीकला थाना क्षेत्र के कनरवल तिराहे के पास वाहन चेकिंग के दौरान वार्ड संख्या पांच से जिला पंचायत सदस्य को पुलिस ने पकड़ा।तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। करौंदीकला थाने की पुलिस दोपहर में क्षेत्र के कनरवल तिराहे के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच वहां से पैदल गुजर रहे वार्ड संख्या पांच के जिला पंचायत सदस्य चंदन यादव उर्फ बग्गड़ यादव निवासी भूपतिपुर थाना कादीपुर को संदिग्ध हालत में देखकर पुलिस ने रोका। तलाशी में उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए।बताया जा रहा है कि आरोपी जिला पंचायत सदस्य पर 16 अक्तूबर 2021 को करौंदीकला थाना क्षेत्र के खालिसपुर गोपालपुर गांव में हवाई फायरिंग करने का केस दर्ज है। इस संबंध में करौंदीकला थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार जिला पंचायत सदस्य चंदन यादव के खिलाफ स्थानीय थाने के अलावा पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाने में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# प्रदूषण की राजधानी

निश्चय यह शर्म की बात है कि हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली दुनिया में सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी घोषित की गई है। निस्संदेह, यह तंत्र की काहिली और समाज के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की बानगी भी है। विडंबना यह भी है कि दिल्ली समेत भारत के बारह शहर विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित पंद्रह शहरों में शुमार हुए हैं। निश्चित रूप से ये शर्मनाक हालात हमारी तरक्की के तमाम दावों पर सवालिया निशान लगाते हैं। ऐसे कथित विकास व समृद्धि के क्या मायने हैं कि हम बच्चों व बुजुर्गों को स्वच्छ हवा नहीं दे पा रहे हैं। कल्पना कीजिए उन मरीजों की स्थिति की, जो पहले ही सांस व फ़ेफड़े से जुड़े रोगों से ग्रस्त हैं। उनके जीवन में यह प्रदूषित हवा किस तरह जहर घोल रही होगी, कल्पना करने से भी डर लगता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का वह आंकड़ा डराने वाला है, जिसमें विश्व के करीब सात हजार आठ सौ शहरों के डेटा विश्लेषण के बाद कहा गया कि दुनिया में वायु प्रदूषण से हर साल सत्तर लाख मौतें होती हैं। निश्चित रूप से यह आंकड़ा पिछले दिनों आई कोरोना महामारी की क्षति से भी बड़ा है। यह वैज्ञानिक सत्य है कि हमारे शहरों की हवा में मौजूद पीएम 2.5 प्रदूषक कणों के कारण अस्थमा, कैंसर, हार्टअटैक व फ़ेफड़ों की अन्य बीमारियां बढ़ जाती हैं। निश्चित रूप से एक स्वच्छ, स्वस्थ और स्थिर पर्यावरण हर व्यक्ति के मानवाधिकार का हिस्सा है, जिसको सुनिश्चित करना सरकारों का नैतिक दायित्व है। लेकिन विडंबना देखिए कि किसी भी चुनाव में जानलेवा होता पर्यावरण प्रदूषण मुद्दा नहीं बनता। यह दुखद स्थिति है कि वायु प्रदूषण के मामले में हमारी गिनती बांग्लादेश व पाकिस्तान के बीच हो रही है, जो हम से कुछ ज्यादा प्रदूषित हैं। निश्चित रूप से स्विट्जरलैंड की संस्था आईक्यूएयर की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 आंख खोलने वाली है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि दिल्ली वर्ष 2018 के बाद चौथी बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी घोषित हुई है। लेकिन गाल बजाते सत्ताधीश आत्मप्रशंसा के गीत गाने में व्यस्त हैं। यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर हमारी प्राणवायु निरंतर जहरीली क्यों होती जा रही है। कहना कठिन है कि इसमें आबादी के बोझ से बजबजाते शहरों की भूमिका है, हमारे तंत्र की नाकामी की देन हैं या हमारी जीवनशैली का खोट सामने आ रहा है। सर्दियों के मौसम की दस्तक के साथ अक्तूबर व नवंबर में दिल्ली गैस चौंबर में तब्दील हो जाती है। इस दौरान कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता का सूचकांक बेहद गंभीर 450 से ऊपर पहुंच जाता है। लेकिन शासन-प्रशासन के लोग कभी इसके लिये किसानों पर पराली जलाने की जिम्मेदारी थोप देते हैं तो कई बार मौसम के मिजाज की दलील दे देते हैं। बार-बार सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बावजूद प्रदूषण के स्थायी समाधान की कोशिश नहीं होती। ऑड-ईवन सिस्टम, पानी का छिड़काव, वाहनों के मानकों में बदलाव, फैक्टरियों व निर्माण कार्य पर रोक, पुराने व डीजल वाहनों के नियमन आदि कुछ फौरी उपायों से प्रदूषण नियंत्रण की कवायद तो होती है, लेकिन संकट का स्थायी समाधान होता नजर नहीं आता। एक नागरिक के रूप में हम भी सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल से बचते हैं। दिल्ली में मेट्रो रेल की सुविधाओं के बावजूद सड़कों पर कारों का सैलाब थम नहीं रहा है। सामाजिक स्तर पर वाहन शेयर करके यात्रा करने से हम कतराते हैं। आम लोगों में ऐसा राष्ट्रीयबोध नजर नहीं आता है कि हम देश व समाज के लिए कुछ सुविधा व विलासिता का त्याग कर सकें। दरअसल, प्रदूषण का संकट न सिर्फ ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान की कई स्टेज लागू करने से होगा और न ही सिर्फ सरकारी प्रयासों से। एक नागरिक के रूप में हम अपने कर्तव्यों का किस हद तक पालन करते हैं, वायु स्वच्छता का स्तर पर इस बात पर निर्भर करेगा। ऑड-ईवन सिस्टम भी एक आधा-अधूरा उपचार है। निश्चित रूप से यह बड़ा संकट है और इस संकट का समाधान भी बड़े उपायों व दृढ़ इच्छाशक्ति से ही होगा। राजनेताओं को भी पराली तथा अन्य मुद्दों में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों से उठकर देश हित में कड़े फैसले लेने होंगे।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से उपजते सवाल

**अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। वह यह कि भारतीय सियासत वह काजल की कोठरी है, जहां से बेदाग निकलना नामुमकिन है। क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास तो कोई विभाग भी नहीं था, फिर भी वो फंस गए। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार के मामले में भारतीय प्रशासन द्वारा जो पीक एंड चूज कार्रवाई की जाती है, वह भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। चाहे न्यायपालिका हो या मीडिया, प्रशासनिक तिकड़म को समझने में प्रायः विफल प्रतीत हुए हैं! रही बात विधायिका की तो प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरह की मनमानी करने की छूट देने के लिए सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी कम जिम्मेदार नहीं है। क्योंकि जिन कानूनों के आधार पर ऐसी कार्रवाईयां होती आईं हैं, उसे अंतिम रूप तो आखिर संसद या विधान मंडलों में ही दी जाती है। सच कहूं तो देश में भ्रष्टाचार 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता' की तरह सर्वव्यापी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समझदारी या मिलीभगत से सही को गलत और गलत को सही ठहराने के बहुतेरे उदाहरण हर किसी को उसके आसपास में ही मिल जाएंगे।**

आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाना सही है या गलत- यह प्रशासनिक और न्यायिक विमर्श का विषय है। लेकिन आम चुनाव 2024 के ठीक पहले और देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के तत्काल बाद जिस तरह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, यह भारतीय लोकतंत्र और सियासत के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है! मेरा स्पष्ट मानना है कि इस घटनाक्रम से आप पार्टी और इंडी गठबंधन को भारी क्षति के विपरीत काफी लाभ भी हो सकता है, बशर्ते कि पूरे घटनाक्रम का प्रस्तुतीकरण जनमानस में सही तरीके से किया जाए और सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने की फितरत से हुई इस प्रशासनिक कार्रवाई के विरुद्ध हर गली-कूची के भ्रष्टाचार की फोटो और उसकी आधिकारिक अनदेखी के विरुद्ध पम्फलेट वितरण अभियान शुरू किया जाए। वहीं, जगह जगह सक्षम माननीय न्यायालय को पत्र भेजकर उसकी प्रतिलिपि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाए और स्थानीय मीडिया को भेजी जाए, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी जनजागृति पैदा हो सके। वैसे तो लोकल मीडिया में ऐसे प्रकरण हमेशा प्रकाश में आते रहते हैं, लेकिन उनपर प्रशासनिक खामोशी के खिलाफ न्यायालय जाने के कम ही मामले प्रकाश में आते हैं। शायद इसलिए कि भ्रष्टाचार के हमाम में कहीं न कहीं हर कोई नँगा है। अमूमन विपक्षी दल भी ऐसे मामलों में धरना-प्रदर्शन के अलावा ज्यादा दूरदर्शी रवैये नहीं अपनाते, जिसके चलते ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे जनता अक्सर परेशान रहा करती है। इसलिए भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना जरूरी है ताकि सत्ता पक्ष के इशारे पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई करने वाले भारतीय प्रशासन को चुनावों में बेनकाब करते हुए जनादेश मांगा जाए। आपको याद होगा कि अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी का जन्म यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में चले एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से ही हुआ है। ऐसे में आबकारी नीति घोटाले में आप मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने आपमें एक यक्ष प्रश्न है। वह यह कि भारतीय सियासत वह काजल की कोठरी है, जहां से बेदाग निकलना नामुमकिन है। क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास तो कोई विभाग भी नहीं था, फिर भी वो फंस गए। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार के मामले में भारतीय प्रशासन द्वारा जो पीक एंड चूज कार्रवाई की जाती है, वह भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। चाहे न्यायपालिका हो या मीडिया, प्रशासनिक तिकड़म को समझने में प्रायः विफल प्रतीत हुए हैं! रही बात विधायिका की तो प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरह की मनमानी करने की छूट देने के लिए सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी कम जिम्मेदार नहीं है। क्योंकि जिन कानूनों के आधार पर ऐसी कार्रवाईयां होती आईं हैं, उसे अंतिम रूप तो आखिर संसद या विधान मंडलों में ही दी जाती है। सच कहूं तो देश में भ्रष्टाचार 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता' की तरह सर्वव्यापी है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समझदारी या मिलीभगत से सही को गलत और गलत को सही ठहराने के बहुतेरे उदाहरण हर किसी को उसके आसपास में ही मिल जाएंगे। बावजूद इसके भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रशासनिक तिकड़म जारी रहती है। उसने अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचारियों की कतार में खड़ा करके इस बात के संकेत दे दिए हैं कि 'भ्रष्टाचार' को 'शिष्टाचार' के इतर तरह तरह से परिभाषित करने का खेल न कभी चला है और न ही चलने दिया जाएगा। इसकी सूची में बलि का बकरा अक्सर राजनेता बनेंगे, जबकि उनसे जुड़े अधिकारियों की भी गिरफ्तारी साथ साथ होनी चाहिए। क्योंकि 'पवित्र पाप' यानी भ्रष्टाचार कोई भी राजनेता अकेला नहीं कर सकता, जब तक कि अधिकारियों का एक सलाहकार वर्ग या जिम्मेदार वर्ग उनसे मिला हुआ न हो। यह ठीक है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल को अब प्रमुख विपक्षी दलों का साथ मिल गया है, जिससे उनकी परेशानी कुछ कम होगी। लेकिन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को इससे लेने के देने भी पड़ सकते हैं। क्योंकि अरविंद केजरीवाल का आजतक का इतिहास यही रहा है कि अपने विरुद्ध पैदा किए



हुए हर मुद्दे का सियासी लाभ अंततोगत्वा उन्होंने ही उठाया है। इस बार भी वो यही करेंगे! हो सकता है कि दो राज्यों में अपनी सरकार बनाने वाली पहली विपक्षी पार्टी आप, जिसे अब राष्ट्रीय पार्टी का भी दर्ज़ा मिल चुका है, अपने मिशन 2024 के तहत अपना देशव्यापी विस्तार कर ले और अपने सांसदों की संख्या 2 अंकों में लेते आये। यदि ऐसा होता है तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी। आपको पता होना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल एकदम हठी राजनेता है। वो गिरफ्तार हो गए, लेकिन त्यागपत्र नहीं दिया। इससे मुख्यमंत्री रहते हुए गिरफ्तार होने वाले वो पहले राजनेता बन गए। आगे भी वो कोई बड़ा गुल अवश्य खिलाएंगे। आप नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के बाद अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से इस बात को बल मिलता है कि 'आप' नेताओं की अग्रिम पंक्ति को ईडी ने लगभग खाली कर दिया। हालांकि, उसकी दूसरी पंक्ति के नेता आपस में कितना सामंजस्य बिठाकर अगली रणनीति बनाएंगे, सारी भावी सफलता इस बात पर ही निर्भर करेगी। – **कमलेश पांडेय**

# पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 22 मार्च को दुनियाभर में लोगों में जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित 'पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। दरअसल जल धरती पर मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और वर्तमान में पृथ्वी पर पेयजल की उपलब्धता से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। पानी की समस्या भारत में भी लगातार गंभीर होती जा रही है, जिसका अंदाजा हाल के बेंगलुरु जल संकट से आसानी से लगाया जा सकता है। ऐसे में विश्व जल दिवस की महत्ता हमारे लिए भी कई गुना बढ़ जाती है। देश में हर साल जाने-अनजाने करोड़ों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसी वजह से कुछ वर्ष पूर्व विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च के ही दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' की शुरुआत की थी और उस अभियान के तहत देश के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन के लिए नारा दिया गया था 'जहां भी गिरे, जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।'

एक ओर जहां करोड़ों लोग विशेषकर गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहते हैं, वहीं बारिश के मौसम में वर्षा जल का संरक्षण-संचयन नहीं होने के अभाव में प्रतिवर्ष लाखों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि इस पानी का संरक्षण कर लिया जाए तो देश की बड़ी आबादी की प्यास इसी पानी से बुझाई जा सकती है लेकिन चिंता की बात है कि देश में अभी तक वर्षा जल संरक्षण को लेकर कहीं जागरुकता नहीं दिखती। पर्यावरण संरक्षण पर हिन्दी अकादमी के सहयोग से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार भारत में जल संकट बढ़ने का एक बड़ा कारण यही है कि हम वर्षा जल का बहुत ही कम मात्रा में संरक्षण कर पाते हैं। देश में प्रतिवर्ष करीब तीन हजार अरब घन मीटर पानी की जरूरत होती है जबकि भारत में होने वाली वर्षा की मात्रा करीब चार हजार अरब घन मीटर होती है लेकिन वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने के कारण मामूली से वर्षा जल का ही संग्रहण संभव हो पाता है। एक ओर जहां इजराइल जैसे देश में औसतन दस सेंटीमीटर वर्षा होने के बावजूद भी वह इतने अन्न का उत्पादन कर लेता है कि उसका निर्यात करने में भी सक्षम हो जाता है, वहीं दूसरी ओर भारत में औसतन पचास सेंटीमीटर से भी ज्यादा वर्षा होने के बावजूद अन्न की कमी बनी रहती है। दरअसल नदियों-तालाबों जैसे पवित्र माने जाते रहे जलस्रोतों को सहेजने में लापरवाही और भूमिगत जल में प्रदूषण की बढ़ती मात्रा तथा वर्षा जल संचयन का उचित प्रबंध न होना भारत में जल संकट गहराते जाने की मुख्य वजह बन रहे हैं। देश में आज के आधुनिक युग में भी बहुत से इलाकों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है या लंबी-लंबी कतारों में लगकर कामचलाऊ पानी मिल जाता है। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आ चुका है कि कुछ इलाकों में महिलाओं को पीने का पानी लाने के लिए प्रतिदिन औसतन छह किलोमीटर से भी ज्यादा का सफर पैदल तय करना पड़ता है। हालांकि सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत हर घर को पानी मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि देश में 2030 तक पानी की जरूरत दोगुनी हो जाएगी और 2050 तक यह चार गुना बढ़ जाएगी तथा जल संकट का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर छह फीसदी तक असर पड़ सकता है। भारत में पानी की कमी का संकट लगातार किस कदर गहरा रहा है, इसका अनुमान सरकार द्वारा संसद में दी गई उस जानकारी से भी लगाया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2001 और 2011 में भारत में जल उपलब्धता प्रति व्यक्ति क्रमशः 1816 और 1545 घन मीटर थी, जो अब 1480 घन मीटर से भी कम रह जाने का अनुमान है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन किए जाने का ही नतीजा है कि कई शहरों में भू-जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है।

## सेहत मंत्र

# गर्मियों में ठंडे पानी से नहाने से शरीर को मिलते हैं गजब के फायदे

गर्मियों के महीनों की चिलचिलाती धूप और तपते तापमान से ठंडे पानी से नहाना राहत दिला सकता है। ठंडे पानी से नहाने का विकल्प न केवल ताजगी देता है बल्कि शरीर को कई लाभ भी प्रदान करता है। गर्मी से तत्काल राहत के अलावा ठंडे पानी के फुहारें दिमाग को तरोताजा करती हैं और त्वचा और बालों को कई लाभ पहुंचाती हैं। इसके अलावा भी कई स्वास्थ्य लाभ है, जो ठंडे पानी से नहाने से मिलते हैं, चलिए इनके बारे में जानते हैं। शरीर को गर्मी से राहत मिलती है- ठंडा पानी आपके शरीर के तापमान को ठंडा करके गर्मी से तुरंत राहत प्रदान कर सकता है। यह आपको तरोताजा और पुनर्जीवित महसूस करने में मदद कर सकता है, खासकर गर्मी के दिनों में। खून के प्रसार में सुधार करता है- ठंडे पानी से आपकी रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे परिसंचरण में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह गर्म मौसम के दौरान विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जब रक्त वाहिकाएं गर्मी को खत्म करने के लिए फैल सकती हैं, जिससे संभावित रूप से असुविधा या थकान हो सकती है। थकान दूर कर दिमाग की सतर्कता बढ़ाता है- ठंडे पानी का झटका आपके तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित कर सकता है, जिससे सतर्कता और मानसिक स्पष्टता बढ़ जाती है। यदि आप गर्मी में सुस्ती या थकान महसूस कर रहे हैं तो यह विशेष रूप से सहायक हो सकता है। त्वचा और बालों के लिए लाभदायक- ठंडा पानी छिद्रों को कसने, तैलीयपन को कम करने और आपकी त्वचा के समग्र स्वरूप में सुधार करने में मदद कर सकता है। यह क्यूटिकल्स को सील करके आपके बालों को चमकदार बना सकता है। इम्युनिटी को बढ़ावा देता है- कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि ठंडे पानी के संपर्क में आने से प्रतिरक्षा प्रणाली उत्तेजित हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। लेकिन फिर भी ठंडे फुहारें गर्मियों में छोटी-मोटी बीमारियों को दूर रखने में मदद करते हैं।

## धर्म मंत्र

# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्री श्याम

हमारे देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

## पर्यटन



# घूमने के लिहाज से बेहद शानदार हैं अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है। इस राज्य में संस्कृति से लेकर खानपान और मौसम हर एक चीज में अलग है। अरुणाचल प्रदेश को पूरब का सूर्योदय भी कहा जाता है। गर्मियों में यहां पर घूमने का सबसे बेस्ट सीजन माना जाता है। घूमने-फिरने के लिहाज से यह काफी शानदार जगह है। ऐसे में अगर आप भी अरुणाचल प्रदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको इन जगहों की सैर बिलकुल भी मिस नहीं करना चाहिए। रोइंग को इस प्रदेश की जान कहा जाता है। बर्फ से ढके पहाड़, झील व झरने और साफ-सुथरी नदियां इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। फरवरी महीने में यहां एक फ़ेस्टिवल का आयोजन भी होता है। जो काफी रोमांचक होता है। इस फ़ेस्टिवल को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग घाटी में रोइंग स्थित है। नेचर लवर्स से लेकर एडवेंचर तक के लिए रोइंग एक बेहतरीन जगह है। प्रदेश के चांगलांग को अपनी बेहद नायाब खूबसूरती के लिए जाना जाता है। अरुणाचल की यह जगह खास संस्कृति और परंपराओं को समेटे हुए है। राज्य की राजधानी ईंटानगर से चांगलांग की दूरी 307 किमी है। समुद्र तल से 200 मीटर से 4,500 मीटर की ऊंचाई तक चांगलांग स्थित है। यह जगह फोटोग्राफी के लिए भी काफी अच्छी है। अरुणाचल प्रदेश में मेचुका वैली बेहद शानदार हिल स्टेशन है। मेचुका वैली शि-योमी जिले में बसी है। यह समुद्रतल से लगभग 6000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। अगर आप नेचर लवर्स हैं, तो यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। अरुणाचल की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देखने के लिए इस जगह को एक्सप्लोर करना चाहिए। इसको मिनी स्विटजरलैंड भी कहा जाता है। यहां पर आप गुरु नानक तपोस्थान और गुरुद्वारा, न्यू गोम्पा, दोर्जिलिंग गांव, हनुमान पॉइंट, मेचुका बस्ती, सैमटेन योंगचा मठ (पुराना गोम्पा) जरूर देखें। अरुणाचल प्रदेश लोअर सुबानसिरी जिले में समुद्रतल से लगभग 5500 फुट की ऊंचाई पर स्थित जीरो वैली बेहद खूबसूरत स्थान है।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल से विकसित भारत की नींव को मिलेगी मजबूती: कमलेश मिश्रा

## कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प ''नरेंद्र मोदी ही हमारा प्रत्याशी' मोदी परिवार टिफिन बैठक में जुटा भाजपाई कुनबा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। लखपेड़ा बाग स्थित एक निजी लॉन में शुक्रवार को मोदी परिवार टिफिन बैठक का आयोजन हुआ,जिसमे बाराबंकी नगर और बंकी नगर मंडल के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ ही जिले के दिग्गज भाजपाईयों का जमावड़ा हुआ।जनप्रतिनिधियों से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपना अपना टिफिन लेकर बैठक में पहुंचे।भारी संख्या में जुटे भाजपाई कुनबे को क्षेत्रीय अध्यक्ष के आह्वान ने उत्साहित कर दिया। रंगों के त्योहार पर कार्यकर्ताओं संग फूलों की होली खेलकर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को होली की बधाई भी दी।उन्होंने कहा कि साथ में भोजन करने से सिर्फ सामाजिक समरसता ही नहीं बल्कि विचारों का आदान प्रदान भी होता है।कहा कि 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन योजना का लाभ देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह साबित कर दिया है कि वो देश को अपना परिवार मानते हैं। कहा कि मोदी की गरीब कल्याण योजनाएं मां के गर्भ से शुरू होकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक देशवासियों को सुरक्षा का कवच प्रदान करती हैं।कहा कि विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है।उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि प्रत्येक लोकसभा सीट पर नरेंद्र मोदी ही भाजपा के प्रत्याशी हैं।कहा धारा 370 की समाप्ति, नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक कानून एवम अयोध्या में राम मंदिर निर्माण सहित तमाम वादों को पूरा करके नरेंद्र मोदी सरकार ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा जो कहती है वह पूरा करके भी दिखाती है।खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनने वाली सरकार में कई ऐतिहासिक फैसले लिए जाने हैं जो भारत को विश्व गुरु बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि पूरा देश मोदी का परिवार है।निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से लेकर सभी कार्यकर्ताओं को पन्ना प्रमुख आवश्यक रूप से बनना है।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ,विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा एवम दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह, बैजनाथ रावत,शरद अवस्थी,सुधीर कुमार सिंह सिद्धू,संतोष सिंह,अवधेश श्रीवास्तव,राम कुमारी मौर्य, यश मिश्रा,डॉक्टर विवेक वर्मा, संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई,आशुतोष अवस्थी, रचना श्रीवास्तव,प्रमोद तिवारी,मनोज वर्मा,नवीन राठौर, रामेश्वरी त्रिवेदी,सरोज रावत,रोहित सिंह,शशि गुप्ता,जंग बहादुर पटेल,हर्षित वर्मा,गुरु शरण लोधी,शील रत्न मिहिर,विष्णु प्रभाकर वर्मा,सरिता सिंह,संजीव वर्मा,राजेश वर्मा,प्रशांत मिश्रा,अरुण रावत,सर्वेश अवस्थी,राजेंद्र जायसवाल,राम प्रकाश श्रीवास्तव,रविकांत शुक्ला,शिवस्वामी वर्मा,बृजेश रावत,प्रियंका पाठक,राकेश पटेल सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

## हर दिल में एक ही चाहत नशा मुक्त हो अपना भारत: सदानंद वर्मा

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर मे समाजसेवी ने व्यक्त किए अपने वचन

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



बाराबंकी। नशा अपने साथ सौ बुराई लेकर चलता है। नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति कमजोर कर देता है और शरीर की अन्तः क्रियाओं को को प्रभावित करता है।

उक्त विचार मुख्य अतिथि समाजसेवी सदानंद वर्मा अध्यक्ष आंखें फाउंडेशन ने वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में दूसरे दिन बौद्धिक सत्र के दौरान व्यक्त किए। श्री वर्मा ने यह एक स्लोगन भी पढ़ा- हर दिल की अब यह है चाहत, नशा मुक्त हो मेरा भारत। श्री वर्मा ने देश में बेटियों की दशा दिशा पर भी चर्चा की।

विशिष्ट अतिथि एड.सुनील कुमार मौर्य ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। महाविद्यालय में चल रहे विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत सहायक कार्यक्रमाधिकारी गुलाम नबी ने लक्ष्य गीत से किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं ने अमदहा मजरे कोटवा में ग्रामीणों को नशा मुक्ति से संबंधी जानकारी दी। ग्रामीणों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव व कैंसर जैसी भयानक बीमारी के बारे में बताया। विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि का स्वागत महाविद्यालय के शैक्षिक समन्वयक डॉ0 दिनेश सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ.रुचि सिंह प्राचार्या वीणा सुधाकर ओझा कॉलेज आफ फार्मेसी ने कहा कि हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित विष्णु मिश्रा, संतोष कुमार, जितेंद्र यादव, नीरज वर्मा, चंद्रेश, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, अर्चना यादव, मंजूलता शर्मा, सुष्मिता शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।

## देवा क्षेत्र के बीआरसी में एक दिवसीय एसएमसी प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



बाराबंकी।शिक्षा क्षेत्र देवा में एक दिवसीय प्रशिक्षण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएमसी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में एसएमसी के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक सीमा सवालानी द्वारा आउट ऑफ स्कूल और यूड डायस प्लस के बारे में प्रियवंदा सिंह द्वारा एसएससी गठन कार्यों के बारे में रुचि चतुर्वेदी द्वारा न्यूटिशन व चाइल्ड हेल्थ के बारे में बताए गए जिसके अंतर्गत सभी सदस्यों को सदस्यों और प्रधानाध्यापक उत्तर शिक्षक आनंद लिया शिक्षक रति सिंह द्वारा फोर्टिफाईड चावल के बारे में सहयोग में प्रीती वर्मा ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया एवं छोटी-छोटी क्लिप के माध्यम से सदस्यों को दिखाया गया।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर में मिशन हरियाली के संयोजक पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण रोपण कार्यक्रम किया जिसमें एसएमसी अध्यक्ष प्रधानाध्यापक के सहयोग से बीआरसी परिसर में में पौधे रोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया।

इस अवसर पर एसएससी उपाध्यक्ष विमला देवी , प्रीती वर्मा, नीमा रेशू वर्मा, प्रियवंदा सिंह, सीमा सावलानी, अनुज कुमार, स्वप्निल वर्मा, अनुजा श्रीवास्तव, आदि शिक्षक शिक्षिकाऐ उपस्थित रहीं।

## साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद एसपी ने सम्बंधित को दिए दिशा-निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



बाराबंकी।एसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी।

द्वारा यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।एसपी द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, मेस, बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/सदर सुमित त्रिपाठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 30 मार्च को मनाया जायेगा हटिया का ऐतिहासिक क्रांतिकारी होली मेला

**कैनविज टाइम्स संवाददात**

कानपुर। कानपुर में कई दिनों तक खेले जाने वाली होली का समापन गंगा मेला के साथ इस बार 30 मार्च को होगा। इस बार 30 मार्च को अनुराधा नक्षत्र पड़ रहा है। इस दिन हटिया के रज्जन बाबू पार्क से रंगों का ठेला निकलेगा।

बिरहाना रोड स्थित खत्री धर्मशाला में प्रेस वार्ता में कानपुर हटिया होली महोत्सव कमेटी के संयोजक मूलचंद्र सेठ, ज्ञानेंद्र विश्नोई ने शुक्रवार को कहा कि पूरे देश में कानपुर ही एक ऐसा शहर है, जहां पर होली का उत्सव सात दिनों तक मनाया जाता है। अनुराधा नक्षत्र के दिन पड़ने वाला गंगा मेला आजादी के दीवानों की याद कराता है।

उन्होंने बताया कि होलिका दहन 24 मार्च को होगा, लेकिन कानपुर रंगों का समापन कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) के साथ होता है। कानपुर नगर अपनी अनूठी एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं के लिए पूरे देश में अपना एक विशेष महत्व रखता है आगामी 24 मार्च 2024, दिन रविवार को होली है। कानपुर की होली पूरे भारत में अपना अलग स्थान रखती है क्योंकि कानपुर में होली से लेकर कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) तक होली का उल्लास रहता है।

इस बार 83वां होली का मेला 30 मार्च दिन शनिवार अनुराधा नक्षत्र में प्राचीन परम्परा के अनुसार होगा। होली मेले का शुभारंभ प्रातः 9:45 बजे क्रान्तिकारियों के शिलालेख में पुष्पांजलि करके जिलाधिकारी कानपुर नगर व पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर तिरंगा झण्डा फहराकर किया जाएगा।

इस दौरान पुलिस बैण्ड (होमगार्ड बैन्ड) द्वारा राष्ट्रीय धुन बजायी जाती है, तत्पश्चात रंग ठेले का शुभारंभ हटिया रज्जन बाबू पार्क से जिलाधिकारी व पुलिस कमीश्नर द्वारा होगा। रंग ठेले मार्ग हटिया रज्जन बाबू पार्क से प्रारम्भ होकर जनरलगंज बाजार, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक, टोपी बाजार, कोतवालेश्वर मन्दिर चौक, चौक सर्राफा, बीच वाला मन्दिर मेस्टन रोड, कोतवाली चौराहा, संगम लाल मन्दिर, कमला टावर, फीलखाना, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, शतरंगी मोहाल, लाठी मोहाल, जनरलगंज बाजार होते हुए हटिया रज्जन बाबू पार्क में आकर पूर्ण विश्राम लेता है। कानपुर का होली मेला (गंगा मेला) पूरे देश में कानपुर की पहचान है। हम लोग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से मांग करते हैं कि बिठूर महोत्सव की तर्ज पर कानपुर होली उत्सव प्रत्येक वर्ष स्थानीय प्रशासन या सांस्कृतिक मंत्रालय शासन द्वारा कराया जाये।

## जुमला निकला मोदी जी का ना खाऊंगा ना खाने दूंगा का नारा, आज़ाद भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार निकली 'मोदी सरकार': तनुज पुनिया

### इलेक्ट्रोल बांड योजना पर गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने की संयुक्त प्रेसवार्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ द्वारा एक मत से इलेक्ट्रोरल बांड योजना को असंवैधानिक घोषित करना साबित करता है कि भाजपा द्वारा सफ़ेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई गयी। इलेक्ट्रोरल बांड घोटाले के बाद भाजपा पूरी बेनकाब हो चुकी है। मोदी जी का 'ना खाऊँगा ना खाने दूँगा' का नारा भी जुमला निकला। सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना पर ताला लगाकर सिद्ध कर दिया है कि भाजपा चोर दरवाजे से चन्दे के धन्धे का काला खेल खेल रही थी।ङ्क

यह बात बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला योजना पर आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। तनुज पुनिया ने कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत के निर्णय के बाद भी मोदी सरकार एसबीआई को इलेक्ट्रोरल बांड से सम्बंधित सूचना साझा करने से रोक रही थी। इस महाघोटाले में लिप्त मोदी सरकार को जनता में सामने कलई खुलने का डर था इसलिए आगामी 30 जून तक यानी लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाने तक सारी जानकारी छुपाने का प्रयत्न कर रही थी। परन्तु कोर्ट की सख़्ती के बाद बैंक को जानकारी सार्वजनिक करनी पड़ी तो भाजपा की चन्दा दो धंधा लो, हफ्ता वसूली, रिश्वत लेने का नया तरीका, फर्जी कम्पनियों के माध्यम से चन्दा वसूलने की नीति जैसे तमाम काले कारनामे उजागर हो गए।तनुज पुनिया ने कहा कि जानकारी सार्वजनिक होने से यह साबित हो गया कि कई कम्पनियां जिन्होंने इलेक्ट्रोरल बांड दान किया और उसके तुरन्त बाद उनको मोदी सरकार से भारी लाभ प्राप्त हुआ। जैसे मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इंफ्रा ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ के बांड डोनेट किये और एक महीने बाद उन्हें 14,400 करोड़ रूपये का ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट मिल गया। घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल से गुजरात में मोरबी का झूला ब्रिज टूटने से सैंकड़ों लोगों की जान चली गयी। वेदांता को 3 मार्च 2021 को राधिकापुर पश्चिम प्राइवेट कोयला खदान का ठेका मिला और अप्रैल 2021 को वेदांता ने 25 करोड़ के चुनावी बांड दान किये।इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुये कहा कि मोदी सरकार के कारनामों से प्रतीत हो रहा है कि उसने संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग करके उद्योगपतियों और व्यापारियों में डर पैदा करके उनसे चन्दा लिया है। जैसे 02 अप्रैल 2022 को ईडी ने फ्यूचर गेमिंग एण्ड होटल पर छापा मारा और 05 दिन बाद 07 अप्रैल को 100 करोड़ रूपये के बांड कम्पनी द्वारा दान में दिए गये। इसी तरह इनकम टैक्स विभाग ने 23 दिसम्बर 2023को साईं इलेक्ट्रिकल पर छापा मारा और जनवरी 2024 में कम्पनी ने 40 करोड़ रूपये के इलेक्ट्रोरल बांड दान किये।तनुज पुनिया ने कहा कि फर्जी कम्पनियों के खिलाफ अभियान छेड़ने का दावा करने वाले मोदी जी ने फर्जी कम्पनियों के माध्यम से चन्दा लिया है। इलेक्ट्रोरल बांड योजना आने के बाद अधिकतर फर्जी कम्पनियों ने सिर्फ भाजपा को चुनावी चन्दा देने के लिए अपना पंजीकरण कराया। 2018 के बाद कम से कम 43 ऐसी कम्पनियाँ स्थापित हुयी जिन्होंने अपनी स्थापना के कुछ ही महीनों के भीतर ही इलेक्ट्रोरल बांड खरीदे। इसमें कई कम्पनियां ऐसी भी हैं जिन्होंने अपनी शेयर वैल्यू से कई गुना अधिक चन्दा मोदी सरकार को दिया है। जैसे की क्विक चैन लिमिटेड की मालियत 130 करोड़ रूपये है और इस कम्पनी ने 410 करोड़ रूपये चुनावी चंदा दिया है।तनुज पुनिया ने कहा कि यह साबित हो गया है कि 2 जनवरी 2018 को अधिसूचित बीजेपी की इलेक्ट्रोरल बांड योजना आजाद भारत की सबसे बड़ी चुनावी चन्दे की भ्रष्ट योजना थी। इस योजना के चलते मोदी सरकार ने कुछ खास उद्योगपति घरानों को नाजायज लाभ करवाया और भ्रष्ट नीतियों से देश का आर्थिक माहौल खराब किया।

## समर्थ नारी समर्थ भारत''ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के साथ मनाया होली पर्व



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के रंग वृद्ध जनों के संग बुधवार को ''समर्थ नारी समर्थ भारत '' संस्था ने वृद्धाश्रम में होली का त्यौहार मनाया महिलाओ ने वृद्ध जनों में वस्त्र बाटे गुझिया, पापड़ खिलाए और रंग लगा कर आशीर्वाद लिया जिसमे शामिल रही जिलाध्यक्ष किरन तिवारी, समाजसेवी पंकज गुप्ता(पंकी),चंद्र प्रकाश वर्मा, मयंक तिवारी,बिंदु पांडेय, मीना देवी, सरोज श्रीवास्तव, लीना श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव,अनीता शुक्ला,बबिता शर्मा, शालनी गुप्ता, तान्या वर्मा,ज्योति निगम, पुष्पा तिर्वेदी,आध्या तिवारी,सिद्धि पांडेय, अक्षत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## साइकिल से कॉलेज जा रही बीएससी की छात्रा पर डंपर पलटा,डंफर के नीचे दबकर मौके पर हुई मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।साइकिल से कॉलेज जा रही बीएससी की छात्रा पर मिट्टी लाद कर जा रहा अनियंत्रित डंपर पलट गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। डंपर का चालक भाग खड़ा हुआ। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहारी पुरवा गांव निवासी राम सजीवन की पुत्री दीक्षा वर्मा (19) शुक्रवार को साइकिल से फतेहपुर इलाके में स्थित साईं डिग्री कॉलेज के लिए निकली थी।इस दौरान मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में फतेहपुर से बेलहरा जाने वाले मार्ग पर पीछे से एक तेज रफ्तार डंपर आया और अनियंत्रित होकर दीक्षा पर पलट गया। आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर भागे। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। लोग चिल्ला रहे थे कि डंपर के नीचे कोई लड़की दब गई हैं।सूचना पाकर पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मंगवाकर डंपर को सीधा कराया। उसके नीचे दबी दीक्षा का शव कुचल चुका था। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा गया। फतेहपुर के कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर चालक की तलाश की जा रही है। डंपर मिट्टी लेकर कहां जा रहा था इसकी भी जांच होगी।

## घर तक आने जाने वाला युवक युवती को जेवरात सहित लेकर फरार मुकदमा दर्ज

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।असंद्रा थाना क्षेत्र में एक महिला ने गैरजनपदीय व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है कि युवक उसकी 18 वर्षीय बेटी को भगा ले गया है।प्राप्त जानकारी मुताबिक थाना क्षेत्र की एक महिला ने प्रभारी निरीक्षक असंद्रा को दी गई तहरीर दर्ज मुकदमा अनुसार अयोध्या जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी रवि तिवारी उर्फ गोलू जो कि महिला के घर आता जाता था वह उसकी 18 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है आरोप है कि उसकी बेटी भागते समय सोने चांदी के जेवरात सहित बीस हजार रुपए भी उठा ले गयी है। मुकामी पुलिस ने मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू कर दी है।

## होली मिलन एवं सम्मान समारोह 27 मार्च को

बाराबंकीकैनविज टाइम्स संवाददाता। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा आगामी 27 मार्च को विकासखंड देवा स्थित श्याम बाल विद्या मंदिर तकाजीपुर खेवली में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सह संयोजक एवं संगठन के जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पूर्व की भांति इस कार्यक्रम में सभी समाजसेवियों के सहयोग से संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव व मार्गदर्शिका संतोष श्रीवास्तव आदि के द्वारा पत्रकार,पुलिस ,शिक्षक, चिकित्सक,राजस्व एवं महिलाओं व संगठन के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं तथा अन्य समाजसेवियों सहित कुल 551 विभूतियों को शाल, प्रतीक चिंह, मेडल व सम्मान पत्र भेंटकर फूल मालाओं से सम्मानित किया जायेगा।आपको यह भी बताते चलें कि इससे पूर्व भी विगत 27 अगस्त को सभी के सहयोग से संगठन द्वारा अरुणोदय पब्लिक स्कूल मसूदपुर में टीशर्ट,शील्ड व सम्मान पत्र भेंटकर 551 विभूतियों को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया था। जनकल्याण किसान एसोसिएशन का कोई भी छोटा या बड़ा कार्यक्रम हो सभी आयोजनों में सम्मान शब्द जरूर जुड़ा होता है।

## विश्व संसद दिवस के रूप मे मनेगी डॉ. राममनोहर लोहिया जी की जयन्ती

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रख्यात समाजवादी डॉक्टर राममनोहर लोहिया की जयंती को विश्व संसद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। शनिवार को गांधी भवन में प्रातः 11 बजे डॉ.राममनोहर लोहिया व्याख्यान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सरवर अली खान होंगे। यह जानकारी गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने बताया कि 23 मार्च को स्वतंत्रता आंदोलन के नायक शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया जाता है। इस साल भी सायंकाल 6 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी पर शहीदों की स्मृति के दीपदान का आयोजन किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक ने फांसी पर लटका मिला युवक का शव

सूरतगंज बाराबंकीकैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के लालपुर मजरे बतनेरा निवासी मंशाराम यादव के बीस वर्षीय बेटे पृथ्वीराज ने गुरुवार सुबह गांव के बाहर पश्चिम दिशा की ओर स्थित बड़हल पेड़ में फंदा से झूलकर फांसी लगा ली। तो सूचना पर पहुंचे हुए स्वजनों ने इसकी सूचना लालपुर चौकी व मोहम्मदपुर खाला थानें पर दी।लालपुर करौता चौकी इंचार्ज हरिप्रसाद उपाध्याय के संग घटनास्थल पहुंचें,प्रभारी निरीक्षक ने प्रारम्भिक जांच पड़ताल कर शव को पीएम हेतु भेजा है। तो मौके से पुलिस ने चप्पल,लोटा और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। युवक शौच के बहाने घर से निकला और आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों में चर्चा है कि प्रेम-प्रसंगों के चलते पिछले दो तीन दिन से पृथ्वीराज अवसाद में चल रहा था। शायद इसलिए उसने आत्महत्या की है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक ने आत्महत्या की है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत स्पष्ट होगा। मौके से कोई ऐसा साक्ष्य नहीं मिला है। जिससे ये प्रतीत हो कि प्रेम-प्रसंग कारण आत्महत्या की है।

## मंदिर परिसर में अलबेली व्यवस्था, तृतीयपंथी का अलग टायलेट, स्तनपान भी एकांत में

अयोध्या। नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में कुछ ऐसी व्यवस्थाएं की गई हैं जो शायद ही अन्यत्र मिलें।अत्याधुनिक तकनीक और शिल्पकारों के कौशल से श्रीराम लला के मंदिर का जैसा भव्य निर्माण किया गया है। जिस खूबसूरती से एक-एक खंभे और दीवारों पर मूर्तियां उकेरी गईं, उसी तरह बेहद खूबसूरती से गढ़े गये शिल्प चित्ताकर्षक और अचंभित करने वाले तो हैं ही परिसर के भीतर के अन्य निर्माण भी किसी मामले में पीछे नहीं हैं।मालूम हो कि श्री राम लला मंदिर की पश्चिमी दिशा में प्रसाधन कक्षों का निर्माण किया गया है। इनका निर्माण उच्च गुणवत्ता का तो है ही, सुघड़ता भी बेमिसाल है। साफ-सफाई का तो कहना ही क्या। हवाई अड्डों की व्यवस्था को भी पीछे छोड़ता है प्रसाधन क्षेत्र का इंतजाम। यही नहीं बहुत कुछ ऐसा जो अन्यत्र दुर्लभ है। यथा तृतीयपंथी (ट्रांसजेंडर) के लिए अलग टायलेट, दुधमुंहे बच्चों को स्तनपान कराने के लिए एकांत देने को विशेष कक्ष भी है। किसी सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की व्यवस्था प्रायः मुश्किल ही मिलती है। साफ-सफाई ऐसी की मार्डन किचेन भी शर्मशार हो उठे। शानदार वाशबेसिन, आटोमेटिक ड्रायर। खाली स्थानों पर मनमोहक हरियाली। प्रसाधन का प्रयोग कर लौटने वालों से प्रशंसा सुन-सुनकर वहां भी जरूरतमंद से ज्यादा दर्शनार्थी पहुंचने लगे हैं।

## तीन छात्रों की मौत से पॉलिटेक्निक में पसरा सन्नाटा

हमीरपुर। नेशनल हाईवे 34 पर कानपुर के पतारा कस्बे के समीप शुक्रवार को एक सड़क हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गई। तीनों छात्र सुमेरपुर कस्बे के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र थे और सुबह ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन जाते समय हादसे में जान गंवा बैठे। जैसे ही कॉलेज में घटना की खबर आई तो कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई। शोक सभा के बाद कॉलेज में अवकाश घोषित कर दिया गया।घाटमपुर क्षेत्र के रहने वाले दीपक तिवारी सिविल इंजीनियर, अंकुश प्रजापति व मनीष कुमार सविता इलेक्ट्रॉनिक्स प्रथम वर्ष के राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्र थे। शुक्रवार को कॉलेज आने लिए सुबह यह तीनों ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन जा रहे थे।

# केकेआर और सनराइजर्स के मुकाबले में श्रेयस अय्यर की वापसी पर फोकस

एजेंसी




कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा। कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे। उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए 95 रन बनाये लेकिन फिटनेस को देखते हुए यह तय नहीं है कि वह सारे मैच खेल सकेंगे या नहीं। केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हें। घरेलू सर्किट पर चतुर रणनीतिकार मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ उनकी साझेदारी दिलचस्प होगी। टीम के मालिक शाहरुख खान ने गंभीर से कहा है, यह तुम्हारी टीम है। बनाओ या बिगाड़ो। गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने 2011 से 2017 के बाद दो आईपीएल खिताब जीते , पांच प्लेआफ खेले और एक बार अब बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग में उपविजेता रही। केकेआर ने स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा है और बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। पावरप्ले और डैथ ओवरों में उनके स्पैल निर्णायक साबित हो सकते हैं। केकेआर के पास स्टार्क और आंद्रे रसेल जैसे दो अनुभवी तेज गेंदबाज है और उनकी जगह लेने के लिये उनके जैसा कोई विकल्प नहीं है लिहाजा कार्यभार प्रबंधन में सावधानी बरतनी होगी। केकेआर के पास बल्लेबाजी में अय्यर के अलावा रिंकू सिंह, रसेल, रहमानुल्लाह गुरबाज, फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर हैं। स्पिन गेंदबाजी में सुनील नारायण, वरूण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा पर जिम्मेदारी होगी। सनराइजर्स की कमान आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान कमिंस के हाथ में होगी जिन्हें 20 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदा गया है। वह आईपीएल के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और पिछले तीन सत्र में आखिरी स्थान पर रही सनराइजर्स की तकदीर बदलने की जिम्मेदारी उन पर होगी। सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जबकि गेंदबाजी में कमिंस और भारत के डैथ ओवरों के विशेषज्ञ भुवनेश्वर कुमार होंगे। स्पिन में वानिंदु हसरंगा और वॉशिंगटन सुंदर जिम्मा संभालेंगे। यह देखना होगा कि हसरंगा पहला मैच खेल सकेंगे या नहीं चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिये आईसीसी ने उन पर प्रतिबंध लगाया है।

### टीमें

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

सनराइजर्स हैदराबाद : पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन।

# दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के मुकाबले में ऋषभ पंत पर रहेंगी नजरें




एजेंसी

चंडीगढ। पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के नये सत्र में शनिवार को जब आमने सामने होंगे तो सभी की नजरें महीनों बाद मैदान पर लौट रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी। दिसंबर 2022 में भयावह कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने क्रिकेट के लिये अपने जुनून के दम पर समय से पहले रिकवरी कर ली है। उन्हें बतौर बल्लेबाज विकेटकीपर खेलने की अनुमति मिल गई है और वह कप्तानी का दारोमदार भी संभालेंगे। उन्होंने डेविड वॉर्नर से कमान संभाली है जिनकी कप्तानी में दिल्ली पिछले साल 10 टीमों में नौवे स्थान पर रही थी। दिल्ली के कोच रिकी पोंटिंग ने मैच से पूर्व कहा, पंत ने इस बार आईपीएल से पहले जितना बल्लेबाजी अभ्यास किया है, उतना शायद कभी नहीं किया होगा। वह अपने शरीर को फिर पहले सी लय में देखना चाहता है। पंत ने 15 महीने कड़ी मेहनत , जुझारूपन और हिम्मत के साथ रिकवरी को दिये हैं। उनके लौटने से दिल्ली टीम में एक नयी उमंग का संचार हुआ है। अभी यह तय नहीं है कि वह पहले ही मैच से विकेटकीपिंग करेंगे या नहीं। अगर नहीं करते हैं तो वेस्टइंडीज के शाइ होप या दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। दिल्ली के पास अच्छे तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके वॉर्नर अच्छा प्रदर्शन करके टी20 विश्व कप के लिये ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना चाहेंगे। पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, पंत और स्टब्स जैसे आक्रामक बल्लेबाज दिल्ली के पास है जबकि गेंदबाजी की अगुवाई एनरिच नॉर्किया , ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार करेंगे। स्पिन का जिम्मा कुलदीप यादव और अक्षर पटेल संभालेंगे। पंजाब की टीम भी दिल्ली की तरह अभी तक खिताब नहीं जीत सकी है। वह एक ही बार फाइनल में पहुंची है जब 2014 में उसे कोलकाता नाइट राइडर्स ने हराया था। इसके बाद 2019 से 2022 तक टीम लगातार चार सत्र में छठे स्थान पर रही और 2023 में आठवें स्थान पर खिसक गई। शिखर धवन के रूप में पंजाब के पास ऐसा कप्तान है जो राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बाद अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब है। हरफनमौला सिकंदर रजा, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन और ऋषि धवन का फॉर्म अहम होगा। गेंदबाजी में कैगिसो रबाडा, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल और नाथन एलिस जिम्मा संभालेंगे।

### टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स** : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

**पंजाब किंग्स** : शिखर धवन (कप्तान), जितेश शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, हरप्रीत भाटिया, रिली रोसोयू, शशांक सिंह, क्रिस वोक्स, विश्वनाथ प्रताप सिंह, आशुतोष शर्मा, तनय त्यागराजन, अथर्व तायडे, ऋषि धवन, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, शिवम सिंह, प्रिंस चौधरी, हरप्रीत बरार, अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा, नाथन एलिस, राहुत चहार, विद्वत कावेरप्पा, हर्षल पटेल।

## संक्षिप्त समाचार

### मियामी ओपन : कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

**मियामी गार्डन्स।** यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बीट्रिज हदाद मेइया भी धीमी शुआत से उबरते हुए डायने पैरी को 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में 24वीं रैंकिंग वाली कैटी बूल्टर भी अगले दौर में पहुंच गई जब ब्रेंड एफ ने 7-6, 1-0 से पिछड़ने के बाद कोर्ट छोड़ दिया। मारिया सक्कारी, टेलर टाउनसेंड, अन्ना कालिन्स्काया , मेडिसन कीस भी अगले दौर में पहुंच गए। पुरूष वर्ग में केइ निशिकोरि को सेबेस्टियन ओफनेर ने 6-3, 6-4 से हराया।

### साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी औ शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11-8, 11-13, 11-8, 11-9 से हराया था। महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11-9, 11-5, 11-5 से मात दी। पुरूष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11-5, 7-11, 11-13, 12-14 से हार गए। मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11-6, 10-12, 11-6, 11-6 से हराकर खिताब जीता।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत और अफगानिस्तान ने गोलरहित ड्रॉ खेला

**आभा (सऊदी अरब)।** भारत और अफगानिस्तान ने फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में ग्रुप ए में गोलरहित ड्रॉ खेला और दोनों टीमें गोल करने का एक भी मौका भुना नहीं सकी। बृहस्पतिवार को देर रात खेले गए मुकाबले में भारत पहले हाफ में गोल करने के करीब पहुंचा जब मनवीर सिंह ने दो मौके बनाये लेकिन गोल नहीं हो सका। इस मैच के बाद भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि कुवैत के तीन अंक है जिसे कतर ने 3 . 0 से हराया। अफगानिस्तान ग्रुप में चौथे स्थान पर है। डामाक स्टेडियम पर दोनों टीमों ने शुरूआत में काफी आक्रामक खेल दिखाया। अफगानिस्तान ने अपनी रफ्तार और कद काठी के दम पर दबदबा बनाने की कोशिश की तो भारतीयों की पासिंग अच्छी थी। जनवरी में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले विक्रम प्रताप सिंह पहली बार अंतिम एकादश में उतरे और अफगान डिफेंस में सेंध मारने की बारंबार कोशिश की। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 17वें मिनट में मनवीर अगर गोल कर देते तो भारत को 2026 विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन मैच में दूसरे दौर के बाहरी मुकाबले में बढत मिल जाती। अफगानिस्तान ने भी जवाबी हमलों पर मौके बनाये लेकिन भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। मनवीर को पहले हाफ में एक मौका और मिला जब लालियांजुआला छांगटे से मिले कॉर्नर पर फुलबैक निखिल पुजारी ने उन्हें क्रॉस दिया लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहे। दूसरे हाफ में विक्रम प्रताप ने दो मौके गंवाये। पहले मौके पर गेंद दूर रह गई और दूसरे मौके पर वह सही एंगल बनाने में नाकाम रहे।

### सरकार ने हिंदुस्तान जिंक की कंपनी विभाजित करने की योजना को किया खारिज

**नयी दिल्ली।** खान मंत्रालय ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा कंपनी को विभिन्न इकाइयों में विभाजित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार हिंदुस्तान जिंक में सबसे बड़ी अल्पसंख्यक शेयरधारक है। सरकार के पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। खान सचिव वी एल कांता राव ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हम प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए। हिंदुस्तान जिंक ने पहले अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए जस्ता और चांदी के कारोबार को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी। प्रस्ताव खारिज करने का कारण पूछने पर सचिव ने कहा, हमारे सामने जो भी बात रखी गई है उससे हम एक शेयरधारक के तौर पर आश्वस्त नहीं हैं। हिंदुस्तान जिंक ने पहले कहा था कि उसने कारोबार को विभाजित करने की अपनी योजनाओं का अध्ययन करने के लिए एक प्रमुख सलाहकार फर्म को नियुक्त किया है। इससे पहले, हिंदुस्तान जिंक ने कहा था कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 'संभावित मूल्य खोलने के लिए अपने कॉरपोरेट ढांचे की व्यापक समीक्षा' करने का निर्णय लिया है।

### जेनसोल इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में 520 करोड़ रुपये की सौर परियोजना मिली

**नयी दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 520 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। जेनसोल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर राज्य की एक अग्रणी बिजली उत्पादन इकाई से प्राप्त किया गया है। इसमें कहा गया, ्इस परियोजना में महाराष्ट्र में 500 एकड़ में 100 मेगावाट एसी/135 मेगावाटपी ग्राउंड-माउंट सौर पीवी बिजली परियोजना का विकास शामिल है, जिसका कुल ऑर्डर मूल्य 520 करोड़ रुपये है। जेनसोल ने कहा कि इसके तहत सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कार्य, जरूरी मंजूरियां हासिल करना, संयंत्र की स्थापना और शुरुआत, और संयंत्र के स्विचयार्ड और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे के रखरखाव सहित तीन साल का परिचालन प्रबंधन शामिल है। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य 450 दिनों के भीतर ऑर्डर पूरा करने का है। जेनसोल इंजीनियरिंग जेनसोल समूह की कंपनियों का एक हिस्सा है जो सौर ऊर्जा संयंत्रों के विकास के लिए ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) सेवाएं प्रदान करती हैं। समूह ने पुणे में एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण संयंत्र भी स्थापित किया है।

# सिंधू , सेन हारे, श्रीकांत और राजावत स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी



बासेल (स्विटजरलैंड)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई जबकि लक्ष्य सेन को प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया। भारत के किदाम्बी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरूष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैम्पियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21-16, 19-21, 16-21 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21-17, 21-15 से हराया। श्रीकांत ने मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जि जिया को 21-16, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि राजावत ने चीन के लेइ ला शि को 21-14, 21-13 से हराया। जॉर्ज ने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 18- 21, 22-20, 21-18 से मात दी। श्रीकांत का सामना ली चिया हाओ से होगा जबकि राजावत अब चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेलेंगे। जॉर्ज की टक्कर डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगी। चोट के कारण लंबे समय ब्रेक पर रही सिंधू ने पूरी कोशिश की लेकिन जापान की युवा खिलाड़ी के जोश का उनके पास जवाब नहीं था। दो साल पहले विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली मियाजाकी ने पिछले सप्ताह ओरलियंस मास्टर्स जीता था। वह पहला गेम हार गई लेकिन तुरंत वापसी करके 80 मिनट में यह मुकाबला जीता। इससे पहले महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### आईपीएल 2024: बीआर शरथ गुजरात टाइटन्स में और तनुश कोटियन राजस्थान रॉयल टीम में शामिल

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन के लिए राजस्थान रॉयल और गुजरात टाइटन्स की टीम में एक-एक बदलाव देखने को मिला है। गुजरात टाइटन्स ने चोट के चलते आईपीएल से बाहर हुए विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज के प्रतिस्थापन के रूप में बीआर शरथ को अपनी टीम में शामिल किया है। इसी तरह राजस्थान रॉयल ने स्पिनर एडम जम्पा के स्थान पर तनुश कोटियन को टीम में शामिल किया है। एडम जम्पा निजी कारणों से आईपीएल 2024 से हट गए हैं। आईपीएल ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से बताया कि बीआर शरथ एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, वह घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने अब तक 20 प्रथम श्रेणी मैच और 43 लिस्ट ए मैच के अलावा 28 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 328 टी20 रन दर्ज हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम को नई मजबूती देंगे, यह वादा है : कप्तान सविता पूनिया

एजेंसी




नई दिल्ली। रांची में ओलंपिक क्वालीफायर में हार का दर्द जिंदगी भर उन्हें सालता रहेगा लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का वादा है कि अगले चार साल में इतनी मजबूत टीम बनायेंगे कि यह दिन दोबारा नहीं देखना पड़े। सविता ने पुणे से दिये इंटरव्यू में कहा,ओलंपिक क्वालीफायर हारना हमारे लिये ऐसा बुरा पल है जिसे हम खिलाड़ी पूरी जिंदगी शायद नहीं भुला सकेंगे। अभी तक मैं उससे उबर नहीं सकी हूं। रियो ओलंपिक 2016 के जरिये 36 साल बाद ओलंपिक में लौटी भारतीय महिला हॉकी टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। रांची में जनवरी में खेले गए क्वालीफायर में हालांकि जापान से हारकर उसने पेरिस ओलंपिक जाने का मौका गंवा दिया। इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहती थी क्योकि इससे दुख ही होता है। हमने तोक्यो में चौथे स्थान पर रहने की खुशी देखी और अब ओलंपिक नहीं खेलने का दर्द भी। लेकिन हम खिलाड़ी हैं और हार जीत हमें बहुत कुछ सिखाती है।लेकिन कम से कम हमें यह मलाल नहीं है कि हमने अच्छा नहीं खेला। उन्होंने कहा, हम सभी ने अपना शत प्रतिशत दिया और हमारी तैयारी बहुत अच्छी थी। वादा करते हैं कि अगले टूर्नामेंटों में अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। शायद इस हार के पीछे हमारी बदकिस्मती थी। लोगों से ज्यादा हम खुद दुखी हैं। हमने बहुत मेहनत की थी। सब कुछ झोंक दिया था। उन्होंने कहा, यह हमारे लिये सबक है। मुझे अपने सफर का पता नहीं लेकिन कोशिश रहेगी कि अगले चार साल में टीम को इतना मजबूत बनाये कि ओलंपिक और विश्व कप में खेलें और अच्छा खेलें। भारत के लिए 2008 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली सविता ने कहा, लोग सिर्फ नतीजे देखते हैं लेकिन एक सीनियर खिलाड़ी या कप्तान के तौर पर मैं कह सकती हूं कि हमारा प्रदर्शन ग्राफ ऊपर ही गया है। छह साल बाद सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल रही इस खिलाड़ी ने कहा, खेल की अच्छी बात यही है कि आपको पिछला भुलाकर बहुत जल्दी आगे बढना पडता है। इसलिये मैं पुणे में सीनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप खेलने आई क्योंकि हॉकी मेरा जुनून है और मैदान से जितना दूर रहूंगी , ये बात परेशान करती रहेगी। क्वालीफायर हारने के बाद टीम को मिले ब्रेक में खिलाड़ियों को सारा दुख दर्द भुलाकर नये सिरे से लौटने के लिये कहा गया था। सविता ने कहा, घर पर पांच से दस दिन कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा था। बहुत कोशिश की लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था। फिर योग और प्राणायाम का सहारा लिया और फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा, क्वालीफायर के बाद एक सप्ताह घर पर थे और सभी खिलाड़ियों को कहा कि जितना रोना है, उदास होना है यह ब्रेक उसी के लिये है। भीतर रखने से कुछ नहीं होगा और इसे बाहर निकालना जरूरी है। इस ब्रेक में ओलंपिक क्वालीफायर के बारे में किसी ने बात नहीं की। ओलंपिक क्वालीफायर हारने के दस दिन बाद ही भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग खेलना काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को भी हराया।

# ई-कॉमर्स मंचों पर छाया आम चुनाव, ऑनलाइन धूम मचा रहा राजनीतिक दलों का सामान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कंांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे। एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा, जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ३और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं। विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# न्यूजीलैंड में मंदी, सरकार के पास अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने की योजना होने के संकेत मिले

एजेंसी

लंदन। यदि आप न्यूजीलैंड में रहते हैं और आप गरीब महसूस कर रहे हैं, तो आप इसकी कल्पना नहीं कर रहे हैं। न्यूजीलैंड की आधिकारिक सांख्यिकी एजेंसी स्टैट्स एनजेड ने कहा है कि अर्थव्यवस्था पिछले साल की दूसरी छमाही में मंदी में थी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सितंबर तिमाही में -0.3 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में -0.1 फीसदी की गिरावट आई। आप्रवासन के रिकॉर्ड उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए वेस्टपैक के सबसे हालिया आर्थिक बुलेटिन में अनुमान लगाया गया है कि यह प्रति व्यक्ति जीडीपी के बराबर हो सकता है, जो 2022 के मध्य में अपने चरम से लगभग चार प्रतिशत गिर गया है। तो फिर, राजनीतिक रूप से इसका क्या मतलब है और गठबंधन इसके बारे में क्या कर सकता है? चूंकि आंकड़े पूर्वव्यापी हैं तो नई सरकार पुरानी सरकार को दोषी ठहरा सकती है ऽ लेकिन यह बहुत से लोगों को अधिक समय तक संतुष्ट नहीं करेगा। फरवरी के अंत में आईपीएसओएस सर्वेक्षण के अनुसार, न्यूजीलैंडवासियों ने अक्टूबर, 2023 में आम चुनाव से ठीक पहले लेबर सरकार को 10 में से 4.7 की तुलना में गठबंधन के प्रदर्शन को 4.6 रेटिंग दी। मंदी का मतलब कर राजस्व में कमी भी है। तार्किक रूप से, जब वित्त मंत्री निकोला विलिस 30 मई को पेश होने वाले अपने पहले बजट को अंतिम रूप देंगी, तो कुछ न कुछ देना होगा। नेशनल पार्टी ने कर कटौती का वादा किया है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है या इसकी गिरावट में देरी कर सकती है। हालांकि मुद्रास्फीति कम हो रही है लेकिन फिर भी यह एक से तीन प्रतिशत के लक्ष्य से कुछ हद तक दूर है। दिसंबर का आंकड़ा 4.7 फीसदी था। यदि आय अपेक्षा से कम है, तो कर कटौती का भुगतान अधिक खर्च में कटौती, अन्यत्र राजस्व जुटाने या उधार लेने से किया जाएगा। जिस तरह से प्रस्तावित गैर-वित्तपोषित कर कटौती के कारण 2022 में ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री लिज ट्रस का राजनीतिक अंत हो गया, तो अंतिम विकल्प में विश्वसनीयता की कमी है। लक्सन और विलिस को कुछ कठिन वित्तीय निर्णय लेने हैं। और दबाव भी है, विशेष रूप से 'एनजेड फर्स्ट' के नेता विंस्टन पीटर्स की ओर से गठबंधन समझौतों का सम्मान करने के लिए। नेशनल के चुनावी वादों और 'मौजूदा पूर्वानुमानों' के बीच संभावित 5.6 अरब न्यूजीलैंड डॉलर के 'अंतराल' के एक प्रकाशित अनुमान को दोहराकर पीटर्स ने पहले ही विलिस के लिए जीवन कठिन बना दिया है। इस बीच, लोग गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें नई सरकार पर भरोसा नहीं है।

# बिहार दिवस पर गृहमंत्री शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने राज्यवासियों को दीं शुभकामनाएं

एजेंसी



पटना (बिहार)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार दिवस पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है। हालांकि, देश में लोकसभा चुनाव के चलते लागू आचार संहिता के मद्देनजर राज्य स्तरीय कार्यक्रम नहीं होंगे। गृह मंत्री शाह ने कहा कि बिहार के सभी बहनों-भाइयों को बिहार दिवस की अनंत शुभकामनाएं। बिहार विद्वता, वीरता व ऐतिहासिक गौरव गाथाओं का केंद्र रहा है। देशव्यापी परिवर्तनों, आंदोलनों और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में मुखर भूमिका निभाने वाले इस प्रदेश के वासियों ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित है। मैं प्रदेशवासियों की उत्तरोत्तर उन्नति व समृद्धि की कामना करता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृति, शौर्य व ज्ञान की पुण्य धरा बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। आध्यात्मिक विरासत व युगान्तरकारी आंदोलनों से बिहार ने सदैव राष्ट्र को दिशा व दृष्टि प्रदान की है। राष्ट्र के उत्कर्ष में प्रदेश के प्रतिभा संपन्न व परिश्रमी भाईयों-बहनों का योगदान अमूल्य है। इनके अलावा बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार मगध की धरती है, जिसने देश को स्वर्णिम काल दिया है। बिहार ने देश को नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार बढ़े, बिहार विकसित हो, बिहार की समृद्धि बढ़े इसी कामना के साथ बिहार दिवस की शुभकामनाएं।

# हिमाचल प्रदेश : तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक एक बार गरमा गई है। राज्य के तीन निर्दलीय विधायकों ने भी विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। इससे पहले ही विधानसभा अध्यक्ष कंग्रेस के छह बागी विधायकों को अयोग्य ठहरा चुके हैं। शुक्रवार को देहरा से विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से विधायक केएल ठाकुर और हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा विधानसभा परिसर पहुंचे और विधानसभा सचिव को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। इनमें नालागढ़ से केएल ठाकुर 2012 में भाजपा से विधायक रह चुके हैं, जबकि वे 2017 का चुनाव हार गए थे। वर्ष 2022 में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। तब वे निर्दलीय चुनाव जीते थे। देहरा से होशियार सिंह लगातार दूसरी बार निर्दलीय विधायक बने हैं। हमीरपुर से आशीष शर्मा पहली बार के निर्दलीय विधायक बने हैं। यह तीनों निर्दलीय विधायक कंग्रेस के अयोग्य ठहराए गए विधायकों के साथ बीते 27 फरवरी से लगातार प्रदेश से बाहर थे। इस्तीफ देने के बाद नालागढ़ से निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर ने बताया कि हमने अपनी स्वेच्छा से बिना किसी के दबाव से नालागढ की जनता के हित में त्यागपत्र दिया है। उन्होंने कहा कि उनका संबंध भाजपा से रहा है और वे फिर से भाजपा के साथ जुड रहे हैं। वर्तमान सरकार में हमारा कोई काम नहीं हो रहा था। देहरा से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में हमने प्रदेश हित में मतदान किया है। उसके बाद प्रदेश सरकार की ओर से हमारा उत्पीड़न आरंभ हो गया। इसलिए अब हम अपना विधायक पद से त्याग पत्र दे रहे हैं और भाजपा से जुड रहे हैं। हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष ने कहा कि सीएम विधायकों और उनके परिवारजनों पर झूठे मुकदमें दर्ज करा रहे हैं। हमने जो भी फैसला लिया है, वह प्रदेश हित में लिया है। हम अब भाजपा से चुनाव लडेंगे। जल्द ही हमारा टिकट भाजपा तय करेगी। इन तीन निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र देने के बाद हिमाचल प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में अब विधायकों की कुल संख्या 59 रह गई है। जिसमें कंग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं।

## लोकसभा चुनावः तमिलनाडु व पुडुचेरी के लिए भाजपा उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी, 14 उम्मीदवार शामिल

चेन्नई (तमिलनाडु)। तमिलनाडु भाजपा ने शुक्रवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी की एकमात्र सीट के लिए अपने 14 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की। साथ ही तमिलनाडु विधानसभा की विल्वनकोड सीट के उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवार की घोषणा की। भाजपा की इस सूची के मुताबिक विरुधुनगर लोकसभा सीट से राधिका सरथकुमार, चेन्नई उत्तर से आरसी पॉल कनगराज, पुडुचेरी से ए.नमस्सिवयम, चिदंबरम (आर) से पी कार्थियायिनी, नमक्कल से केपी रामलिंगम, तिरुप्पुर से एपी मुरुगानंदम, मदुरै से रामा श्रीनिवासन, तेनकासी (आर) से जॉन पांडियन, करूर से वीवी सेंथिलनाथन, पोलाची से के वसंतराजन, तिरुवन्नामलाई से ए अश्वत्थामन, तिरुवल्लूर (आर) से पोन वी बालागणपति, नागपट्टिनम (आर) से एसजीएम रमेश, तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव वी.एस. का नाम शामिल है। विल्वनकोड विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने नंथिनी को उम्मीदवार बनाया है।

# टीडीपी ने आंध्र प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान

नई दिल्ली । आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की प्रमुख राजनीतिक पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अमरावती में आंध्र प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जन सेना के साथ गठबंधन करने वाली टीडीपी 25 लोकसभा सीटों में से 17 पर लड़ रही है।




तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा के साथ यह भी कहा कि टीडीपी ने आंध्र प्रदेश के हितों को ध्यान में रखते हुए एनडीए में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी उसी को चुनावी मैदान में उतारेगी जो संसद में प्रदेश के हित को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से अपने नेताओं के लिए समर्थन की अपील की है। टीडीपी ने श्रीकाकुलम लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री किंजरापु येर्रानायडू के बेटे और मौजूदा सांसद किंजरापु राम मोहन नायडू को और विजयवाड़ा से टीडीपी के उम्मीदवार केसिनेनी शिवनाथ को उतारा है। गुंटूर लोकसभा सीट से टीडीपी ने डी. पेम्मासानी चन्द्रशेखर को और मथुकुमिल्ली भारत को विशाखापट्नम से चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है।

अन्य लोकसभा उम्मीदवार गंती हरीश मधुर (अमलापुरम), पुट्टा महेश यादव (एलुरु), लावु श्री कृष्ण देवरायलू (नरसारावपेट), टी कृष्णा प्रसाद (बापटला), वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी (नेल्लोर), दग्गुमल्ला प्रसाद राव (चित्तूर), बालुसुपति नागराजू (कुर्नूल), ब्रेडेड्डी शबरी (नंदयाल) और बीके पार्थसारथी (हिंदूपुर) हैं।

## नासिक में गोदान एक्सप्रेस ट्रेन के पार्सल कोच में आग लगी, कोई हताहत नहीं

मुंबई। मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर जा रही गोदान एक्सप्रेस के पार्सल कोच में शुक्रवार को दोपहर में उस समय अचानक आग लग गई, जब ट्रेन नासिक रोड रेलवे स्टेशन के करीब गोरेवाड़ी इलाके से गुजर रही थी। रेलवे के अनुसार आज दोपहर में जैसे गोदान एक्सप्रेस नासिक रोड स्टेशन से रवाना हुई तो पार्सल कोच में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में हवा के कारण बोगी से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। बगल की बोगी में सवार यात्रियों की नजर जब इस पर पड़ी तो वे चिल्लाने लगे। इसके बाद गार्ड ने तत्काल ट्रेन रुकवा दी। ट्रेन रुकते ही यात्री जान बचाने के लिए कूदने लगे। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम, नासिक रोड रेलवे स्टेशन के प्रबंधक, रेलवे सुरक्षा बल के पुलिस निरीक्षक हरफूल सिंह यादव अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे। हाईटेंशन बिजली आपूर्ति की वजह से जलते कोच पर पानी डालना संभव नहीं था।

# भारतीय वायु सेना को आधुनिक और एयरोस्पेस फोर्स में बदलने पर जोर

एजेंसी

**वायु सेना प्रमुख ने सशस्त्र बलों, मित्र देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित किया**

**रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास के मौजूदा संघर्ष से सबक लेने का आह्वान**

नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास के मौजूदा संघर्ष से एयरोस्पेस की दुनिया को सबक लेने का आह्वान किया। उन्होंने दोनों संघर्षों से मिली वायु शक्ति की सीख पर भी प्रकाश डाला। वायु सेना प्रमुख ने अधिकारियों को अपने संबोधन में भारतीय वायु सेना के सामने आने वाली भविष्य की चुनौतियों, इसकी क्षमता विकास योजना और इसकी संयुक्तता के बारे में बताया।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने शुक्रवार को वेलिंगटन के डिफेंस सर्विसेज स्टॉफ कॉलेज (डीएसएससी) का दौरा किया। उन्होंने 79वें स्टाफ कोर्स की तैयारी कर रहे भारतीय सशस्त्र बलों और मित्र देशों के छात्र अधिकारियों और कॉलेज के स्थायी कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय वायु सेना को आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार एयरोस्पेस फोर्स में बदलने के बारे में जोर दिया। उन्होंने भारतीय वायु सेना के सिद्धांत में बताए गए विजन को दोहराया, जिसमें निर्णायक एयरोस्पेस शक्ति प्रदान करने के लिए चुस्त और नई परिस्थितियों से परिचित होकर उसके अनुरूप अपने को ढालने वाली वायु सेना की परिकल्पना की गई है।

वायुसेना प्रमुख के संबोधन में संघर्षरत क्षेत्रों से भारतीय प्रवासियों को सुरक्षित निकालने के काम और आपदा राहत कार्यों के दौरान भारतीय वायु सेना की निभाई गई प्रमुख भूमिका को उजागर किया गया। वायु सेना प्रमुख को चल रही प्रशिक्षण गतिविधियों और डीएसएससी में संयुक्तता के लिए दिए जा रहे प्रोत्साहन के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसकी उन्होंने प्रशंसा की। डीएसएससी भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का एक रक्षा सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। यहां भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना के अधिकारियों, अर्धसैनिक बलों और सिविल सेवाओं के चयनित अधिकारियों और कमांड और स्टाफ नियुक्तियों के लिए मित्र देशों के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाता है।

# पेज एक का शेष

### उत्तर प्रदेश...

सरकार ने अक्टूबर 2023 में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी मदरसों को हो रही विदेशी फंडिंग की जांच कर रही है। याची अंशुमान सिंह राठौड़ व अन्य ने याचिका दाखिल कर एक्ट को चुनौती दी थी।

### मुख्तार...

अंसारी का चेकअप कराया। डॉक्टर ने ब्लड टेस्ट भी किया है। रिपोर्ट आने के बाद कब्ज और दर्द से संबंधित दवाइयां दी गई। इस बारे में डॉक्टरों ने मुख्तार अंसारी की हालत को सामान्य बताया, साथ ही यह भी बताया कि इस समय मुख्तार अंसारी रमजान के महीने में रोजा रख रहा है। दिनभर भूखा रहने के बाद शाम को इफ्तार में ओवर फीडिंग के कारण कुछ तकलीफ है, जिसके लिए दवा दी गई है।

इस मामले में जेल अधीक्षक बांदा वीरेश राज शर्मा ने बताया कि कोर्ट में मुख्तार ने अपने वकील के माध्यम से शिकायत की है। जिसका कोर्ट ने संज्ञान लिया है। जिसके आधार पर दिए गए आदेश का पालन करते हुए मुख्तार अंसारी का चेकअप कराया गया है। उनका जेल मैनुअल के तहत इलाज कराया जा रहा है। मुख्तार ने जो भी आरोप लगाए हैं वह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि आज भी डॉक्टरों की एक टीम आने वाली है जो मुख्तार का पुनः चेकअप करेगी। जो भी मेडिकल रिपोर्ट आएगी उसे शीघ्र ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जेल में इस समय 900 बंदी है। जो खाना मुख्तार अंसारी को दिया जाता है, वही खाना जेल के सभी बंदी खाते हैं। उसके बाद भी कोई बंदी बीमार नहीं हुआ।

बताते चलें कि 7 जून 2022 को तत्कालीन डीएम ने जेल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान वीवीआईपी खाने का सामान मिलने पर डिप्टी जेलर वीरेश्वर प्रताप सिंह सहित चार बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। प्रभारी जेल अधीक्षक वीरेंद्र कुमार शर्मा का तबादला सेंटर जेल फतेहगढ़ कर दिया गया था। 13 जुलाई 2023 को उन्हें भी इसी मामले में निलंबित कर दिया गया था। इसके पूर्व 4 अप्रैल 2023 को मुख्तार अंसारी से दोस्ती पर अधीक्षक अविनाश गौतम को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद जेल में सख्ती बढा दी गई और मुख्तार अंसार की सभी गैर कानूनी सुविधाएं बंद हो गई। जिससे वह आए दिन जेल अधिकारियों पर कभी हत्या की साजिश रचने तो कभी जहर देने और इलाज न कराने का आरोप लगा रहा है।

### देश...

किया जा रहा है। डॉ. पाठक ने कहा केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन का एलान किया था लेकिन भारतीय जनता पार्टी भाजपा जिस तरह से पुलिस का दुरुपयोग कर रही है वह अकल्पनीय है। ऐसा भारत के राजनैतिक इतिहास में शायद ही पहले कभी हुआ होगा। भाजपा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन के एलान के बाद आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को गुरुवार रात से घर में नजरबंद कर दिया गया है। वहींए पार्टी के जो लोग सुबह.सुबह अपने घर से आम आदमी पार्टी के ऑफिस के लिए निकल रहे थेए उनको हिरासत में ले लिया गया।

उन्होंने कहा शांतिपूर्वक तरीके से धरना देना हमारा मूलभूत अधिकार है लेकिन प्रधानमंत्री को शांतिपूर्ण तरीके से धरना देना भी बर्दास्त नहीं होता है। उनके मन में इतनी नफरत भरी पड़ी है कि आम आदमी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताए नेता को गिरफ्तार करवा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा यह जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा हैए उससे लगता है कि इन्होंने सचमुच देश के अंदर तानाशाही घोषित कर दी है। ऐसी खबर मिल रही है कि पार्टी कार्यालय को भी चारों तरफ से सील कर दिया गया है। अरविंद केजरीवाल के परिवार को भी नज़रबंद कर लिया गया हैए किसी को भी आने जाने नहीं दिया जा रहा है।

विरोध में प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा देश में पूरी तरह से गुंडागर्दी चल रही है। केजरीवाल के परिवार वालों को घर में नजरबंद किया हुआ है। उनकी मां एक दिन पहले ही अस्पताल से आई थीं और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके परिवार वालों को किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा। आइटीओ में जाने नहीं दिया जा रहा है और शांतिपूर्ण धरने को रोका जा रहा है। आइटीओ जाने की कोशिश करने पर पुलिस वाले हमको उठा कर फेंक रहे हैं। केवल लोकसभा चुनाव जीतने के लिए इस तरह की तानाशाही का जा रही है।

'आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि एक फर्जी केस में पार्टी के चार बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया है। अरविंद केजरीवाल के परिवार को कल रात से ही नज़रबंद कर रखा गया है। अब आम आदमी पार्टी के मंत्रियों और नेताओं को हिरासत में लिया गया है। यह तानाशाही नहीं तो और क्या है।

### कोर्ट ...

तबीयत बिगड़ने पर गुस्से में आ जाता था। घटना वाले दिन भी साजिद की तबीयत बिगड़ी थी। उसके बाद उसने हत्या की घटना को अंजाम दे डाला। जावेद ने पुलिस को बताया कि उसने आत्महत्या करने के लिए चूहे मार दवाई भी खाई थी। उसका दरगाहों पर इलाज भी चला था। फिलहाल जावेद को कोर्ट में पेशी के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पुलिस पीड़ित परिवार की सुरक्षा में पुलिस तैनात है।

### पल्लवी...

पार्टी के साथ आये पांच प्रमुख नाम अब तक अलग हो चुके हैं, जिसमें जयंत चौधरी से यह सिलसिला शुरू हुआ और स्वामी प्रसाद मौर्य, ओमप्रकाश राजभर, पल्लवी पटेल से होते हुए संजय तक आ पहुंचा है।

### सुप्रीम कोर्ट ...

की नियुक्ति मध्य प्रदेश लोकायुक्त और उप.लोकायुक्त अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत उचित परामर्श के बिना की गई थी। पीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित कई फैसले हैं। वे सभी उच्च न्यायालय द्वारा उन मामलों की जांच के बाद दिए गए थे। उन्होंने इस दलील का भी खंडन किया कि परामर्श के उद्देश्य से विपक्ष के नेता के समक्ष केवल एक ही नाम रखा गया था। श्री सिंघार ने रिट याचिका दायर करने से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर राज्य सरकार पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किए बिना लोकायुक्त की नियुक्ति करने का आरोप लगाया था।

### बैंक ...

अब मुख्य विपक्षी दल कंग्रेस और पार्टी के संगठन युवा कंग्रेस के बैंक खातों को चुनावों के ठीक पहले फ्रीज कर दिया गया। उन्होंने सरकार के इस कदम को लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कंग्रेस के बैंक खाते सील कर लोकतंत्र पर गहरा आघात किया गया है।

उन्होंने कहा जो खाते सील किए गये हैं। उनमें कंग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन डोनेशन से जुटाया गया पैसा है। इसे इनकम टैक्स और मोदी सरकार कैसे फ्रीज कर सकती है। इस कदम से स्पष्ट है कि देश में लोकतंत्र नहीं रहा और श्वन पार्टी सिस्टमश लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### अरविंद...

को संचालित करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति को आम आदमी पार्टी के गोवा चुनाव में फंडिंग के लिए बदला गया। राजू ने कहा कि पैसे के लेन-देन की पूरी पड़ताल के लिए अरविंद केजरीवाल को दूसरे आरोपितों के सामने बैठाकर पूछताछ करनी है।

उन्होंने कहा कि आबकारी घोटाला मामले में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को मिटाया गया है। कई फोन नष्ट किए गए या फॉर्मेट किए गए ताकि जांच में परेशानी हो। राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल समन के पहले गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कब किसको गिरफ्तार करना है, ये जांच अधिकारी के दायरे में आता है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 19 के प्रावधानों का उल्लंघन करके की गई है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हिरासत स्वतः नहीं होती। हिरासत के लिए मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 19 को संतुष्ट करना होता है। सिंघवी ने कहा कि हिरासत में लेने के लिए जरूरत बतानी होती है। उन्होंने कहा कि ईडी को गिरफ्तार करने का अधिकार है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसे पूछताछ के लिए भी गिरफ्तारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिरासत में लेने की पूरी अर्जी में कुछ पैरा को छोड़कर गिरफ्तार करने की वजह को ही कॉपी-पेस्ट किया गया है। दरअसल, 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने 21 मार्च को ही देर शाम अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

पति ...

पत्नी सुनीता ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दिल्ली वालों को समर्पित अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया एक्स के जरिए दी। उन्होंने लिखा, आपके तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया। सबको क्रश करने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है। आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहें हैं। अंदर रहें या बाहर, उनका जीवन देश को समर्पित है। जनता जनार्दन है सब जानती है।

दूसरी तरफ माना जा रहा है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के सामने नेतृत्व का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। चर्चा आम हो गई कि मुख्यमंत्री जेल जाते है तो दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा। इतना ही नहीं कंग्रेस के साथ गठबंधन पर भी संशय उठने लगा। कंग्रेस ने लोकसभा प्रत्याशियों की सूची भी आई लेकिन उसमें दिल्ली के तीन लोकसभा सीट के उम्मीदवारों के नाम नहीं आए। हालांकि आप ने एक हस्ताक्षर कैंपेन चलाया था, जिसमें 90 प्रतिशत लोगों ने यह कहा था कि जेल से ही मुख्यमंत्री दिल्ली का शासन संभालेंगे।

आम आदमी पार्टी में यह भी चर्चा आम रही कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। सूत्रों की माने तो मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जेल में होने की वजह से मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ही कद्दावर नेता बनकर उभरे हैं। वहीं यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी सत्ता संभाल सकती है। हालांकि इस स्थिति में आम आदमी पार्टी के कई नेताओं में इस स्थिति में नाराजगी नहीं हो और पार्टी एकजुट रहे इसे लेकर भी सहमति बनानी होगी।

### कर्मों ...

नहीं है। कानून सभी के लिए सामान रूप से काम करता है।

भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचारियों के नेता हैं। जो भी इनके पक्ष में बोल रहे हैं चाहे कंग्रेस के नेता राहुल गांधी हो , या फिर लालू प्रसाद यादव सभी जमानत पर बाहर हैं। सब चोर चोर मौसेरे भाई हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त आम आदमी पार्टी के कई नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि जिस शराब नीति को लेकर यह दावा किया गया था कि इससे दिल्ली का खजाना भर जाएगा, जब सीबीआई जांच शुरू हुई तो उसे वापस ले लिया गया और फिर सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इससे दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

संबित पात्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया है तो उन्हें देश का कानून के तहत सजा मिलेगी। देश का कानून मुख्यमंत्री के लिए भी है और आम आदमी के लिए भी वही कानून है। दिल्ली की मंत्री आतिशी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पात्रा ने कहा कि कानून और कोर्ट से ऊपर कोई नहीं है। कोर्ट पर तो विश्वास होना चाहिए। वे बार -बार कोर्ट भी गए वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। शराब घोटाले में उनके मंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जेल में है। ईडी और सीबीआई की जांच में जो तथ्य मिलें हैं जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने 338 करोड़ रुपये का मनी ट्रेल साबित किया है। कल दिल्ली हाईकोर्ट ने जो कहा वो बहुत महत्वपूर्ण है।

शराब घोटाले की क्रोनोलोजी को समझाते हुए संबित पात्रा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल नवंबर 2021 में दिल्ली में नई शराब नीति लेकर आए जिससे दिल्ली का खजाना करोड़ों रुपये से भर जाएगा। बिना सरकारी मंजूरी और कानून को ताक पर रख कर नई शराब नीति लेकर आए। जुलाई 2022 में दिल्ली के सचिव ने कहा कि इस नीति में गड़बड़ी है। सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। फिर आनन फानन में केजरीवाल ने शराब नीति को वापस ले लिया । उस वक्त उनसे पूछा गया कि अगर यह कमाल की नीति थी तो इसे वापस क्यों ले लिया गया। फिर इस मामले में 19 अगस्त 2022 को उस समय के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर रेड होती है। ईडी ने जांच की तो साबित हुआ कि मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। शराब कंपनियों का समूह बनाया गया है और उन्हें लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। नीति में कमीशन 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया । इसमें 6 प्रतिशत वापस आम आदमी पार्टी के नेताओं को दिया गया।

### अपने...

कर्मों की वजह हुई है।

प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का कहना है, ''मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब शराब नीतियां बना रहे हैं। अपने ही कर्मों की वजह से उनकी गिरफ्तारी इसलिए हुई है। उल्लेखनीय है कि अन्ना हजारे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, सरकारी पारदर्शिता बढ़ाने और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की जांच करने और दंडित करने के लिए आंदोलनों का नेतृत्व किया। जमीनी स्तर के आंदोलनों को संगठित करने और प्रोत्साहित करने के अलावा अन्ना हजारे ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अक्सर भूख हड़तालें कीं।

### मोदी...

व्यापार डिजिटल कनेक्टिविटीए अंतरिक्षए कृषिए युवा संपर्क आदि पर सात समझौता ज्ञापनोंध्समझौतों का आदान-प्रदान किया गया।

मोदी...

सहयोग के घनिष्ठ संबंधों को आकार देने में भूटान के पूर्व शासकों ग्यालपो द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शक दृष्टिकोण की सराहना की।

बैठक में द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करने का अवसर प्रदान किया। यह रेखांकित करते हुए कि भूटान के लिए भारत और भारत के लिए भूटान एक स्थायी वास्तविकता है

दोनों नेताओं ने परिवर्तनकारी साझीदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने ऊर्जा विकास सहयोगए युवाए शिक्षाए उद्यमिता और कौशल विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने की पहल की खोज की। दोनों नेताओं ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना के संदर्भ सहित कनेक्टिविटी और निवेश प्रस्तावों में प्रगति पर भी चर्चा की।

### सपा...

पक्ष में माहौल बनाएंगे।

# इसरो के 'पुष्पक' की लॉन्चिंग सफल, पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा किया जा सकता है इस विमान का प्रयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग में 'पुष्पक' विमान को सफलतापूर्वक लैंड करवाया। इसरो ने एक्स हैंडल पोस्ट में यह जानकारी दी। 'पुष्पक' एसयूवी के साइज का पंखों वाला रॉकेट है। इसे 'स्वदेशी स्पेश शटल' भी कहा जा रहा है। ये रि-यूजेबल विमान है । इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसरो ने एक्स पर कहा कि रि-यूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में सुबह 7:10 बजे किया गया। 'पुष्पक' को वायुसेना के हेलिकॉप्टर चुनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और इसरो जड़त्व प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के साथ पूरा किया था। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने यह सफलता भविष्य के ऑर्बिटल रि- प्रवेश मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुष्पक विमान मिशन की टीम का मार्गदर्शन सुनील पी, कार्यक्रम निदेशक, उन्नत प्रौद्योगिकी और सिस्टम कार्यक्रम, वीएसएससी ने किया।

# हाईकोर्ट के निर्देश पर लंबे समय से जेल में बंद 4 कैदियों को छोड़ा गया, 28 कल छोड़े जाएंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में आज 14 वर्षों से अधिक समय से प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों के मामले में सरकार ने अपना जवाब देते हुए कहा कि 4 कैदियों को छोड़ दिया गया है जबकि 28 कैदियों को कल तक छोड़ दिया जाएगा। सरकार ने न्यायालय को ये भी बताया कि ऐसे एक कैदी की मृत्यु हो चुकी है। अगली सुनवाई 20 अप्रैल के लिए रखी गई है। न्यायालय में एक सुओ मोटो पी.आई.एल.को सुना गया था, जिसमें प्रदेश की जेलों में 14 वर्षों से अधिक समय से बन्द कैदियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रिहा नहीं करने पर सरकार से सवाल किये गए थे। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सरकार से शाम 5 बजे तक निर्णय लेकर शुक्रवार सवेरे न्यायालय को सूचित करने को कहा था। आज सरकार के अधिवक्ता (ए.जी.ए.) जे.एस.विर्क ने न्यायालय को बताया कि 4 कैदियों को गुरुवार को ही रिहा कर दिया गया था जबकि 28 कैदियों को कल तक रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने न्यायालय को ये भी सूचित किया कि ऐसे ही एक कैदी की पूर्व में मृत्यु हो गई है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का दौरा किया था। वहां कैदियों से समस्याएं सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवहेलना पाया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की उस दलील को निराधार बताया था कि कैदी को जेल से बाहर रखना समाज के लिए खतरा है। मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के मानवाधिकार को समझते हुए जेल प्रबंधनों से लिस्ट मांगी थी जिसमें 167 ऐसे कैदी मिले थे। नवनियुक्त गृह सचिव दीपिल जावलकर गुरुवार को जबकि महाधिवक्ता एस.एन.बाबुलकर आज ऑनलाइन मामले में शामिल हुए। सरकार की तरफ से (ए.जी.ए.) जे.एस.विर्क ने जिरह की।

# लोकसभा चुनाव: संघ की समन्वय बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सभी समविचारी संगठनों की समन्वय बैठक में राष्ट्रवाद और भविष्य के भारत को मन मस्तिष्क में रखकर मतादाताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित किए जाने का आह्वान किया। ऋषिकेश एम्स मार्ग पर स्थित एक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार की समन्वयक बैठक दीपक तायल की अध्यक्षता और लोकसभा समन्वयक डॉक्टर विजयपाल के संचालन में आयोजित हुई। इसमें प्रांतीय प्रचार प्रमुख पदम कुमार ने उपस्थिति प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण भारत की स्वीकार्यता पूरे विश्व में बढ़ी है। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरिक्ष के मिशन से लेकर कोविड जैसे संकट काल में वैक्सीन का विकास कर भारत ही नहीं विश्व में उपलब्ध करवाए जाने का कार्य भी किया है। जिसके कारण यह देखने को मिला है कि भारत में अनेक संभावनाएं है, बस भारत को एक अच्छा विचार और नेतृत्व देने वाले नेता को चुने जाने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब भारत में लोकतंत्र के पर्व पर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। पदम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में मोदी की स्वीकार्यता के पीछे संकल्प शक्ति का होना भी है, जैसे राम मंदिर का निर्माण और धारा 3 70 के साथ समान नागरिकता कानून को लागू किया जाना है। जिसके कारण भारत का मान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढा है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि भारत में संभावनाएं अनेक है बस दिशा देने के साथ सही सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत का नेता ऐसा हो जो की भारत की मिट्टी से जुड़ा हो और भारत की आत्मा जिसके शरीर में वास करती हो, ऐसे राष्ट्र को समर्पित नेता व कार्यकर्ताओं के कारण आज भारत की वैश्विक शक्ति बढ़ी है।

# लोकसभा चुनाव: चुनाव प्रचार में पिछड़ी कांग्रेस, उम्मीदवार तय करने में भी उलझी

- तीन उम्मीदवार घोषित करने के बाद कांग्रेस खेमे में खामोशी
- उम्मीदवारों के नाम पर नहीं बन पा रही सहमति, मंथन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की घोषणा के समय से ही ऐसा लगता है कि कांग्रेस पिछड़ गई है। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों का एलान कर भाजपा अब उनके नामांकन में जुट गई है। उधर, कांग्रेस हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर अभी मंथन ही कर रही है। उम्मीदवारों के नाम पर सहमति नहीं बन रही है। हालांकि कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। भाजपा ने पांचों संसदीय सीट के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। जबकि कांग्रेस ने तीन सदस्यीय सीटों पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल व अल्मोड़ा के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा की है। उम्मीदवारों को उतारने में पिछड़ी कांग्रेस भाजपा की तुलना में प्रचार में भी पिछड़ रही है। जबकि भाजपा उम्मीदवार प्रचार के लिए मोर्चा संभाल चुके हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर चुनावी तैयारी चल रही है। दो सीटों पर उम्मीदवार तय न होने से प्रचार में देरी हो रही है। जल्द ही दोनों सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने की संभावना है। पार्टी हाईकमान जिसे भी टिकट देगी, उसकी जीत के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत से चुनाव में काम करेंगे। नामांकन प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू हो चुकी है और नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। उत्तराखंड में प्रथम चरण में मतदान 19 अप्रैल को होगा। नामांकन के दौरान चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) मुख्यालय के 100 मीटर की परिधि में तीन से अधिक वाहनों को लाने की अनुमति नहीं होगी। गढ़वाल संसदीय सीट के लिए नामांकन पौड़ी, टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट के लिए देहरादून, हरिद्वार संसदीय सीट के लिए हरिद्वार, अल्मोड़ा संसदीय सीट के लिए अल्मोड़ा और नैनीताल-उधम सिंह नगर के लिए नामांकन रुद्रपुर में किए जाएंगे। ऐसे में इन स्थानों पर इन दिनों गहमा-गहमी का माहौल बना है। हालांकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। भाजपा उत्तराखंड की पांचों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। टिहरी गढ़वाल सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह, नैनीताल सीट से अजय भट्ट और अल्मोड़ा सीट से अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है। पौड़ी गढ़वाल सीट पर सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस ने भी तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें टिहरी गढ़वाल सीट से जोत सिंह गुनसोला, पौड़ी सीट से गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को दांव पर उतारा है। उत्तराखंड में कुल 83,37066 मतदाता हैं।

## अपने कर्मों की वजह से केजरीवाल की हुई गिरफ्तारी : अन्ना हजारे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार की सुबह तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अन्ना हजारे इन दिनों अहमद नगर (महाराष्ट्र) में हैं। उन्होंने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने कर्मों की वजह हुई है। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का कहना है, ''मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब शराब नीतियां बना रहे हैं। अपने ही कर्मों की वजह से उनकी गिरफ्तारी इसलिए हुई है। उल्लेखनीय है कि अन्ना हजारे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, सरकारी पारदर्शिता बढ़ाने और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की जांच करने और दंडित करने के लिए आंदोलनों का नेतृत्व किया।

## पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली

देहरादून। जिले की क्लेमेंटाउन पुलिस की नाकाबंदी के दौरान एक बदमाश के साथ बीती देर रात्रि आशारोड़ी क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी। बदमाश के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आशारोड़ी क्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम की एक बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में बदमाश मनोज सिरोही के पैर में गोली लगी है। वह दो दिन पहले ही ऋषिकेश में ज्वैलर प्रवीन वर्मा की दुकान में लूट की वारदात में शामिल था। वह दोबारा लूट की फिराक में मेरठ से देहरादून की तरफ आ रहा था। आरोपित उत्तर प्रदेश के मेरठ का निवासी है। उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं एक सोच : मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं एक सोच है और सोच को कैसे गिरफ़्तार किया जा सकता है।

श्री भगवंत मान ने एक्स पर आज कहा अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर लोगे पर उनकी सोच को कैसे कैद करोगे। अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं एक सोच है और हम अपने नेता के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। इंकलाब जिंदाबाद। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा देश को ईमानदार राजनीति देने वाले और हम सब के नेता अरविंद केजरीवाल की अनैतिक गिरफ़्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी भाजपा के ख़िलाफ़ पूरे देश में प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेगी। आज सुबह 10 बजे भाजपा के दिल्ली स्थित मुख्यालय का घेराव होगा। लोकतांत्रिक मूल्य मान्यताओं में आस्था रखने वाले भारत माता के सभी सच्चे सपूतों से निवेदन है कि वे इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा अवश्य बनें। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा देश में पहली बार एक पद पर रहते मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार किया गया है। अरविंद केजरीवाल के पास जेड श्रेणी की सुरक्षा होती है। अब वह केंद्र सरकार की ईडी की हिरासत में हैं। हमें उनके हिफ़ाज़त और सुरक्षा की चिंता है। उल्लेखनीय है कि ईडी कथित शराब घोटाले में श्री केजरीवाल को बुधवार रात गिरफ़्तार किया है।

## विपक्ष का उत्पीड़न कर रही है भाजपा सरकार: करन माहरा

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने केन्द्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों का उत्पीड़न किया जा रहा है। शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में ने पत्रकारों से बातचीत प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज कर लोकतंत्र की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव को बाधित करने की मंशा से मोदी सरकार विपक्ष के नेताओं को सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल डर का माहौल बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान को मिटाया जा रहा है। आज लोकसभा चुनाव को बाधित करने के लिए भाजपा सरकार हर हथकंडे अपना रही है।

# लोकसभा चुनाव से पहले गणेश गोदियाल को तीन नोटिस, सियासत गरमाई

- कांग्रेस अध्यक्ष बोले, चुनाव प्रभावित करने की साजिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है। इसलिए राज्य के राजनीतिक गलियारों में तेज हलचल देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां भाजपा पांचों सीट जीतने का दावा कर रही है तो वहीं कांग्रेस भी टक्कर का मुकाबला करने को तैयार है। चुनावों की इस गहमागहमी के बीच कांग्रेस के नेताओं को ईडी का समन जाने से सियासत गरमा गई है। पहले पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को तो अब कांग्रेस पौड़ी गढ़वाल सीट से उम्मीदवार गणेश गोदियाल को तीन नोटिस भेजे गए हैं। इसको लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि ये सीधे-सीधे चुनावों को प्रभावित करने की साजिश है। चाहे वो हरक सिंह रावत को ईडी का समन हो या गणेश गोदियाल को नोटिस। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले हरक सिंह रावत के खिलाफ विजिलेंस की जांच बैठी, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अब चुनाव से पहले हरक, उनके परिवार और मित्रों को ईडी का समन दिया गया। इसी तरीके से गणेश गोदियाल की जैसे ही नामांकन की तिथि आई, उन्हें तीन नोटिस भेज दिए गए।

# राष्ट्रीय प्राणी उद्यान ने अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (दिल्ली चिड़ियाघर) ने आज अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के शिक्षा केंद्र में डूडल कला गतिविधि के साथ किया गया। इस अवसर पर उद्यान में उपस्थित आगंतुकों को गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात मिशन-लाइफ पर एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों को पूर्ण करने के बाद आगंतुकों के लिए हाल ही में पुनर्जीवित जल निकाय के आसपास पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस स्थल पर राष्ट्रीय प्राणी उद्यान के कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय वन दिवस का विषय ''वन और नवाचार : एक बेहतर दुनिया के लिए नए समाधान'' है। इस आयोजन का उद्देश्य आगंतुकों के बीच पौधों और हमारे जीवन में उनके महत्व के बारे में जागरूक करना है।

# केजरीवाल को राजनीतिक साजिश के तहत किया गिरफ्तार : आतिशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी भारतीय जनता पार्टी की एक राजनैतिक साज़िश है।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि देश में पहली बार एक पद पर रहते हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री को जेड श्रेणी की सुरक्षा है। सवाल यह है कि अब उनकी सुरक्षा के लिए कौन ज़िम्मेदार है? वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के ऑफिस में है। वहां कौन जा रहा है? क्या लेकर जा रहा है? इसके लिए कौन ज़िम्मेदार होगा? ऐसे में केंद्र जबाव दे कि क्या ईडी की हिरासत में अरविंद केजरीवाल को पर्याप्त सुरक्षा मिल रही है? उन्होंने कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी भाजपा की एक राजनैतिक साज़िश है। ईडी का इस्तेमाल कर एक राष्ट्रीय दल के संयोजक को ऐसे केस में गिरफ़्तार किया गया है, जिसमें दो साल की जांच के बाद भी एक रुपए की रिकवरी नहीं हुई है और न तो ईडी आज तक कोर्ट के सामने कोई भी सबूत दिखा पाई है। यह पूरी तरह राजनीति साज़िश है। आप नेता ने कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल की यह गिरफ्तारी सिर्फ़ और सिर्फ़ भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डर को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को यह लगता है कि देश में कोई एक नेता है जो उन्हें चुनौती दे सकता है तो उस नेता का नाम अरविंद केजरीवाल है। इसलिए भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी जी हर संभव कोशिश कर रहे है कि वह आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को कुचल दे। एक के बाद एक 'आप' के सभी शीर्ष नेताओं को झूठे आरोपों में भाजपा की राजनैतिक हथियार बन चुकी ईडी द्वारा गिरफ़्तार किया जा रहा है। सुश्री आतिशी ने भाजपा से कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल सिर्फ़ एक मुख्यमंत्री और एक नेता नहीं है, बल्कि श्री केजरीवाल एक विचार हैं, एक प्रेरणा है। श्री केजरीवाल वह व्यक्ति है जो अपनी आईआरएस की नौकरी छोड़ कर इस देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए सड़क पर उतर पड़े। उन्होंने कहा कि आज श्री केजरीवाल को चुनाव से ठीक पहले गिरफ़्तार किया गया है। उन्हें चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ़्तार किया है। एक केजरीवाल को गिरफ़्तार करेंगे तो हज़ारों केजरीवाल इस देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। भाजपा ने लोकतंत्र को कुचलने के लिए एक के बाद एक विपक्ष के सभी नेताओं को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ईडी-केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से डराकर-धमकाकर कंपनियों से इलेक्ट्रॉल बॉण्ड द्वारा हज़ारों करोड़ों की उगाही की गई। एक तरफ हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी होती है तो दूसरी तरफ़ कांग्रेस का बैंक अकाउंट फ्रीज होता है। ये आने वाले लोकसभा चुनावों की प्रभावित करने का तरीक़ा है। विपक्ष को ख़त्म करने का तरीक़ा है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063